सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.4 न्यू | 17.5 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 19.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78139.01 |
| निफ्टी | 23658.15 |
| सोना 77,560 | चांदी 90,071 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

Welcome 2025

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

HAPPY NEW YEAR

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 1 जनवरी 2025 | 18 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 14, कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने दी नववर्ष की बधाई

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नववर्ष 2025 के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि नववर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आएगा और हिमाचल प्रदेश विकास की नई बुलंदियां हासिल करेगा। सीएम ने कहा कि देवी-देवताओं और प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से हमने वर्ष 2024 की हर बाधा को पार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों के सहयोग से वर्तमान सरकार ने हर मुश्किल का सफलतापूर्वक सामना किया है। सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है।

### राष्ट्रपति यून के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**सियोल।** दक्षिण कोरिया की अदालत ने महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने व उनके कार्यालय की तलाशी लेने के लिए वारंट जारी किया है। उच्च पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने वाले कार्यालय ने बताया कि 'सियोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' ने इ वारंट जारी किया था।

### इनकम टैक्स फाइल करने की तिथि बढ़ी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिलेटेड इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दिया है। अब लेट फीस के साथ 15 जनवरी, 2025 तक आईटीआर भर सकते हैं। यदि किसी टैक्सपेयर ने पहले ही अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है, लेकिन बाद में पता चलता है कि इसमें गलतियां हैं, तो वे भी अब 15 जनवरी तक रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

### कोलकाता में 6.6 करोड़ की नकली दवाएं जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और औषधि नियंत्रण निदेशालय पश्चिम बंगाल ने कोलकाता में संयुक्त जांच के दौरान एक थोक कंपनी के परिसर से 6.6 करोड़ रुपए मूल्य की नकली दवाएं जब्त की हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जांच के दौरान थोक विक्रेता कंपनी की मालिक के रूप में एक महिला को गिरफ्तार किया है और उसे सीडीएससीओ, पूर्वी जोन के औषधि निरीक्षक ने हिरासत में लिया है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल प्रदेश की राजनीति में रही उथल-पुथल -पेज 2
- पंजाब जा रहे अवैध लकड़ी से भरे दो वाहन जब्त -पेज 7
- टैक्स चोरी करने पर विभाग ने तीन लाख किए वसूल -पेज 10
- हिमालय एक्सप्रेस व हॉलीडे स्पेशल ट्रेन बनी पर्यटकों की पसंद -पेज 14
- भारत 200 गीगावॉट क्षमता के साथ ऊर्जा क्षेत्र में शीर्ष पर -पेज 16


# मंदिरों में माथा टेककर न्यू ईयर का इस्तकबाल करेंगे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए देश-विदेश से बेशुमार पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचे हैं। हर जिला स्तर पर प्रशासन ने नाच-गाने से लेकर घर पहुंचने तक सभी तरह के इंतजाम किए हैं।

मंदिरों में दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रदेश के कई प्रमुख मंदिरों को 24 घंटे खुला रखा गया है। मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मां चिंतपूर्णी मंदिर में हाजिरी भरने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं, दियोटसिद्ध मंदिर में भी श्रद्धालु पहले से ही भारी संख्या में पहुंच गए थे। दियोटसिद्ध मंदिर रात भर खुला रहेगा और देररात तक लंगर की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर को 5 सेक्टरों में बांटा गया है। चिंतपूर्णी में मंगलवार को मां के दर्शनों के लिए लगी लाइनें पुराने बस स्टैंड तक पहुंच गईं। सुगम दर्शन प्रणाली से भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।



बजेश्वरी मंदिर

रंग-बिरंगे फूलों से मंदिरों को सजाया



दियोटसिद्ध मंदिर

# हिमाचल में समितियों के जरिए होगी दूध की डिजिटल खरीद

## सुक्खू बोले- दूध खरीद के लिए एमएसपी लागू करने वाला पहला राज्य बना हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रायोगिक आधार पर 8 से 10 समितियों में दूध खरीद का कार्य डिजिटल माध्यम से शुरू किया जाएगा। उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर दूध का परीक्षण करने व वेब और मोबाइल इंटरफेस के साथ वास्तविक समय डाटा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

दूध के कुशल परिवहन के लिए जीपीएस सक्षम रूट ट्रैकिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

सीएम ने मंगलवार को पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकार दूध के लाभकारी मूल्य प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है, जिसने दूध खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। किसानों से गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। इस क्रम को जारी रखते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए बजट 2025-26 में भी अनेक पहल की जाएंगी। किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए दूध की खरीद राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की व संग्रहण डाटा, मात्रा, गुणवत्ता और मूल्य निर्धारण के बारे में विवरण एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण से दूध खरीद में सुगमता और इसका निर्बाध संचालन सुनिश्चित होगा।



शिमला में आयोजित पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### सरकार करेगी छह नए मिल्क चिलिंग प्लांट और दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित

**सुक्खू** ने कहा कि राज्य सरकार 161.52 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश में छह नए मिल्क चिलिंग प्लांट और दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। कांगड़ा जिले के ढगवार में एक अत्याधुनिक पूर्ण स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसकी प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर दुग्ध प्रसंस्करण की क्षमता होगी, जिसे बढ़ाकर 3 लाख लीटर प्रतिदिन किया जा सकेगा। यह संयंत्र मार्च, 2026 में क्रियाशील हो जाएगा, जिससे कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और अन्य पड़ोसी जिलों के दुग्ध उत्पादकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने इन सभी परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दूध के उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और मौसम के आधार पर किसानों से दूध की उपलब्धता के बारे में अध्ययन करने के निर्देश दिए।

# हिमाचल में 3 दिन बारिश-बर्फबारी पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह

## ठंड का प्रकोप जारी, प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज साफ रहेगा मौसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में एक बार फिर बारिश-बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने 2 से 5 जनवरी तक बारिश-बर्फबारी का अनुमान जताया है। अभी प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। वहीं, मंगलवार को प्रदेशभर में धूप खिलने से हिम-स्खलन का खतरा बढ़ गया है।

अटल टनल रोहतांग, जलोड़ी दर्रा और लाहौल जाने वाले सैलानियों को सतर्क रहने के लिए कहा है। एक जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहने के आसार हैं। दो जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। एक जनवरी तक कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। प्रदेश में दिसंबर में सामान्य से 36 फीसदी अधिक बारिश हुई। पहली से 30 दिसंबर तक प्रदेश में 49.1 मिलीमीटर बारिश हुई। इस अवधि में 36.2 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया है।

### लाहौल-स्पीति में सामान्य से 7 फीसदी कम बारिश

**इस** साल दिसंबर में लाहौल-स्पीति में सामान्य से सात फीसदी कम बारिश हुई। बिलासपुर में सामान्य से 161, चंबा में 32, हमीरपुर में 174, कांगड़ा में 76, किन्नौर में 32, कुल्लू में 35, मंडी में 71, शिमला में 87, सिरमौर में 69, सोलन में दो और ऊना में 191 फीसदी अधिक बारिश हुई। इस वर्ष दिसंबर में शिमला में पांच दिन बारिश-बर्फबारी हुई। दो दिन शिमला शहर में बर्फबारी हुई और तीन दिन बारिश हुई। इससे पहले वर्ष 2019 में एक बार बर्फबारी और तीन दिन बारिश हुई थी।

### असम में अलकायदा का आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** असम के कोकराझार जिले से अलकायदा से जुड़े बांग्लादेशी आतंकी संगठन के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टॉस्क फोर्स ने (एसटीएफ) के अधिकारी ने बताया कि गाजी रहमान (35) अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) का सदस्य है, वह फरार चल रहा था।

असम एसटीएफ आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए राज्य में 'ऑपरेशन परघाट' चला रही है। अब तक आतंकी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# विकसित भारत के सपने को साकार करेगी सरकार: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देशवासियों को दीं नववर्ष की शुभकामनाएं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 2024 में हासिल उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक मेहनत करने व विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि 2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिन्हें इस वीडियो में बहुत ही शानदार ढंग से दर्शाया गया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि और स्वास्थ्य सुविधाओं, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास, अबू धाबी में पहले मंदिर और तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू करने को उजागर किया गया। पीएम ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# अब व्हाट्सऐप यूजर्स कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नेशनल** पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने 'व्हाट्सऐप पे' के लिए यूपीआई यूजर्स ऑनबोर्डिंग लिमिट को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

इस फैसले के साथ, अब 'व्हाट्सऐप पे' भारत में अपने पूरे यूजर बेस को यूपीआई सेवाएं प्रदान कर सकता है। यह बदलाव 'व्हाट्सऐप पे' के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इसे भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली में अपनी पहुंच बढ़ाने और उपयोगकर्ताओं को अधिक व्यापक सेवाएं देने में सक्षम बनाएगा। पहले एनपीसीआई ने 'व्हाट्सऐप पे' को चरणबद्ध तरीके से अपने यूपीआई यूजर बेस को बढ़ाने की अनुमति दी थी, लेकिन अब एनपीसीआई ने एक अधिसूचना जारी करते हुए 'व्हाट्सऐप पे' पर सभी यूजर ऑनबोर्डिंग लिमिट को पूरी तरह से हटा दिया है।




### यमन में भारतीय नर्स की फांसी को मंजूरी

**सना।** यमन में केरल की रहने वाली निमिशा प्रिया को कथित तौर पर एक यमन नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई है। यमन के राष्ट्रपति ने मौत की सजा को मंजूरी दे दी है। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि सरकार इस मामले में हरसंभव मदद मुहैया करा रही है। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। केरल की रहने वाली निमिशा पर यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या का आरोप है। निमिषा ने 2017 में महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर मार दिया था। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। निमिशा को एक महीने के अंदर सजा दी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने को 3 दिन का समय दिया

## पंजाब सरकार बोली- किसान नेता डल्लेवाल बातचीत के लिए तैयार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**खनौरी** बॉर्डर पर 36 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करवाने के लिए पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से 3 दिन की मोहलत मिल गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बैंच ने सुनवाई की।

पंजाब सरकार ने कहा कि सोमवार को पंजाब बंद था, जिस वजह से ट्रैफिक नहीं चला। इसके अलावा एक मध्यस्थ ने भी आवेदन दिया है, जिसमें कहा कि अगर यूनियन हस्तक्षेप करती है तो डल्लेवाल बातचीत के लिए तैयार हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के समय मांगने के आवेदन को मंजूर कर लिया। इस अवमानना मामले की अगली सुनवाई अब 2 जनवरी को होगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 28 दिसंबर की सुनवाई में पंजाब सरकार को 31 दिसंबर तक का टाइम दिया था। पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया गया है कि वे सुनवाई के दौरान डिजिटल माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। इससे पहले 28 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने डल्लेवाल को अस्पताल नहीं भेजने के कारण पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी।



### पीएफ धोखाधड़ी के मामले में उथप्पा के अरेस्ट वारंट पर रोक



**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। यह अरेस्ट वारंट उस कंपनी के कर्मचारियों को धोखा देने के आरोप में जारी किया है, जिसमें वे ईपीएफ का पैसा न देकर भागीदार थे। न्यायमूर्ति सूरज गोविंदा राजू की पीठ ने रॉबिन उथप्पा की याचिका पर सुनवाई की। उथप्पा सेंचुरीज लाइफ-स्टाइल ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में भागीदार थे। हालांकि उन्होंने 2020 में अपने भागीदार पद से इस्तीफा दे दिया था।

**व्यवस्था** 2025 में 10 बड़े बदलाव, रोजमर्रा की जिंदगी, तकनीक, शिक्षा और आर्थिक मामलों पर डालेंगे गहरा असर

# नए साल के साथ नई उम्मीदें और नए नियम

साल 2024 को अलविदा कहते हुए वर्ष 2025 का स्वागत एक नई शुरुआत के साथ होने वाला है। आमजन को देश में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे, जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी, तकनीक, शिक्षा और आर्थिक मामलों पर गहरा असर डालेंगे। ये हैं 10 बड़े बदलाव, जो 2025 को खास बनाएंगे...

### पेंशनधारकों को बड़ी राहत



**नए** साल में पेंशनधारकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। 1 जनवरी, 2025 से पेंशन निकालने के लिए आपको बैंक शाखा के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। अब किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे।

### यूपीआई पेमेंट लिमिट दोगुनी

**यूपीआई** ट्रांजेक्शन में सुविधा बढ़ने वाली है। वर्तमान में फीचर फोन से यूपीआई पेमेंट की सीमा 5000 रुपए है, लेकिन 2025 में यह सीमा 10,000 रुपए हो जाएगी। डिजिटल लेन-देन को और सशक्त बनाने की दिशा में यह कदम अहम होगा।



### किसानों को बिना गारंटी लोन

**कृषि** क्षेत्र में भी खुशखबरी है। पहली जनवरी से किसान बिना गारंटी के दो लाख रुपए तक का लोन ले सकेंगे। इससे छोटे और सीमांत किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।



### कॉलिंग रिचार्ज में नया विकल्प

**नए** साल में टेलीकॉम कंपनियां डाटा पैक से अलग केवल कॉलिंग और एसएमएस रिचार्ज का विकल्प देंगी। अब हर रिचार्ज में डाटा प्लान लेना अनिवार्य नहीं होगा।



### गाड़ियों की कीमतों में बढ़ोतरी

**ऑटोमोबाइल** कंपनियां 1 जनवरी 2025 से गाड़ियों की कीमतें 2-3 तक बढ़ाने जा रही हैं। मारुति, टाटा, और अन्य ब्रांड्स ने मटेरियल कॉस्ट में बढ़ोतरी को इसका कारण बताया है।



### शिक्षा और कोचिंग में सख्ती



शिक्षा व्यवस्था में 2025 से नए नियम लागू होंगे। 5वीं और 8वीं के छात्र यदि फेल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, कोचिंग सेंटर अब केवल 16 साल से अधिक उम्र के छात्रों को एडमिशन देंगे।

### पुराने फोन पर नहीं चलेगा व्हाट्सऐप

**टेक्नोलॉजी** में बदलाव के साथ व्हाट्सऐप पुराने फोन में काम करना बंद कर देगा। एंड्रॉयड 4.4 या उससे पुराने वर्जन वाले डिवाइस 1 जनवरी से इस सेवा का उपयोग नहीं कर पाएंगे।




### देश में रहकर मिलेगी विदेशी डिग्री

**अब** भारतीय छात्र विदेश गए बिना विदेशी डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। भारतीय और विदेशी विश्वविद्यालय मिलकर साझा कोर्स शुरू करेंगे, जो लाखों छात्रों के सपनों को नई उड़ान देगा।



### टैक्स और गैस सिलेंडर के दाम में बदलाव

**पहली** अप्रैल से आयकर और आयात-निर्यात कर में बदलाव की संभावना है। इसके अलावा, घरेलू और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के नए दाम भी लागू हो सकते हैं।




### क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव

**भारतीय** क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। वहीं, आईपीएल में विराट कोहली आरसीबी की कप्तानी वापस ले सकते हैं। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह साल बेहद रोमांचक रहेगा।



# केजरीवाल ने किया पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास स्थित मरघट वाले बाबा मंदिर के पुजारी का पंजीकरण करने के साथ ही दिल्ली सरकार की पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की शुरुआत की।

फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले घोषित इस योजना के तहत केजरीवाल ने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की सत्ता में दोबारा लौटती है तो सभी हिंदू मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपए का मासिक मानदेय दिया जाएगा।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि मैं मरघट बाबा के मंदिर (आईएसबीटी) में गया और पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना आरंभ की। आज यहां महंत जी का जन्मदिन है। मैंने उनके साथ उनका जन्मदिन भी मनाया।

# मोदी तीसरी बार बने प्रधानमंत्री

19 अप्रैल से 1 जून 2024 के बीच सात चरणों में आम चुनाव 2024 के लिए मतदान हुआ। ये मतदान इस साल की बड़ी राजनीतिक घटनाओं में से एक है।

इस बार के चुनावी नतीजे चौंकाने वाले रहे। एक तरफ जहां एनडीए 'अबकी बार, 400 पार' का नारा देकर चुनावी समर में उतरी थी, वहीं दूसरी तरफ एनडीए को हराने के लिए विपक्षी दलों ने विपक्षी गठबंधन बनाया।

चुनावी नतीजे सामने आए तो एनडीए 400 के आंकड़े तक नहीं पहुंच सकी, लेकिन नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। वहीं विपक्षी दलों को भी लोकसभा चुनाव में कुछ सीटों पर बढ़त मिली।



## हेमंत सोरेन को जेल



**झारखंड** मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए साल 2024 काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। साल 2024 उनके लिए एक करारा झटका लेकर आया। उन्हें जनवरी में ही कथित घोटाले के केस में जेल में डाल दिया गया। इसके बाद चंपई सोरेन को झारखंड का सीएम बना दिया गया। हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिली और उन्होंने दोबारा झारखंड के सीएम का पद संभाला। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान चंपई सोरेन झामुमो छोड़ भारतीय जनता पार्टी के साथ चले गए। हालांकि इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो ने एक बार फिर जीत दर्ज की और हेमंत सोरेन झारखंड के सीएम बने।

## राहुल गांधी की यूपी में वापसी



**लोकसभा** चुनाव 2024 कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए बेहद खास रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जहां राहुल गांधी को यूपी के अमेठी लोकसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार के लोकसभा चुनाव 2024 में उन्होंने रायबरेली में वापसी की है।

दरअसल, लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी को अमेठी सीट पर हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि वायनाड लोकसभा सीट पर उन्हें जीत मिली थी। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 में उन्होंने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की और रायबरेली की सीट से सांसद रहने का चयन किया।

## सिक्किम विधानसभा में विपक्ष खत्म

**सरकार** के कामकाज पर नजर बनाए रखने के लिए विपक्ष का होना जरूरी होता है। हालांकि, जब सदन में विपक्ष का एक भी विधायक ही नहीं हो तो ये कितनी अजीब परिस्थिति है। ऐसा ही कुछ सिक्किम में देखने को मिला। सिक्किम विधानसभा में विपक्ष का कोई भी विधायक नहीं है। 32 सीटों वाली सिक्किम विधानसभा में सभी विधायक एक ही दल के हैं। हाल ही में दो सीटों पर हुए उपचुनाव में भी सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने निर्विरोध जीत दर्ज की।

## नवीन पटनायक की हार



**इस** साल ओडिशा में भी विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ओडिशा की राजनीति में महानायक कहे जाने वाले नवीन पटनायक के दल को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी के शानदार जीत हासिल करते हुए राज्य में सरकार बनाई, लेकिन दशकों से सत्ता पर काबिज नवीन पटनायक को सरकार से बाहर जाना पड़ा। ओडिशा विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी 51 सीटों पर सिमट गई, जबकि भाजपा को 78 सीटें मिलीं, जिससे पटनायक का 24 साल का शासन समाप्त हो गया।

## अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा



**तिहाड़** जेल से बाहर लेने के बाद आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक ऐसा फैसला लिया, जिसके बारे में किसी ने सोचा तक नहीं रहा होगा। जेल से बाहर निकलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफे का ऐलान कर दिया। केजरीवाल ने 17 सितंबर को इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देते हुए कसम खाई कि दिल्ली के लोग उन्हें क्लीन चिट दे देंगे तभी वह सीएम का पद स्वीकार करेंगे।

## आतिशी बनीं दिल्ली की सीएम



**एक** नाटकीय घटनाक्रम में अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। इस घटना के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई। वहीं दिल्ली का सीएम कौन होगा, इसपर सभी की नजरें टिकी हुई थीं। माना जा रहा था कि मनीष सिसोदिया को दिल्ली के सीएम पद की कमान सौंपी जा सकती है, लेकिन अरविंद केजरीवाल के साथ ही मनीष सिसोदिया ने भी सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच पार्टी के विधायकों की बैठक में आतिशी का नाम दिल्ली के सीएम पद के लिए आगे लाया गया और इसपर सभी ने अपनी सहमति भी जताई।

## प्रियंका गांधी का चुनावी पदार्पण



**नेहरू-गांधी** परिवार की एक अन्य सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस साल राजनीतिक में सक्रिय रूप से पदार्पण किया। लोकसभा चुनाव 2024 में रायबरेली और वायनाड दोनों लोकसभा सीटों पर जीत के बाद राहुल गांधी ने वायनाड सीट को छोड़ दिया था और रायबरेली से सांसद बने रहे। इसके बाद से वायनाड की सीट खाली रही। वहीं अब वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी को वायनाड सीट से प्रत्याशी के तौर पर उतारा। इस उपचुनाव में प्रियंका गांधी ने 64.99 प्रतिशत वोट प्रतिशत के साथ जीत हासिल की और पहली बाद संसद पहुंचीं।

## डोनाल्ड ट्रंप की वापसी



**2024** में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हुए। डोनाल्ड ट्रंप ने इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इलेक्टोरल कॉलेज में ट्रंप को 295 और कमला हैरिस को 226 वोट मिले। 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। 2020 की तुलना में भी ट्रंप ने युवाओं के बीच भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इनकम टैक्स कम करने का एलान और इमीग्रेशन का मुद्दा ट्रंप की जीत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## तिरुपति मंदिर में लड्डू विवाद



**2024** में आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डू में मिलावट का मामला सामने आया। आरोप लगा कि प्रसाद को बनाने में जिस मिलावटी घी का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह जानवरों की चर्बी और फिश ऑयल से बना था। विवाद की जड़ें पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी तक पहुंचीं।

## बांग्लादेश में छात्र आंदोलन



**1971** में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले लोगों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी का कोटा दिया जाता था। इसी के विरोध में बांग्लादेश में छात्रों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था। धीरे-धीरे ये प्रदर्शन हिंसक झड़प में बदल गया। बाद में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा

## सीरिया में तख्तापलट



**सीरिया** लंबे वक्त से गृह युद्ध से जूझ रहा था। राष्ट्रपति बशर अल असद के खिलाफ कई गुट सीरिया में लड़ाई लड़ रहे थे। 27 नवंबर विद्रोही गुट ने शहरों पर कब्जा करना शुरू किया और अपनी पकड़ मजबूत की। इसके बाद मुख्य गुट हयात तहरीर अल-शाम ने बशर अल असद को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया और सीरिया में तख्तापलट हुआ।



**राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा।** 2019 में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में लंबे वक्त से चला आ रहा राम जन्मभूमि-बाबरी विवाद समाप्त हो गया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया और 22 जनवरी 2024 को मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कर दी गई।

# हिमाचल प्रदेश की राजनीति में रही उथल-पुथल

**साल** 2024 हिमाचल प्रदेश के लिए उथल-पुथल भरा रहा। कांग्रेस सरकार पर सियासी संकट आया। कांग्रेस के 6 विधायक बागी हो गए। 3 निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार का साथ छोड़ दिया। इससे बहुमत के बावजूद कांग्रेस राज्यसभा चुनाव तो हार गई। मगर, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के फैसले से सरकार बच गई। इसी तरह 6 मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) के कारण भी सरकार को झटका लगा। समर सीजन में गर्मी ने 123 साल का रिकॉर्ड तोड़ बरसात आई तो आपदा ने भी खूब तबाही मचाई। इसके बाद कांग्रेस सरकार के समोसा कांड की सीआईडी जांच, जंगली मुर्गा, टॉयलेट टैक्स और आर्थिक संकट की वजह से खूब किरकिरी हुई।

## राज्यसभा चुनाव हारी कांग्रेस सरकार

**हिमाचल** प्रदेश में 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव हुए। 68 सीटों वाली विधानसभा में 40 विधायक और 3 निर्दलीय के समर्थन के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी राज्यसभा चुनाव हार गए। इन चुनाव में कांग्रेस के 6 विधायकों समेत 3 निर्दलीय विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को क्रॉस वोट दिया। इससे दोनों प्रत्याशियों को 34-34 वोट मिले। बाद में लॉटरी सिस्टम से भाजपा के हर्ष महाजन राज्यसभा के सांसद चुने गए।

## सुक्खू सरकार पर आया सियासी संकट

**कांग्रेस** के 6 बागी विधायकों के भाजपा प्रत्याशी को वोट डालने से सुक्खू सरकार पर सियासी संकट आ गया। क्योंकि 28 फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पारित करना था। इसे पारित करने को 35 विधायक जरूरी थे। इस बीच विधानसभा में हंगामा हुआ। भाजपा के 15 विधायकों पर आरोप लगे कि इन्होंने स्पीकर चेयर पर कागज फेंके और मार्शल के साथ मारपीट की। इस पर स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने नियमों का हवाला देते हुए भाजपा के 15 विधायकों को बजट सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया। इससे सुक्खू सरकार ने आसानी से बजट पारित करवा दिया।

## 4-0 से लोकसभा चुनाव जीती भाजपा

**पहली** जून को हिमाचल में 4 लोकसभा सीटों के साथ साथ 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। लोकसभा में भाजपा ने चार-0 से चुनाव जीता, जबकि विधानसभा उप चुनाव में 6 में से 4 सीटें कांग्रेस ने जीती।

## एक ही रात में 53 लोगों की मौत

**सियासी** उथल-पुथल के बाद 31 जुलाई की आधी रात श्रीखंड में बादल फटा। इसका पानी तीन अलग-अलग जगह गया। इससे सबसे बड़ी तबाही रामपुर से समेज गांव में हुई। जहां गांव से 36 लोग पानी के तेज बहाव में बह गए। इनमें से 23 लोगों का आज तक सुराग नहीं लग पाया, जबकि 13 लोगों के क्षत-विक्षत हालत में 21 दिन तक सर्च ऑपरेशन में शव मिले। इसी रात को मंडी जिला के रामबन गांव में दो परिवारों के 10 लोगों की घर टूटने के बाद दबने से मौत हो गई। इसी रात को कुल्लू के बागीपुल में एक ही परिवार के 5 लोग बाढ़ में बह गए। उसी रात में श्रीखंड यात्रा पर जा रहे 2 अन्य श्रद्धालुओं की भी बाढ़ की चपेट में आने से मौत हो गई। यानी एक ही रात में 53 लोगों की बाढ़ की चपेट में आने से मौत हो गई।

## शिमला का मस्जिद विवाद चर्चा में रहा



संजौली मस्जिद विवाद पूरे देश में सुर्खियों में रहा। दरअसल, 31 अगस्त को शिमला के मैहली में 2 गुट भिड़े। इसके आरोपी संजौली मस्जिद के गिरफ्तार किए। 1 सितंबर को संजौली मस्जिद के बाहर लोगों का प्रदर्शन किया। 5 सितंबर को दोबारा संजौली और चौड़ा मैदान में प्रदर्शन किया गया, 11 सितंबर को संजौली में हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन किया।

इसकी चिंगारी पूरे प्रदेश में भड़क गई, सोलन, मंडी, सिरमौर और कुल्लू जिलों में भी अलग-अलग जगह हिंदू संगठनों ने मस्जिद के खिलाफ प्रदर्शन किया। 12 सितंबर को संजौली मस्जिद कमेटी ने खुद मस्जिद का अवैध हिस्सा तोड़ने की पेशकश की। 13 सितंबर को वक्फ बोर्ड ने भी खुद हटाने का हलफनामा नगर निगम आयुक्त को दिया। इसके बाद मामला थोड़ शांत हुआ।

## सीपीएस हटाने से सरकार को झटका

**हिमाचल** हाईकोर्ट ने 13 नवंबर को मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बनाए 6 मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) को हटाने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने सीपीएस की नियुक्तियों को असंवैधानिक बताया। इसके साथ सभी सीपीएस की सारी सरकारी सुविधाएं तुरंत प्रभाव से वापस लेने का आदेश दिए।

## समोसा कांड की वजह से हुई खूब बदनामी

**प्रदेश** में नवंबर महीने में मुख्यमंत्री का समोसा कांड खूब सुर्खियों में रहा। दरअसल, सीएम सुक्खू, 21 अक्तूबर को पुलिस मुख्यालय एक कार्यक्रम में गए थे। उस दिन सीआईडी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के लिए समोसे व गुलाब जामुन ऑर्डर किए। मगर जब सीएम आए तो इन्हें सीएम के बजाय उनके स्टाफ को परोस दिया गया, क्योंकि सीएम के मेन्यू में समोसा और गुलाब जामुन शामिल नहीं था। सीआईडी अधिकारियों ने इसकी जांच करवाई। रिपोर्ट में इस गलती को सरकार विरोधी कृत्य बताया। इस पर पूरे देश में बवाल मच गया और कांग्रेस सरकार बैकफुट पर आ गई।

## टॉयलेट टैक्स पर घिरी सुक्खू सरकार

**कांग्रेस** सरकार ने 21 सितंबर को टॉयलेट टैक्स से जुड़ी एक नोटिफिकेशन जारी किया। भाजपा ने इसे हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी बड़ा मुद्दा बनाया। हालांकि यह टैक्स पूर्व जयराम सरकार में भी लगाया गया था। मगर जिस तरह अधिकारियों ने नोटिफिकेशन जारी किया, उससे सरकार बैकफुट पर आ गई और बुरी तरह घिरी।

## जंगली मुर्गा कांड भी सुर्खियों में रहा


**13** दिसंबर को हिमाचल सीएम शिमला जिला के दुर्गम क्षेत्र चौपाल के नेरवा गए। रात में वह टिक्करी गांव में रुके। स्थानीय लोगों ने रात में डिनर में उन्हें जंगली मुर्गा ऑफर किया। वीडियो में सीएम सुक्खू यह बात खुद कह रहे हैं। जैसे ही इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, इससे भी पूरे प्रदेश में बवाल मच गया और कांग्रेस सरकार की खूब किरकिरी हुई।

## एसपी इल्मा भी सुर्खियों में रही

**आईपीएस** अधिकारी इल्मा अफरोज के कारण भी कांग्रेस सरकार की खूब किरकिरी हुई। दरअसल, 7 और 8 नवंबर को शिमला में सीएम ने सभी जिलों के डीसी एवं एसपी की मीटिंग ली। 7 नवंबर को इस मीटिंग से लौटने के बाद एसपी बद्दी इल्मा रातों रात मां के साथ यूपी में स्थित अपने गांव चली गई।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज

अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का मामला सामने आया था। घटना के आरोपी संजय रॉय को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। वहीं कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष पर भी शिकंजा कसा गया था।




# सिने जगत : जब अल्लू अर्जुन हुए गिरफ्तार और इधर... 'इमरजेंसी' बनी सुर्खियां

## पूनम की मौत की अफवाह



**फरवरी** में पूनम पांडे की टीम ने 'सर्वाइकल कैंसर' से उनकी 'मौत' की खबर फैलाई, जो झूठी खबर निकली। इस तरह के 'स्टंट' में माहिर अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडेय ने सफाई दी कि यह 'सर्वाइकल कैंसर' के बारे जागरूकता फैलाने के बारे में एक कोशिश थी। हालांकि लोगों ने यह कहकर नाराजगी जाहिर कि उन्होंने 'पब्लिसिटी स्टंट' के लिए एक गंभीर मुद्दे का इस्तेमाल किया।

**हेमा समिति की रिपोर्ट।** अगस्त में, मलयालम सिनेमा न्यायमूर्ति हेमा समिति की विस्तृत रिपोर्ट के खुलासे के बाद हिल गया। रिपोर्ट में मलयालम सिनेमा उद्योग में महिलाओं के व्यापक और लगातार उत्पीड़न एवं शोषण की घटनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया था। रिपोर्ट में किए गए खुलासे के मद्देनजर अभिनेता सिद्दीकी, जयसूर्या, केरल राज्य चलचित्र अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रंजीत और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक और अभिनेता एम मुकेश सहित कई बड़ी हस्तियों के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की गई।

**कोल्डप्ले और दिलजीत दोसांझ के शो।** अक्तूबर में प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि उसने ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के संगीत कॉन्सर्ट्स के टिकटों की 'कालाबाजारी' की जांच के लिए धन शोधन मामले में छापेमारी के बाद कॉन्सर्ट्स के टिकटों की बिक्री को लेकर कथित अनियमितताएं पाई हैं। दोसांझ ने विभिन्न राज्य सरकारों पर आरोप लगाकर भी सुर्खियां बटोरीं कि उन्होंने उन्हें अपने चल रहे 'दिल-लुमिनाती इंडिया टूर 2024' में अपने संगीत समारोहों में शराब, ड्रग्स और हिंसा से संबंधित गाने गाने से बचने का निर्देश दिया है।

## अल्लू अर्जुन थियेटर भगदड़ मामला

**तेलुगु** अभिनेता अल्लू अर्जुन को इस महीने की शुरुआत में हैदराबाद के संध्या थियेटर में 'पुष्पा-2 द रूल' के प्रीमियर के दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया था। प्रीमियर के दौरान मची भगदड़ में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका आठ वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। अभिनेता की एक झलक पाने के लिए प्रशंसक थियेटर में उमड़ पड़े और भगदड़ मच गई। अल्लू अर्जुन फिलहाल अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।




**कपिल शर्मा द्वारा विवादित टिप्पणी।** इस महीने की शुरुआत में कॉमेडियन कपिल शर्मा नेटफ्लिक्स पर आने वाले शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में 'जवान' फिल्म के निर्देशक की उपस्थिति के दौरान एटली की त्वचा के रंग का कथित तौर पर मजाक उड़ाने के कारण मुश्किल में पड़ गए थे। तीखी प्रतिक्रिया के बीच शर्मा ने अपनी टिप्पणी का बचाव किया और लोगों से सोशल मीडिया पर नफरत न फैलाने का अनुरोध किया।

**नयनतारा-धनुष विवाद:** पिछले महीने एक खुले पत्र में नयनतारा ने धनुष पर निशाना साधा। धनुष ने नयनतारा को लेकर 2015 में तमिल फिल्म 'नानौम रोउडी धान' बनाई थी। नयनतारा ने आरोप लगाया कि धनुष ने उनकी नेटफ्लिक्स डॉक्युमेंट्री 'नयनतारा- बियॉन्ड द फेरी टेल' में उनकी फिल्म के फुटेज का उपयोग करने की अनुमति देने से मना कर दिया। उन्होंने धनुष की आलोचना की क्योंकि उन्होंने फिल्म के ट्रेलर के ऑनलाइन रिलीज होने के बाद 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करते हुए उन्हें कानूनी नोटिस भेजा था। नयनतारा के पत्र को श्रुति हासन, पार्वती, ऐश्वर्या राजेश और नज्रिया नाजिम सहित कई कलाकारों का समर्थन मिला।

## इमरजेंसी की रिलीज में देरी




**कंगना** रनौत की इस फिल्म की रिलीज की तारीख कई बार टाली गई क्योंकि इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी नहीं मिली थी। कई सिख संगठनों द्वारा निर्माताओं पर समुदाय को गलत तरीके से पेश करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप लगाने के बाद यह विवाद में फंस गई थी। फिल्म अब 17 जनवरी को रिलीज होने वाली है।

## 'ऑस्कर' में 'लापता लेडीज'

**'ऑस्कर** 2025' में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'ऑल वी इमैजिन एस लाइट' की जगह 'लापता लेडीज' का चयन किए जाने को लेकर सोशल मीडिया के कुछ उपयोगकर्ताओं ने 'फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया' को खूब खरीखोटी सुनाई। यह फिल्म कान्स फिल्म फेस्टीवल में ग्रांप्री जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म है।




## दर्शन और रेणुकास्वामी हत्या

**कन्नड़** अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को जून में उनके प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। प्रशंसक ने अभिनेता की सहयोगी पवित्रा गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। दर्शन, गौड़ा और सात अन्य को हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जमानत दी थी।

## आईसी 814 : द कंधार हाईजैक

**नेटफ्लिक्स** पर आई यह सीरीज उस समय सुर्खियों में आई जब सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने दावा किया कि इस सीरीज में 1999 के कंधार हाईजैक की घटना में शामिल आतंकवादियों की असली धार्मिक पहचान को छिपाया गया है। बाद में विमान को हाईजैक करने वालों के वास्तविक नाम और कोड शामिल किए।



## हर हाथ अनंत ज्ञान


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धर्मशाला के तपोवन में दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' की परियोजनाओं की जानकारी देते सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत, हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया, साथ हैं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार व वरिष्ठ पत्रकार वासुदेव।


पूर्व सीएम जयराम ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार का अवलोकन करते हुए।


सांसद अनुराग ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार का अवलोकन करते हुए।



बिलासपुर की गोबिंदसागर झील किनारे दैनिक अखबार अनंत ज्ञान का पहला अंक पढ़ता युवक।

## ऊना में अनंत ज्ञान ने प्रदेश की 30 से ज्यादा हस्तियों को दिया शिखर सम्मान





नन्ही कलाकार आश्वी












समारोह में मुख्यातिथि डॉ. राकेश अग्निहोत्री को सम्मानित करते एमडी डॉ. दिलीप धाकड़, साथ हैं विधायक विवेक शर्मा व सुदर्शन बबलू।

## हमीरपुर में अनंत ज्ञान की वर्षगांठ पर रक्तदान



## ऊना में अनंत ज्ञान की वर्षगांठ पर रक्तदान



## दून के विधायक रामकुमार चौधरी की प्रेस विजिट



## सरोकार : अनंत ज्ञान की वर्षगांठ पर नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड में स्वच्छता अभियान





दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र की वर्षगांठ पर अखबार का अवलोकन करते आरएस बाली।

## बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल की प्रेस विजिट



## ऊना के विधायक सतपाल सत्ती की प्रेस विजिट




कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की प्रेस विजिट


धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर की प्रेस विजिट





## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।









**अजय पाल**
वरिष्ठ संवाददाता
अनंत ज्ञान
मो. 89881-85425

**नववर्ष 2025**
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**ओम प्रकाश राणा**
सहायक अभियंता विद्युत विभाग उपमंडल चढियार






**संपूर्ण कटोच**
Wine Contractor








**राजेश राणू**
भाजपा जिला महामंत्री



सुखविंदर सिंह सुक्खु
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.



मुकेश अग्निहोत्री
माननीय उप मुख्यमंत्री हि.प्र.






**यादविंदर गोमा**
आयुष, खेल, युवा सेवाएं एवं कानून मंत्री हि.प्र.

Happy New Year 2025 Happy New Year 2025 Happy New Year 2025

# नववर्ष 2025
**की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**









**जसवंत ढडवाल**



**संजीव राणा**
सरकारी ठेकेदार



**कुलवंत डोगरा**
प्रोपः कुलवंत हार्डवेयर स्टोर तिनवड़

**यादविंदर गोमा**
आयुष, खेल, युवा सेवाएं एवं कानून मंत्री हि.प्र.



**ज्ञान चंद डोगरा**
प्रधान ग्राम पंचायत कैलाशपुर



**जय चंद**
प्रधान ग्राम पंचायत मकोल



**कुलवंत सिंह**
प्रधान ग्राम पंचायत भुआणा



**नरेन्द्र कौर**
प्रधानाचार्य जीएसएस मकोल



**सुनील मेहरा**
एम डी धार सी. से. पब्लिक स्कूल कैलाशपुर



**दीप सिंह (दीपू)**
सरकारी ठेकेदार



**आर के रिंकू**
सरकारी ठेकेदार



**हेम राज कौंडल**
अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल जयसिंहपुर



**प्रकाश चंद**
उप प्रधान ग्राम पंचायत भुआणा




Happy New Year 2025 Happy New Year 2025 Happy New Year 2025

## न्यूज ब्रीफ

### एयरपोर्ट मसले पर सुनवाई अब दो जनवरी को

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार की सुनवाई अब दो जनवरी को होगी। जानकारी देते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज नए जस्टिस गुरमीत सिंह सधावालिया नियुक्त हुए हैं जिस कारण वह आज एयरपोर्ट का मामला नहीं देख सके। जिस पर माननीय न्यायालय ने अब अगली सुनवाई दो जनवरी को रखी है।

### रैहन बाजार में चला विभाग का पीला पंजा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते कस्बा रैहन के बाजार में मंगलवार को लोकनिर्माण विभाग द्वारा पीला पंजा चलाया गया। जिसके तहत रैहन बाजार में रेहड़ी-फड़ी लगाने बालों व सड़कों पर कब्जा जमाने बाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं इस बारे जानकारी देते हुए लोकनिर्माण विभाग उपमंडल रैहन में कार्यरत सहायक अभियंता मिस्टर अमित ने बताया रैहन बाजार में कब्जाधारकों को विभाग द्वारा कई बार कब्जा हटाने के नोटिस दिए गए थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट-माधोपुर रेल सेक्शन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से सोमवार-मंगलवार की अर्धरात्रि एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सन्नी कश्यप (42) निवासी गांव व डाक घर बिलावार, जिला कठुआ (जेएंडके) का रहने वाला है। मृतक अविवाहित था जो फोटोग्राफी का काम करता था। बताया जा रहा है कि मृतक सोमवार की रात को करीब माधोपुर स्थित अपने ननिहाल आया हुआ था। इसी बीच वह वापस जाने के लिए निकला कि सुबह उसका शव माधोपुर रेलवे स्टेशन से करीब 400 मीटर रावी ब्रिज से पहले रेलवे लाइन के किनारे मिला। प्रथम दृष्टि में ऐसा लगता है कि सन्नी ने शायद ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश की है परंतु वह चढ़ नहीं पाया। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

### नशे के सौदागरों की संपत्ति पर चला बुलडोजर

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला कांगड़ा के फतेहपुर की पंचायत गोलवां में नशे के सौदागर की अवैध संपत्ति के खिलाफ प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया है। गोलवां निवासी नीरज कुमार उर्फ कोबरा के बार-बार नशा तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर कोर्ट के आदेशानुसार प्रशासन व पुलिस ने एसडीएम की मौजूदगी में मकान पर जेसीबी चला दी। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बताया कि प्रशासन व जिला पुलिस ने नशा तस्कर के मकान को कोर्ट के आदेशों पर जेसीबी लगाकर कुछ हिस्से को हटाया गया है। जब कि बाकी सारे मकान को सीज कर लिया गया है।

### अवैध मछली बिक्री पर 7 मामले किए दर्ज

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** मत्स्य पालन विभाग पालमपुर मण्डल द्वारा कोटला बाजार में अवैध मछली बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 7 मामले पकड़े। विभाग में पकड़ी गई मछली की नीलामी की जिससे 700 रुपए की राशी प्राप्त हुई। यह कार्रवाई मत्स्य विभाग द्वारा रूटीन में अवैध मत्स्य शिकार और बिकी पर निगरानी रखने के अभियान के तहत की है। डॉ. राकेश कुमार सहायक निदेशक मत्स्य पालमपुर द्वारा बताया गया कि मत्स्य विभाग मण्डल पालमपुर द्वारा जिले में विभागीय निगरानी व जांचों के परिणामस्वरूप 31 दिसम्बर 2024 तक कुल 49 मामले पकड़े गए है। इन अवैध मछली पकड़ने और विकी मामलों में विभाग ने 25,400 रुपए का राजस्व सरकारी खजाने में जमा किया है। इसके अतिरिक्त 1910 रुपए की कीमत वाली मछलियों की नीलामी की गई है।

### आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया नववर्ष का स्वागत



**शिवम शर्मा, परागपुर।** आदर्श विद्यालय प्रागपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा नववर्ष 2025 का एक अनोखे और रचनात्मक तरीके से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने अद्वितीय उत्साह और समर्पण दिखाते हुए 'वेलकम 2025' का आकार बनाया। यह आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता का प्रमाण है, बल्कि टीम वर्क और समर्पण का भी प्रतीक है।

# नववर्ष–2025 : सुबह 5 बजे खुलेंगे कांगड़ा जिले के शक्तिपीठ के कपाट

## मंदिरों में विशेष तैयारियां, माता का होगा गुणगान और लगेगी चौकी

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

नए साल 2025 को लेकर कांगड़ा जिले के शक्तिपीठ ज्वालामुखी, बज्रेश्वरी और चामुंडा मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। तीनों शक्तिपीठों के कपाट प्रात: 5 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। शक्तिपीठों में हवन–यज्ञ के साथ श्रद्धालु माता के दर्शन कर पाएंगे। श्री बज्रेश्वरी देवी कांगड़ा मंदिर में नववर्ष पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां पुलिस द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को लाइनों में माता के दर्शन करवाए जाएंगे। श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण कर सकेंगे। इसके लिए मंदिर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मंदिर के वरिष्ठ पुजारी पंडित राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि नए वर्ष पर भारी संख्या में लोग मंदिर में दर्शनों के लिए आते हैं। श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम व मंदिर के कपाट पांच बजे खुल जाएंगे। श्रद्धालु सुबह 5 बजे से मां चामुंडा तथा नंदीकेश्वर धाम के दर्शन कर सकेंगे। हर वर्ष की भांति नए साल के लिए स्वागत के लिए मंदिर को रंग–बिरंगे फूलों और गुब्बारों से सजाया जाएगा। मंदिर में बाहरी प्रदेशों से आने वाले वाहनों को पार्क करने की भी विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि जाम लगने की नौबत न आए। चामुंडा मंदिर प्रशासन द्वारा नए साल को लेकर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इस पर प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा।

ज्वालामुखी में नववर्ष पर सुबह पांच बजे मंदिर कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं और लोगों को पवित्र ज्योतियों के दर्शन करवाए जाएंगे। आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए गर्भ गृह खोला जाएगा। ज्वालामुखी मंदिर में 31 दिसंबर व एक जनवरी के लिए डीएसपी ज्वालामुखी को अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



"श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर निगरानी रखी जाएगी और सीसीटीवी से भी असमाजिक तत्वों पर नजर रहेगी। नए साल में श्रद्धालुओं को शक्तिपीठों में दर्शनों के दौरान दिक्कतें न आए इसलिए सहायता कक्ष भी बनाए गए हैं। दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालु यहां से जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।"
-शालिनी अग्निहोत्री, एसपी कांगड़ा

# गोशाला कुंडन की दुर्दशा पर विधायक और सरकार जिम्मेदार : त्रिलोक कपूर



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

गोशाला कुंडन की दुर्दशा के जिम्मेदार स्थानीय विधायक और उनकी सरकार है। यह आरोप भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं 2022 में रहे भाजपा के प्रत्याशी त्रिलोक कपूर ने कुंडन में पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय जनता के साथ गो शाला की दयनीय स्थिति का मुआइना करने उपरांत से पत्रकारों से बातचीत करते हुए लगाया।

उन्होंने कहा कि यह पालमपुर क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से भाजपा की सरकार के समय कुंडन में यह गोशाला बनकर तैयार हुई थी, हालांकि इसका लोकार्पण भी हो गया था, लेकिन अचानक पशुओं से जुड़ी हुई लंपी बीमारी के कारण इस गो शाला में पशुपालन विभाग के प्रोटोकॉल के अनुसार इकट्ठे पशुओं को एक साथ रखना संभव नहीं हो पाया था, जिस कारण क्षेत्र के बेसहारा पशुओं को नहीं लाया जा सका।

भाजपा महामंत्री ने कहा कि दुख इस बात का है कि आज भी हजारों बेसहारा पशु पालमपुर के ऊपरी व निचले क्षेत्र में खुले रूप से घूम रहे हैं, जो की एक तरफ किसानों की हरी–भरी फसल को तबाह कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ सड़कों में भी जिस प्रकार से छोटे–छोटे झुंडों में बेसहारा पशु दौड़ रहे हैं, उससे किसी भी वाहन की दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता, यहां तक की अनेक बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त ही नहीं हुए, बल्कि कई मोटरसाइकिल सवारों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी।

भाजपा नेता ने कहा कि इस गो शाला के निर्माण में लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं और 42 लाख रुपए गोशाला को स्थायी रूप से पानी की आपूर्ति के लिए और अन्य आवश्यक रखरखाव के लिए भी पर्याप्त पैसे का प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद इस गो शाला के भवनों के जो दरवाजे और खिड़कियां थी, उनको भी उपद्रवियों ने उखाड़ना शुरू कर दिया है।

## हैप्पी बर्थडे



तंगरोटी की समायरा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### न्यूट्रिशन किटें बांटी

**भूषण शर्मा, नूरपुर।** सिविल अस्पताल जवाली के अंतर्गत टीबी की दवाई खा रहे रोगियों की सहायता के लिए बीएमओ अमन दुआ नगरोटा सूरियां ने 31 न्यूट्रिशन किटें बांटी, जिसमें एक महीने का राशन दिया गया। यह न्यूट्रीशन किटें डॉ. विशाल भंडारी व उनके पिता मनोहर लाल भंडारी के सौजन्य से उपलब्ध करवाई गईं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के भरेंगे पद

**देहरा।** बाल विकास परियोजना देहरा के अधीन उपमंडल देहरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तीन तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 8 रिक्त पद भरे जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी देहरा सुशील शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत त्रिपल के कोठार, ग्राम पंचायत कल्लर के बगरोट और ग्राम पंचायत बनखंडी के बनखंडी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद भरेजाने हैं। वहीं बौंगता के बौंगता, खैरियां के खेरियां, हरिपुर के सुखा तालाब और अप्पर हरिपुर, भटोली फकोरियां के मंगरोली, मेहवा के धनोटु, शिवनाथ के शिवनाथ और नौशहरा के नौशहरा केंद्रों में सहायिका के पद भरे जाएंगे।

## हाईकोर्ट से शास्त्री डिग्रीधारकों को राहत

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



प्रदेश हाईकोर्ट से बिना बीएड शास्त्री डिग्रीधारकों को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने शास्त्री अध्यापकों के पदों के लिए बीएड की अनिवार्यता को गैरकानूनी ठहराया। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने शास्त्री अध्यापकों के लिए बीएड की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि सरकार बिना तय प्रक्रिया के और बिना भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संशोधन किए मनमानी शर्तें नहीं थोप सकती।

इससे पहले हाई कोर्ट की खंडपीठ शास्त्री अध्यापकों की भर्ती के लिए बीएड शैक्षणिक योग्यता को अनिवार्य करने की मांग को लेकर दायर याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। इस ही रिजल्ट के उपरांत मंगलवार को आदर्श स्वाभिमान हिमाचल के पदाधिकारियों ने प्रदेश हाई कोर्ट व मीडिया का धन्यवाद नेहरन पुखर में आयोजित एक वार्ता में किया गया है।

अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि शास्त्रियों पर सरकार के द्वारा जो नियम थोपे गए थे उसका 30 दिसंबर 2024 को उच्च न्यायालय की तरफ से फैसला आया, जोकि शास्त्रियों के पक्ष में हुआ वह न्याय प्रणाली का भी धन्यवाद करना चाहते हैं तथा उन्होंने शास्त्रियों के बारे में सोचा उन्होंने सरकार से आग्रह किया है।

## आरोपी नीरज कुमार का घर किया सील

**भूषण शर्मा, नूरपुर।** पुलिस थाना नूरपुर के अधीन मुकाम अटाहड़ा में नाकाबंदी के दौरान 2023 में नीरज कुमार कोबरा पुत्र जगदीश चंद के कब्जे से 50.46 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। पुलिस ने आरोपी की संपत्ति की वित्तीय जांच भी कि, जिसमें कोई भूमि रिकार्ड नहीं पाया गया। हालांकि, बाद में यह पता चला कि नीरज कुमार ने गांव स्थेस पटवार सर्कल गोलवां में एक घर का निर्माण किया है।

राजस्व विभाग से इस घर की निशानदेही करवाने पर यह पाया गया कि यह घर हिमाचल प्रदेश सरकार की जमीन पर बनाया गया था। राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में नीरज के द्वारा बनाए गए इस घर को सील कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# गगल एयरपोर्ट के आसपास मांस–मछली कटने से खतरा

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल एयरपोर्ट पर विमान क्षेत्र पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधीश हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, कांगड़ा के अधिकारी उपस्थित थे बैठक में कांगड़ा एयरपोर्ट के आसपास नदी नालों में मांस की दुकानों एवं अन्य के द्वारा मांस अवशेष तथा कचरे का निपटान किया जा रहा है, जिसकी वजह से न केवल नदी नालों का पानी प्रदूषित हो रहा है बल्कि इसकी वजह से काफी मात्रा में बाहरी पक्षी आकाश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसके कारण विमान एवं यात्रियों के लिए यह एक खतरा बना हुआ है। समिति ने इसे काफी गंभीरता से लिया है तथा उपायुक्त कांगड़ा द्वारा एयरपोर्ट से 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले मांस की दुकान में दुकानों एवं स्लॉटर हाउस इत्यादि से जुड़े लोगों को 15 दिन के भीतर एक मीटिंग के माध्यम से बुलाया जाएगा। उन्हें इसकी गंभीरता से अवगत कराया जाएगा।

यदि इसके बाद भी लोगों द्वारा इसे नहीं रोका गया तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मीटिंग में एयरपोर्ट एवं नेशनल हाईवे के बीच में होने वाली सायल एरोजन के बारे में भी चर्चा हुई।

# भरमौर में शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों ने वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों में वार्षिक परिणाम घोषित करने के साथ–साथ शिक्षा संवाद भी मनाया गया। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर की प्रधानाचार्य अरुणा चाडक ने कहा है कि वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ–साथ बच्चों व अभिभावकों के साथ संवाद भी स्थापित किया गया।

उन्होंने कहा कि गैर बोर्ड कक्षाएं पहली से आठवीं तक की परीक्षाओं का मंगलवार को परिणाम घोषित किया गया है, जबकि नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाओं की परीक्षाएं मार्च 2025 में आयोजित की जाएंगी। सत्र के आखिरी शिक्षा संवाद में अभिभावकों ने भी भाग लिया जिसमें बच्चों की गुणवत्ता पर अपने विचार एवं सुझाव भी दिए।



अच्छा रिजल्ट निकलने पर बच्चों व उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल था।

प्रधानाचार्य ने कहा कि अध्यापकों के साथ–साथ अभिभावकों का भी बच्चों की शिक्षा के प्रति एहम भूमिका रहती है। इसके साथ–साथ दूसरे सरकारी निजी स्कूलों के वर्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किए गए। इस मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर अध्यापकों में रेखा वैद्य, ओम प्रकाश, विवेक कुमार, विजय कुमार, जगपाल चौहान, मंजीत सिंह, शंकर पॉल, अशोक अधीक्षक, कल्याण सिंह, अनामिका ठाकुर एवं एसएमसी अध्यक्ष चमन सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सहायक सूचना अधिकारी संजय का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय चंबा में सहायक सूचना अधिकारी तकनीकी के पद पर कार्यरत संजय चौहान सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों–कर्मचारियों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया और उनके सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।



कार्यक्रम में मौजूद जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी।

संजय चौहान ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में वर्ष 1993 से जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय लाहौल स्थित केलांग से अपनी सेवाएं आरंभ की थीं। उनके जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय कुल्लू तथा मंडी के कार्यकाल को भी याद किया जाता है। चंबा जिले में सहायक सूचना अधिकारी तकनीकी के रूप में इनके सेवाकाल की चर्चा करते हुए सहायक लोक संपर्क अधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि उन्होंने सरकार की योजनाओं के प्रचार–प्रसार, आम लोगों से संपर्क, ध्वनि प्रसार सेवाओं तथा विभाग के अन्य कार्यों को बड़ी कुशलता एवं दक्षता के साथ अंजाम दिया। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारियों में सुरेश ठाकुर, जमीत सिंह, धर्मचंद, उत्तम सिंह, प्रकाश चंद, अंकुश शर्मा, दिनेश कुमार ने भी संजय चौहान को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संजय चौहान की पत्नी सरिता चौहान सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## स्टाफ नर्स के 28 पदों को भरने के लिए बैचवाइज भर्ती की अंतिम तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** निदेशालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा स्टाफ नर्स के 28 पदों को भरने के लिए बैचवाइज भर्ती की अंतिम तिथि को 10 जनवरी से बढ़ाकर 12 जनवरी कर दिया गया है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी चंबा अरविंद सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है, वे 12 जनवरी 2025 से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं, जिन्होंने पंजीकृत करवा लिया है, वे एक बार पुन: अपने नाम की पुष्टि जरूर करवा लें।

अरविंद ने बताया कि बैचवाइज भर्ती में सामान्य वर्ग श्रेणी में दिसंबर 2010 तक बैच, सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में दिसंबर 2012 तक बैच, अनुसूचित जाति वर्ग श्रेणी में जून 2011 तक बैच, अनुसूचित जाति (बीपीएल) दिसंबर 2016 तक बैच और अनुसूचित जाति (डब्ल्यूएफएफ) श्रेणी में दिसंबर 2017 तक बैच के अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में दिसंबर 2012 बैच तक और अन्य पिछड़ा वर्ग (बीपीएल) दिसंबर 2014 तक बैच के आवेदक पात्र होंगे। अनुसूचित जनजाति के वर्ग श्रेणी में दिसंबर 2015 तक बैच के आवेदक पात्र होंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899–222209 तथा फेसबुक पेज डीईई चंबा पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## अभिभावकों-अध्यापकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** शिक्षा खंड सलूणी के अंतर्गत आने बाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुंडा में वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ–साथ शिक्षा संवाद का भी आयोजन किया गया। शिक्षा संवाद में अभिभावकों के साथ अध्यापकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के ऊपर सार्थक चर्चा की। इसके साथ–साथ विद्यालय विकास पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर पाठशाला प्रभारी पवन कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2024–25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया तथा मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।



### सूडोकु 0033 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0032 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

1 जनवरी, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** द्वितीया (02:26): **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा (11:46), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** व्याघात (05:06) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:24 -01:42)।

**विशेष दिन**
- 01 जनवरी 2025 : ईस्वी संवत यानी नववर्ष आज।
- 01 जनवरी 2025 : चंद्रदर्शन आज।

**मेष:** आज का दिन आपके लिए निवेश करने के लिए अच्छा साबित हो सकता है। कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं।

**वृषभ:** आज आपको ज्यादा भाग-दौड़ करनी पड़ेगी पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर किसी के प्रति आर्थिक मामलों में राहत मिलेगी। नौकरी में प्रगति के योग बनेंगे। ऑफिस में ज्यादा टाइम देना पड़ेगा।

**कर्क:** आज स्वास्थ्य के लिहाज से आपका दिन सामान्य रहेगा। सरकारी अफसरों से संपर्क होगा। आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा।

**सिंह :** आज आप सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल पर जाने से मन अतिप्रसन्न होगा।

**कन्या :** आज आपका बिजनेस के लिहाज से उत्तम दिन है। तब तक कोई वादा न करें, जब तक कि आप पूरी तरह उसे पूरा करने में सक्षम न हों।

**तुला:** जो भी आपसे मिलें उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा। आज प्रेमी संग शाम रोमांटिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आज अपने करियर के विषय में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। कोई भी निर्णय लेने से पहले ठण्डे दिमाग से सोचें।

**धनु :** आज आपका स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता हैं। वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कार्यों में दिन बीतेगा।

**मकर :** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आर्थिक समस्या के संकेत हैं।

**कुंभ :** आज आपकी सहायता कोई मित्र या रिश्तेदार करेगा, किसी धार्मिक स्थल पर जाने की संभावना है। आज आपका मन भटक सकता है।

**मीन :** आज आप वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले। कानूनी समस्या सता सकती है। घर पर मेहमानों का आना दिन को बढ़िया और खुशगवार बना देगा।

## 6 को करवा सकते हैं दोपहिया वाहन रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपपुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत नियमों की अवहेलना करने पर पुलिस द्वारा कब्जे में लिए गए मोटरसाइकिल नंबर एचपी 46–0434, पीबी35जे3480 तथा पीबी54सी 6289 की निपटारे–नीलामी के लिए मामला माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है।

उपपुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपरोक्त मोटरसाइकिल के मालिकों को माननीय न्यायालय से मोटरसाइकिल को रिलीज करवाने के लिए निर्धारित नियमों के अनुरूप सूचित किया गया था, परंतु उनके द्वारा अभी तक इस संदर्भ में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल नंबर एचपी 46–0434 विजय कुमार पुत्र जयकरण गांव व डाकखाना धरवाला जिला चंबा, पीबी35जे3480 बीके चंद पुत्र बद्रीनाथ मोहल्ला शाहपुरी गेट सुजानपुर जिला पठानकोट, पीबी54सी 6289 अवतार सिंह पुत्र सौदागर गांव वसाहन तहसील मुकेरियां के नाम पर पंजीकृत हैं। जितेंद्र चौधरी ने बताया कि माननीय न्यायालय ने मोटरसाइकिल मालिकों को अपने दोपहिया वाहन रिलीज करवाने के लिए 6 जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की है।


**रोष** केंद्र सरकार निजी कंपनी के अधीन बिना किसी सेवा शर्त के काम करने को कर रही मजबूर

# बिजली कर्मचारियों ने किया धरना–प्रदर्शन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

बिजली बोर्ड कर्मचारी व अभियंता, पेंशनर ज्वाइंट फ्रंट ने बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति एनसीसीओईईई के आह्वान पर जिला हमीरपुर में मुख्य अभियंता विद्युत प्रणाली व मुख्य अभियंता परिचालन हमीरपुर जोन कार्यालय के सामने धरना–प्रदर्शन किया। इसमें कर्मचारियों अभियंताओं व पेंशनरों ने भाग लिया।

धरना–प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग कि गई कि बिजली क्षेत्र में सुधारों के नाम पर मुनाफे में चल रहे चंडीगढ़ बिजली विभाग जिसकी कुल संपत्ति 26000 करोड़ के लगभग है, उसे एमिनेट कंपनी को मात्र 871 करोड़ रुपए में बेचा जा रहा है, जबकि चंडीगढ़ बिजली बोर्ड पिछले कई वर्षों से 200–300 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष मुनाफे में चल रहा है व चंडीगढ़ के उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं दे रहा है। जहां बिजली कि दरें प्रति यूनिट मात्र 4.50 रुपए हैं, वहीं चंडीगढ़ बिजली बोर्ड की हानियां पूरे देश में सबसे कम मात्र 10 प्रतिशत हैं। चंडीगढ़ बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारी व अभियंता जो केंद्र सरकार के सेवा शर्तों के तहत आते हैं, उन्हें बिना किसी सेवा शर्तें तय किए बगैर ही निजी कंपनी एमिनेट के अधीन काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, इसलिए हिमाचल प्रदेश का कर्मचारी व अभियंता, पेंशनर केंद्र सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन से मांग करता है कि चंडीगढ़ बिजली विभाग को प्राइवेट कंपनी के हवाले न किया जाए व इसके साथ साथ यूपी व राजस्थान में चलाई जा रही निजीकरण की मुहिम को रोका जाए, अन्यथा एनसीसीओईईई आगे संघर्ष का जो भी फैसला करेगी।




मुख्य अभियंता विद्युत प्रणाली व मुख्य अभियंता परिचालन हमीरपुर जोन कार्यालय के सामने धरना–प्रदर्शन किया गया।

हिमाचल प्रदेश का कर्मचारी व अभियंता, पेंशनर उसका पूर जोर समर्थन करेगा। हिमाचल बिजली बोर्ड कर्मचारी व अभियंता, पेंशनर फ्रंट ने प्रदेश सरकार से मांग करता है कि हिमाचल बिजली बोर्ड में युक्तिकरण के नाम पर जो कर्मचारियों में भय का माहौल बना है, बिजली बोर्ड में जहां 43000 कर्मचारी काम करते थे। आज बिजली बोर्ड में मात्र 13000 स्थायी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, जिनके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ है। ज्वाइंट फ्रंट मांग करता है कि बिजली बोर्ड में लगभग 7000 स्थायी रिक्त पदों पर अति शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों पर काम के बोझ के कारण आए दिन घातक गैर दुर्घटनाएं हो रही हैं, उन पर रोक लगाई जाए। इस धरना–प्रदर्शन में कामेश्वर शर्मा, मुनीष कुमार, राजेश कुमार, कृष्ण पाल, मनोहर लाल, दीपक चौहान, अशोक शर्मा, अमर सिंह, सुभाष कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार, डिंपल, अनिल कुमार, सुमित गौतम, राज कुमार, सतीश कुमार, रवि कुमार, धर्म पाल, जंग बहादुर, सुशील कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार, लेखराज ठाकुर, रोहित धीमान उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



**आशीष दामीर**
वरिष्ठ संवाददाता
कांगड़ा, अनंत ज्ञान
मो. 8629808387
मो. 9418324900




# संदेश

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा नववर्ष के शुभअवसर पर प्रकाशित विशेषांक के लिए मेरी व मेरे स्टाफ की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. संदीप महाजन**
चेयरमैन
एसएमआई
अस्पताल मटौर




नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**वर्मा ज्यूलर्स**
डुग्गा बाजार कांगड़ा

अमित वर्मा
अध्यक्ष जनहित संगठन कांगड़ा

## S.M. EYE HOSPITAL

Super Speciality Eye Care Centre
(A UNIT OF S.M. EYE INSTITUTE PRIVATE LIMITED)

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED
QCI CERTIFIED
QRO

1st Fully Accredited NABH Eye Hospital of Himachal Pradesh

Ghurkari-Kangra
E-mail : smeyehospital@gmail.com
Web : www.smeyehospital.com






Dr. Sandeep Mahajan – Chief Eye Surgeon Phaco & Ant. Seg. Surgeon
Dr. Manila Mahajan – Medical Suprintendent
Dr. Gitanjali Sood Sirkek – Phaco & Vitreo Retinal Surgeon
Dr. Bina Shah – Phaco & Refractive Surgeon
Dr. Kumari Mugdha – Phaco & Medical Retina Surgeon
Dr. Aditi Parashar – Medical Retina Specialist
Dr. Lalit Singhal – Lasik & Cornea Surgeon

सफेद मोतिए का आप्रेशन फेको द्वारा केवल कुछ मिनटों में

आंखों के पर्दे की सभी बीमारियों का ईलाज लेजर व अन्य विश्वस्तरीय मशीनों द्वारा

80914-23701, 98163-36029, 98161-64471, 98052-68205
Tel.: (Off.) 01892-264848, (Reception) 01892-265311
E-mail: smeyehospital@gmail.com

नववर्ष समस्त प्रदेशवासियों के लिए मंगलमय हो



HAPPY NEW YEAR 2025

**डॉ. विनोद शर्मा**
प्रिंसिपल सरकारी डिग्री कॉलेज मटौर

नववर्ष समस्त प्रदेशवासियों के लिए मंगलमय हो

HAPPY NEW YEAR 2025



**रिंपल चौधरी**
प्रधान ग्राम पंचायत जोगीपुर

नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## ST. JAMES ENGLISH MEDIUM SCHOOL

Admission Open 2025-26
PRE-NURSERY TO +2 All Streams
We Have all streams for class +1&+2
Arts, Science (Medical, Non Medical & Commerce)
Teacher Required: PGT, TGT
OLD KANGRA ROAD, KANGRA (H.P.)
Contact: 01892-260092, 9816768629, 8219473447
Email: stjameskangra@gmail.com
Website: https://www.stjameskangra.com

नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





**आदर्श भारद्वाज**
अधिशाषी अभियंता
एचपीएसईबीएल कांगड़ा

## M/S. GURU NANAK FRUIT CO.



Inderjeet Singh

Trade Mark
G.N.F.C.
Fruit & Vegetable Commission Agents & Suppliers



Shop No.4, Subzi Mandi Kangra (H.P.)
Mob. 9418067776, 9418422223, 9882983914, 9736175558

# नववर्ष 2025

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




## GURU NANAK TRADERS



Amandeep Singh

DEALS IN:
ALL TYPE OF FROZEN ITEMS & BAKERY PRODUCTS




व्यावसायिक अनुभवों को साझा करते हुए विस्तार से बताया कि कैसे छात्र आपने करियर में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, जिसने छात्रों में करियर के प्रति गहरी समझ और आत्मविश्वास विकसित किया।

Vill. Vodderballa, Tehsil & Distt. Kangra (H.P.)
Mob. 9736175558, 8219475643

# हमीरपुर नगर निगम की डी-लिमिटेशन और वार्डबंदी 31 मार्च तक होगी पूरी

## प्रशासन को मिले चुनाव आयोग से आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

चुनाव आयोग ने हमीरपुर नगर निगम की डी-लिमिटेशन और वार्डबंदी 31 मार्च 2025 तक मुकम्मल हो जाएगी। हिमाचल निर्वाचन आयोग ने इसके लिए आदेश जारी कर दिए हैं। आयोग के इन आदेशों के बाद अब हलचल यहां शुरू हो गई है। कारण यह है कि नववर्ष पर 3 महीनों के भीतर यह सारी प्रक्रिया मुकम्मल होनी है।

अब नगर निगम की नोटिफिकेशन होने के बाद तकरीबन 18 वार्ड बनाए जाने हैं, जो कि अभी 11 हैं। आसपास के जो गांव नगर निगम में शामिल किए गए हैं, उन्हें भी अब मुकम्मल तौर पर पुराने वार्डों के साथ बनाया जाएगा, यानी 6 या 7 नए वार्ड जो बने हैं, उनमें नगर परिषद के पहले के वार्डों को भी मुकम्मल तौर पर छेड़ा जाएगा। प्रशासन को नववर्ष की पूर्व संध्या पर ही या आदेश चुनाव आयोग से प्राप्त हुए हैं। इस पर कार्रवाई शुरू हो गई है कौन-कौन से क्षेत्र किस वार्ड में शामिल होंगे पापुलेशन के हिसाब से इस पर अब नगर परिषद के कार-कारिंदे काम शुरू करेंगे।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### 31 मार्च तक प्रक्रिया होगी मुकम्मल : अजमेर



नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने बताया कि डी-लिमिटेशन को लेकर चुनाव आयोग का पत्र प्राप्त हो गया है और 31 मार्च 2025 तक यह सारी प्रक्रिया मुकम्मल की जानी है ताकि पंचायतीराज व्यवस्था के साथ ही नगर निगम के चुनाव भी मुकम्मल हो जाएं।

### कौन-कौन से वार्ड आरक्षित होंगे?

नगर परिषद के वार्डों का भी लेखा-जोखा अब नए हिसाब से ही होगा, इसलिए उनमें भी अब नई तरह की संभावनाएं नए और पुराने लोगों के लिए निकलेंगी। पूरी तरह रोस्टर के तहत यह वार्डबंदी होगी। कौन-कौन से वार्ड महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे और कौन-कौन से अनुसूचित, जाति-जनजाति के लिए, इसका सारा खाका 31 मार्च से पहले तक तैयार होगा, यानी चुनाव आयोग ने डेडलाइन 31 मार्च तक रखी है।

### नगर निगम में 14 पंचायतों के 94 गांव हुए हैं शामिल

**थलोट,** बोहणी, बरोहा, डुगघा, बजूरी, दड़ूही, अणू, सासन, बल्ह बस्सी-झनियारा, मतिटीहरा, भरनांग, सराहकड़, ख्याह-लोहखड़ियां पंचायतों का एरिया शामिल होगा। इनमें कई पंचायतें तो मुकम्मल तौर पर शामिल हो गई हैं, जबकि कइयों के कुछ गांव इसमें जोड़े गए हैं। हमीरपुर नगर परिषद के 11 वार्ड तो पहले से ही शामिल हैं। अब कुल मिलाकर तकरीबन 18 वार्ड बनाए जाएंगे, जो डी लिमिटेशन के बाद अस्तित्व में आएंगे। शामिल 94 गांवों की कुल आबादी तकरीबन 41752 होगी। इसके अलावा अब नगर निगम का कुल क्षेत्रफल 40.77 स्क्वेयर किलोमीटर बनेगा।

# चरस रखने के दोषी को दो साल का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सत्र न्यायालय हमीरपुर के विशेष न्यायाधीश -2 सचिन रघु ने धर्मेंद्र सिंह पुत्र पूर्ण चंद गांव नथाण डाकघर बेखाली, तहसील व जिला कुल्लू को एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर दो साल का कठोर कारावास की सजा और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में 16 मार्च 2022 को सुबह 10.40 पर बड़सर उपमंडल के गलु पुलिस ने नाका लगाया था। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह से 468 ग्राम चरस स्विफ्ट कार से बरामद की थी।

पुलिस ने बड़सर थाना के तहत एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी के खिलाफ जिला न्यायवादी राहुल चोपड़ा चार्जशीट दाखिल करने के बाद मामले की सुनवाई की गई। इस मामले में 9 गवाह पेश किए। अदालत ने आरोपी धर्मेंद्र सिंह को दोषी मानते हुए दो साल का कठोर कारावास और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# नववर्ष पर बाबा बालक नाथ का आशीर्वाद लेने उमड़े श्रद्धालु

## हर साल की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे खुला रहेगा मंदिर, छोटे बच्चों के लिए फ्री में दूध की व्यवस्था

**विक्रम ढटवालिया, दियोटसिद्ध**





परिसर में बैठी श्रद्धालुओं की भीड़ जयकारे लगाती हुई। (दाएं) फूलों से खूब सजाया गया मंदिर।

यहां स्थित उत्तर भारत की प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर नववर्ष पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खूब सजाया गया है। मंदिर परिसर में मुकम्मल तौर पर व्यवस्था के ताम-झाम के बीच श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। रात भर यहां पर बाबा के जयकारों से यह परिसर गूंजता रहेगा।

बजह यह है कि रात भर यहां पर श्रद्धालु बाबा के जयकारों के बीच जागते रहते हैं। जैसे ही 12 बजते हैं, मंदिर में माथा टेकने वालों का सिलसिला शुरू हो जाता है। पंजाब प्रांत से काफी बड़ी तादाद में मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालु यहां पहुंचना शुरू हो चुके हैं। शाहतलाई से लेकर दियोटसिद्ध मंदिर परिसर तक ढोल-नगाड़ों की धूम मची हुई है।

श्रद्धालुओं ने ठंड से बचने के लिए यहां पर अपने तौर पर कई जगह चाय-पान और मिठाई की व्यवस्था भी की हुई है, ताकि माथा टेकने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को खाने-पीने को लेकर कोई दिक्कत ना हो। छोटे-छोटे बच्चों के लिए परिसर में न्यास प्रशासन ने दूध पिलाने की भी व्यवस्था की हुई है, ताकि माताओं को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। वैसे मंदिर न्यास ने यहां पर लंगर की व्यवस्था परंपरागत रूप से बनाए रखी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर इस व्यवस्था में और भी सुधार रहता है।

याद रहे हर साल यहां पर हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं जिसके लिए मंदिर प्रशासन व्यवस्था बनाने के लिए यहां सभी तरह की सुविधाएं जुटाने का प्रयास करता है। कोई ऐसी अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सारे मंदिर परिसर को सेक्टरों में बांटा जाता है। इसमें अतिरिक्त रूप में कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

### गुफा के दर्शन करना अब पहले से बेहतर

क्योंकि इस साल गुफा में दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधा देने के लिए गुफा परिसर का विस्तार बेहतर किया गया है। 'थड़े' के स्थान को खुला करके श्रद्धालुओं को माथा टेकने के बाद अब अलग रास्ते से नीचे भेजा जाता है। पहले का नीचे भेजने का रास्ता अब बंद कर दिया गया है। इसलिए आने-जाने की अलग-अलग व्यवस्था अब स्थायी रूप से हो गई है। पार्किंग के लिए भी कई जगह अलग व्यवस्था इस बार बनाई गई है ताकि मंदिर परिसर के आसपास आने वाले वाहनों के लिए परेशानी न हो। लंगर भवन के पास भाई और के इलाके में भी पार्किंग व्यवस्था की गई है।

### 5 सेक्टरों में बांटा मंदिर

बड़सर के तहसीलदार और कार्यकारी एसडीएम धर्मपाल नेगी ने बताया कि छोटे बच्चों के लिए फ्री में दूध की व्यवस्था की गई है। रात को लंगर की व्यवस्था देरी से बंद होगी और सुबह होते ही खुल जाएगी। मंदिर रात भर खुला रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम तरह की व्यवस्था यहां की गई है। मंदिर परिसर को 5 सेक्टरों में बांटा गया है।

## कुठेड़ा पंचायत के ऊबक गांव में लोक निर्माण विभाग ने गिरा दिए थे दो मंदिर

# मंदिर के बदले मंदिर को लेकर ग्रामीण मुखर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर के तहत ग्राम पंचायत कुठेड़ा के गांव ऊबक में शुक्रवार को अवैध कब्जे को लेकर दो मंदिर गिरा दिए गए थे। हालांकि ग्रामीण इसका विरोध करते रहे, लेकिन बावजूद इसके प्रशासन ने मंदिर को जेसीबी से तोड़ दिया। गांव वाले मंदिर तोड़ने से पहले विधायक कै. रणजीत सिंह से भी मिले थे और उन्होंने आश्वासन दिया था कि मंदिर को टूटने नहीं देंगे।

विधायक का आश्वासन भी आश्वासन ही रह गया, जबकि प्रशासन ने किसी की नहीं सुनी। मंगलवार को भी ऊबक गांव में गांव की महिलाओं व महिला मंडलों ने मंदिर गिराने पर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध कब्जे पर कार्रवाई की जा रही है तो उन सभी पर की जानी चाहिए जिन्होंने खसरा नंबर 286 पर अवैध कब्जा किया हुआ है। उन्होंने कहा कि बिना पैमाइश के ही मंदिर को जेसीबी से गिरा दिया, जिससे मंदिर के अंदर स्थापित मूर्तियां भी खंडित हो गई हैं। मंदिर के अंदर रखे दानपात्र, गहने व मूर्तियों की भी कोई जानकारी गांव वालों को दी है। यदि मंदिर को हटाना था तो मूर्तियों को पहले हटा लेते ताकि वे खंडित नहीं होती।



ऊबक गांव में ग्रामीण मंदिरों को तोड़ने का लेकर काफी खफा हैं।

- **अवैध कब्जे को लेकर लोक निर्माण विभाग ने की थी कार्रवाई**
- **मंदिर के मलबे को पूरे गांव वालों के सामने उठाने को लेकर अड़े ग्रामीण**

मूर्तियों के खंडित होने से ग्रामीणों को गहरा आघात लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को मल्टीटास्क वर्कर मलबा हटाने के लिए आए थे लेकिन हमने मलबा उठाने नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकतर मंदिर सरकारी भूमि पर बने हैं और ग्रामीणों को मंदिर हटाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। यहां तक कि मौके पर तैनात तहसीलदार ने कहा था कि छोटे मंदिर को नहीं गिराया जाएगा, रात 8 बजे छोटे मंदिर को जेसीबी से गिरा दिया। मंदिर में लगी तुलसी माता की मूर्ति नाले में मिली है, जबकि अन्य मूर्तियां खंडित हो चुकी हैं।

ग्रामीणों का यही मांग है कि मंदिर का मलबा पूरे गांव वालों के सामने उठेगा, नहीं तो हम मलबा उठाने नहीं देंगे। ग्रामीणों में महिला सुधार सभा ऊबक की प्रधान कांता देवी, सचिव उषा देवी, महिला मंडल प्रधान लक्ष्मी देवी, सुमन, सीता देवी, कल्पना, महिला मंडल मुठान लोहाखरियां प्रधान संतोष कुमारी, अंजना कुमारी का कहना है कि हमें मंदिर के बदले मंदिर चाहिए और जो अवैध कब्जे किए हैं, उन पर भी प्रशासन अपनी कार्रवाई करे। (अनंत ज्ञान)

# बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं मुहैया करवा रही कमेटी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ शाहतलाई मंदिर की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजीव राणा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बाबा बालक नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खाने व मेडिकल सुविधा का इंतजाम मंदिर श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ दिलबाग नगर बस्ती गुजां जालंधर की ओर से गांव मरूड़ा, बड़सर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने शिरकत की।

राजीव राणा ने दियोट गुफा के दर्शन के उपरांत कमेटी द्वारा आयोजित नौवें विशाल भंडारे का भी उद्घाटन किया। राणा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने भी बाबा बालक नाथ जी के दर्शनों बारे श्रद्धालुओं को बहुत सारी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है, चाहे व मेडिकल सुविधाएं हो या रहने की व्यवस्था और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ दिलबाग नगर बस्ती गुजां जालंधर की ओर से राम मूर्ति ठाकुर व समस्त कमेटी के अथक प्रयासों से शाहतलाई में पिछले आठ वर्षों से श्रद्धालुओं को खाने से लेकर मेडिकल तक की सुविधाएं दी जा रही हैं। कार्यक्रम में हिमाचल की स्वर कोकिला बंदना धीमान ने बाबा बालक नाथ के भजन गाकर समा बांध दिया। इस अवसर पर बाबा बालक नाथ ट्रस्ट सदस्य समर सेन, सचिन चोपड़ा, मुदित शर्मा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विश्व शामा, अध्यक्ष बड़सर कैप्टन केवल कृष्ण, यशपाल चंदेल आदि पदाधिकारियों ने भी शिरकत की।

## न्यूज ब्रीफ

### सब-इंस्पेक्टर दुनी चंद का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, भोरंज ।** उपमंडल भोरंज के जोल गांव से संबंध रखने वाले सब इंस्पेक्टर दुनी चंद 39 वर्ष पुलिस विभाग में नौकरी के बाद सतर्कता विजलेंस विभाग मंडी से सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृति पर उपुलिस विभाग ने विदाई समारोह का आयोजन किया। डीएसपी प्रियंक गुप्ता ने बताया कि सब इंस्पेक्टर दुनी चंद गांव जोल 1986 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे और उनका 39 वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा है।

### रेलवे ने हिमाचल को तीन विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** विजय हजारे ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला रेलवे के साथ नवी मुंबई में खेला गया। इसमें हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 292 रन बनाए। अंकित कलसी ने अर्धशतक लगाया, प्रशांत चोपड़ा ने शतक लगाया और टीम के लिए 123 रन का योगदान दिया। मयंक डागर ने 75 रन बनाए। मोहम्मद सैफ ने शानदार बोलिंग करते हुए तीन खिलाड़ियों को आउट किया। साहब सिंह ,आकाश पांडे, आर शर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। हिमाचल का एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। रेलवे के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने 35 रन बनाए, मोहम्मद सैफ ने 63 रन बनाए, रवि सिंह 97 रन नावाद वनाए शुभम चौबे 44 रन बनाए। ऋषि धवन ने 10 ओवर में 66 रन देकर तीन खिलाड़ियों का आउट किया। वैभव और अपूर्व बलिया ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। रेलवे की टीम ने अपना लक्ष्य 48.3 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

### अंबोआ में युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** पुलिस थाना गगरेट के तहत अंबोआ गांव में 22 वर्षीय एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । जानकारी के अनुसार युवक ने वेटरनरी का कोर्स किया था और एक वेटरनरी डॉक्टर के साथ ट्रेनिंग कर रहा था। परिवार में माता-पिता और एक बड़ी बहन हैं। पिता एक्ससर्विस मैन हैं जो कि सेवानिवृत्त होकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। घटना सोमवार शाम की है। युवक के पिता ड्यूटी पर थे और शाम 6 बजे घर लौटे। कुछ देर बाद युवक घर से निकला और वापस न लौटा। परिजनों ने आस पड़ोस के लोगों की मदद से उसे काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन उसका कोई सुराग न लगा। रात्रि को बेटे के लापता होने के बारे पुलिस को भी सूचित किया गया लेकिन सुबह पता चला घर से थोड़ी दूर उक्त युवक की लाश एक पेड़ से लटकी हुई है। घटनास्थल का जायजा लेने के वाद एएसआई कुलभूषण सिंह ने बताया कि युवक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है, साथ ही आगामी कार्रवाई जारी है। हालांकि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आदित्य खेलेगा राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** भंजाल स्कूल के बारहवीं कक्षा के आदित्य का चयन अब अंडर 19 राष्ट्रीय स्कूली खेलों के लिए हुआ है, जो विद्यालय और इलाके के लिए बड़ी ही हर्ष की बात है। यह जानकारी स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा ने देते हुए बताया कि स्कूल का छात्र आदित्य 5 जनवरी को रांची झारखंड में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलों में भाग लेगा। स्कूल के डीपीई विनोद ठाकुर ने बताया कि इससे पूर्व भी आदित्य अंडर 17 खेलों में ऊंची कूद में राष्ट्र स्तर पर पिछले महीने भाग लेकर लौटा है। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया स्कूल के डीपीई विनोद ठाकुर की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए स्कूल के स्टाफ आदित्य व उसके अभिभावकों को बधाई दी है। स्कूल स्टाफ ने आदित्य का स्वागत किया,

### नारी विद्यालय में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उच्च पाठशाला नारी में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। शिक्षा संवाद में मुख्याध्यापक अशोक कुमार बैंस ने नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और बढ़िया शिक्षा देने के लिए स्कूल प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। बैंस ने कहा कि विद्यालय हमेशा से बच्चों को उत्तम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर अध्यापकों ने बच्चों की उपलब्धियों को अभिभावकों के साथ साझा किया। अध्यापकों ने अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान और नजर रखने का आह्वान किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने विद्यालय में हुए निर्माण कार्य पर अपनी प्रसन्नता प्रकट की तथा मुख्याध्यापक और स्कूल प्रशासन की सराहना की। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और पाठशाला के अध्यापक कुलदीप कुमार, अलका रानी, राकेश कुमार, सतनाम सिंह, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लकड़ी से भरे 24 वाहन पकड़े, बाद में छोड़े

**सन्नी पुरी, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश में पेड़ों के कटान पर अभी तक पूर्णतया प्रतिबंध नहीं लग पाया है। गगरेट पुलिस ने पंजाब जा रहे लकड़ी से भरे 24 वाहन पकड़ने में सफलता हासिल की और उन्हें गगरेट थाने में जब्त कर लिया।

सोमवार रात्रि गगरेट पुलिस ने नाकेबंदी कर पड़ोसी राज्य पंजाब के होशियारपुर लकड़ी मंडी जा रहे 24 वाहनों को पकड़कर जब्त कर लिया। मंगलवार सुबह वन विभाग के अधिकारियों ने जब वाहनों में लदी लकड़ी से संबंधित दस्तावेजों की जांच को वह सही पाए गए। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि सभी वाहन देहरा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित थे और उन्हें वन विभाग द्वारा बाकायदा कटान का परमिट जारी किया गया था, ऐसे में गगरेट पुलिस उन सभी वाहनों को छोड़ना पड़ा।

- **प्रदेश में पेड़ों के कटान पर नहीं लग पाया प्रतिबंध**

गौरतलब है कि प्रदेश में पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध के आदेश अभी तक सरकार ने जारी नहीं किए हैं। यही वजह है कि अभी भी पेड़ों के कटान के पेटजारी किए जा रहे हैं या फिर देहरा के लिए अलग से नियम कानून हैं। ऊना जिले की बात करें तो जिले में मौजूदा समय में वन विभाग पेड़ों के कटान को लेकर परमिट जारी नहीं कर रहा है। वन विभाग के अधिकारी भले ही प्रदेश में कटान पर प्रतिबंध को लेकर संशय में हैं परन्तु सच्चाई यही है कि हिमाचल प्रदेश में पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध को लेकर प्रदेश सरकार ने कोई भी अधिसूचना जारी नहीं की है। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने के लिए सरकार अभी गंभीर नहीं लगती है। यही वजह है कि घोषणा के बाद भी कटान पर प्रतिबंध के आदेश जारी नहीं किए जा रहे।

डीएसपी वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने लकड़ी से भरे 24 वाहन पकड़े थे। वन विभाग ने लकड़ी से संबंधित दस्तावेजों की जाँच की तो वे सही पाए गए इसलिए उन्हें छोड़ दिया गया। जिला वन अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि पेड़ों के कटान पर प्रतिबंध के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए हैं। इन वाहनों के पास वैध दस्तावेज थे। (अनंत ज्ञान)

### एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत ऊना जिले में व्यय होंगे 2.30 करोड़



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत आगामी वित्त वर्ष में फल, सब्जी व पुष्प उत्पादन जैकसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऊना जिले में करीब 2.30 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उपायुक्त ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत किसानों को फल, फूल, मशरूम, शहद व सब्जी उत्पादन की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन गतिविधियों के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# ऊना शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों साइड अनधिकृत व्यापारिक गतिविधियों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना शहर में यातायात की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर अनाधिकृत व्यापारिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह कदम जनहित में उठाया गया है ताकि आपातकालीन सेवाओं और वाहनों की नियमित आवाजाही में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

दरअसल, नववर्ष के उपलक्ष्य में ऊना शहर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा विभिन्न सामग्री पर लगाई गई सेल के चलते कई दुकानदारों और अन्य विक्रेताओं ने अपनी दुकानों को राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर बढ़ा लिया है, जिससे यातायात का सुचारु प्रवाह प्रभावित हो रहा है और आम जनता तथा आपातकालीन सेवाओं की आपूर्ति में असुविधा उत्पन्न हो रही है। इस स्थिति को सुधारने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर यातायात में रुकावटें और व्यवधान उत्पन्न कर रही रेहड़ियों, विस्तारित दुकान संरचनाओं और अस्थायी व्यापारिक ढांचों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

- **उल्लंघन करने पर की जाएगी कार्रवाई**

इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिनी सचिवालय से गलुआ चौक और मिनी सचिवालय से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना तक के क्षेत्र को नो-वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। एसडीएम ने एसएचओ ऊना, एमसी ऊना के कार्यकारी अधिकारी और ट्रैफिक इंचार्ज, सिटी ऊना को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उपमंडल प्रशासन ने व्यापक जनहित में सभी से इस आदेश का पालन करने की अपील की है।

# पंजाब जा रहे अवैध लकड़ी से भरे दो वाहन जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट पुलिस ने तस्करी कर पंजाब ले जाई जा रही अवैध लकड़ी से भरी दो गाड़ियां पकड़ी हैं। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ चोरी व वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गगरेट पुलिस इलाके की गश्त पर थी।

सोमवार रात्रि अंबोटा के बहुतकनीकी संस्थान के पास एक पिकअप गाड़ी को जांच के लिए रोका। गाड़ी में लकड़ी लदी थी। जांच करने पर गाड़ी चालक लकड़ी से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। वहीं, दूसरी गाड़ी मवा के पास रोककर जब जांच की गई, वह भी बिना दस्तावेज के निकली इसमें भी लकड़ी के मोछे लदे थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को लकड़ी सहित जब्त कर हुसैन मोहम्मद पुत्र दिलवाग सिंह निवासी दियोली और कृष्ण लाल पुत्र रुल्दा राम निवासी लब्बर मुकेरियां के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने दो वाहनों को जब्त कर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**विकास** नकदी फसलों का बना गढ़, किसानों के वारे-न्यारे, लाभार्थी बोले-मुकेश के प्रयासों ने बदली हरोली की तस्वीर और हमारी तकदीर

# साल 2024 की विकास गाथा : सिंचाई सुविधाओं ने बदली हरोली की तस्वीर

**राजेश शर्मा, ऊना**

पहले हमारे खेतों को पानी की सुविधा नहीं थी, सच पूछें तो तब खेती के नाम पर बस झाड़-झंकाड़ ही था, लेकिन अब खेतों में पानी भी पहुंचा है और नकदी फसलों से किसानों की जेब में पैसा भी। उपमुख्यमंत्री मुकेश के प्रयासों ने हरोली की तस्वीर और हमारी तकदीर बदल के रख दी है।

हरोली विधानसभा के पुबोवाल गांव के एक किसान सुमन लाल के इन उद्गारों में इस संपूर्ण क्षेत्र के किसानों के कृतज्ञ भाव सम्मिलित हैं। इन्हीं भावों को स्वर देते हुए अन्य किसान बीटन के सोडी राम और प्रेमचंद बताते हैं कि सिंचाई की अच्छी सुविधा के चलते नकदी फसलों की खेती से उन जैसे अनेक किसानों के आत्मनिर्भर बनने की राह प्रशस्त हुई है। लोग परंपरागत खेती के अलावा नकदी फसलों-सब्जियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। किसानों के ये सभी भाव, सफलता की ये तमाम कहानियां, बेहतर सिंचाई सुविधा के इर्द-गिर्द घूमती हैं। हरोली के विधायक एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के वर्षों के निरंतर प्रयासों के उपक्रम से निखरते हरोली में बीते एक साल की अवधि में सिंचाई की योजनाओं को और बल तथा गति देकर आगे बढ़ाया गया है।



**हरोली के कृषि परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव :** दरअसल, सिंचाई सुविधा में बूंद-बूंद से बड़े बदलाव की नायाब कहानी कहता हरोली क्षेत्र नकदी फसलों का गढ़ बना गया है। कभी यहां किसानों के लिए सब्जी उत्पादन केवल एक सपना भर था, अब ये तेजी से फल-फूल रहा है। बाजार में अच्छी मांग और चोखे दाम से किसानों के वारे-न्यारे हैं।

विशेषकर बीत क्षेत्र में कभी पानी का गंभीर संकट था। अब वहां पीने के पानी की निरंतर सप्लाई के साथ ही खेतों के लिए भी सिंचाई की पर्याप्त सुविधा है। क्षेत्र में अब नकदी फसलों-सब्जियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, जो जल शक्ति विभाग का दायित्व भी संभाल रहे हैं, की दूरदर्शिता और निर्णायक प्रयासों से हरोली विस क्षेत्र में सिंचाई की अनेक योजनाओं ने हजारों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उनके प्रयासों ने हरोली के कृषि परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। कभी पानी की कमी की मार झेलता, सीमित कृषि क्षमता वाला हरोली क्षेत्र, अब सिंचाई सुविधाओं के विकास के चलते नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बेहतर सिंचाई सुविधाओं ने किसानों को फसल विविधता अपनाने और अपनी आय बढ़ाने का अवसर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### बेहतर सिंचाई सुविधा से खेतीबाड़ी बनी मुनाफे का सौदा

कृषि विभाग ऊना के उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान बताते हैं हरोली क्षेत्र में बेहतर सिंचाई सुविधा से लोगों के लिए खेतीबाड़ी मुनाफे का सौदा बनी है। यहां लोग परंपरागत खेती के अलावा, खीरा, कद्दू-घिया, गोभी, मटर, आलू, करेला, मीटर फली और गन्ना जैसी नकदी खेती कर रहे हैं। साल दर साल नकदी फसलों और सब्जियों के बड़े पैमाने पर उत्पादन से किसानों के लिए आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि का नया द्वार खुला है।

### हजारों एकड़ भूमि को मिलेगी सिंचाई सुविधा

जलशक्ति विभाग हरोली के अधिशाषी अभियंता पुनीत शर्मा बताते हैं कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निर्देशानुरूप बीते एक साल में हरोली विस क्षेत्र में 9.71 करोड़ रुपए की लागत से 13 ट्यूबवेल परियोजनाओं को पूरा किया गया। इन परियोजनाओं के माध्यम से 347.50 हेक्टेयर (9049 कनाल) भूमि को सिंचाई सुविधायुक्त बनाया गया है। वहीं, वर्तमान में 32.35 करोड़ रुपए की लागत से 33 सिंचाई ट्यूबवेल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 871 हेक्टेयर (22682 कनाल) भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। वे बताते हैं कि कमांड क्षेत्र के विकास के लिए 12.83 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। इस पहल के तहत 17 सिंचाई योजनाओं का काम किया जा रहा है, जिससे 850 हेक्टेयर भूमि को पूर्ण सिंचाई सुविधाएं प्रदान की जाएगी। वहीं, 202.54 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की 6 नई सिंचाई योजनाओं के लिए डीपीआर तैयार की गई है। इनमें से 3 योजनाएं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और 3 नाबार्ड के तहत स्वीकृति के लिए भेजी गई हैं। मंजूरी मिलते ही इन पर काम शुरू होगा। इसके अलावा एडीबी के सहयोग से 28 करोड़ की 4 परियोजनाओं का काम किया जा रहा है, जिनमें पूबोवाल, बालीवाल, हरोली और नगनोली की योजनाएं शामिल हैं। वहीं, 74 करोड़ रुपए की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 का निर्माण की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं।

**शांत** दिमाग आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास लाता है, इसलिए यह अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। **-दलाई लामा**

## संपादकीय

# मंगलमय नववर्ष

एक और नववर्ष समाप्त हो गया और नया वर्ष शुरू हो गया। यह प्रक्रिया वर्षों से जारी है। नया साल आता है और देखते ही देखते खत्म भी हो जाता है, लेकिन इंसान यह नहीं सोचता कि उसने पिछले साल में क्या कमाया और क्या खोया? इस पर चिंतन आवश्यक है। दरअसल, नववर्ष एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जिसमें हम अपने पिछले वर्ष की गलतियों और असफलताओं को भूलकर नए संकल्प और लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ते हैं। आने वाले नए साल के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाने चाहिए। यदि जिंदगी में कोई लक्ष्य न हो तो आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। इस साल हमें अपने संकल्पों से अपने जीवन को और बेहतर बनाना है। नववर्ष में सबसे पहले स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए संकल्प लिया जाना चाहिए जैसे कि नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन खाना और पर्याप्त नींद लेना। यदि व्यक्ति इस तरह की रूटीन रखता है तो निश्चित रूप से वह बहुत कम बीमार पड़ेगा और कभी थकेगा नहीं।

वह हमेशा ऊर्जावान बना रहेगा। यदि शरीर ठीक रहेगा तो उसकी सोचने समझने की क्षमता भी अच्छी रहेगी और वह अपने लक्ष्यों की पूर्ति में अपना सौ प्रतिशत दे सकता है। व्यक्तिगत विकास के लिए संकल्प लें। नई किताबें पढ़ना, नए कौशल सीखना और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करना बेहतर रहेगा। नववर्ष में अपने परिवार और मित्रों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लें। नियमित रूप से उनसे संपर्क में रहें, उनके साथ समय बिताएं और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करें। अगर अपने सगे संबंधियों और रिश्तेदारों से आपके ताल्लुकात अच्छे रहेंगे तो जीवन में टेंशन कम रहेगी। वह पग-पग पर आपकी सहायता के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इज्जत दें और इज्जत लें के फार्मूले पर चलना श्रेयस्कर रहेगा। अपने करियर और व्यवसाय के लिए संकल्प लें जैसे कि नई चुनौतियों को स्वीकार करना, अपने कौशल को बढ़ाना और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करना। हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए भी संकल्प लेना चाहिए। ऊर्जा की बचत करना हमारा ध्येय होना चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में इसकी ही सबसे ज्यादा मारामारी रहेगी। पानी की बचत करना और प्रदूषण को कम करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना चाहिए।

धैर्य और सकारात्मकता के लिए संकल्प लें जैसे कि चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, नकारात्मक विचारों को दूर करना और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। समय प्रबंधन के लिए संकल्प लें। समय इंसान की जिंदगी में सबसे अहम किरदार निभाता है। अगर व्यक्ति समय के साथ चलता है तो वह कभी नहीं पिछड़ सकता, इसलिए अपने समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना अच्छी बात है। समय ही वह चीज है जो व्यक्ति को सफलता के द्वार पर लेकर जाती है। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करते रहना चाहिए और अपने जीवन को संतुलित बनाना चाहिए। नववर्ष में सामाजिक जिम्मेदारी के लिए संकल्प भी हमारा कर्तव्य होना चाहिए जैसे कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना, जरूरतमंद लोगों की मदद करना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना समझदारी है।

इन संकल्पों को अपनाकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं और नववर्ष को एक सकारात्मक और उत्पादक तरीके से मना सकते हैं। नववर्ष आशा और उत्साह का समय है, इसलिए अपने उत्साह को कभी कम न होने दें। परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना सबको अच्छा लगता है, इसलिए हम एक साथ मिलकर जश्न मनाते हैं और नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। नववर्ष विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों में अलग-अलग महत्व रखता है, जैसे कि हिंदू धर्म में यह उत्सव विक्रम संवत की शुरुआत का प्रतीक है। नववर्ष पर हमारा आत्म-विश्वास हमेशा ऊंचा रहना चाहिए। अगर आत्मविश्वास है तो मुश्किल से मुश्किल काम भी आसान हो होता है। आइए हम सब सकारात्मकता के साथ इस नववर्ष की शुरुआत करें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं। अपने जीवन में एक ऐसी अमिट छाप छोड़कर जाएं कि आने वाली पीढ़ियां आपके किए कर्मों को हमेशा याद रखे और प्रेरणा ले। नववर्ष सबके लिए मंगलमय हो। ■

# केंद्र सरकार की नई पहल और योजनाएं

पूरी दुनिया के साथ-साथ वर्ष 2024 भारत के लिए भी बेहद खास रहा। देश में ऐसे कई महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम हुए, जिसने एक देश के रूप में भारत को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चाहे वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और पहलों का निर्धारण। भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया गया कि अब न केवल देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि मजबूत हाथों में भी है...जिनकी वर्ष 2024 के दौरान एनडीए सरकार ने घोषणाएं कीं...आपको उन नए कानूनों और विधेयकों के बारे में भी बताएंगे जिनका भारत की आम जनता के जीवन में सीधा सरोकार है...



लेखक : डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

**3 नए आपराधिक कानून:**-25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'भारतीय न्याय संहिता 2023', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023' को मंजूरी दी। ये नए आपराधिक कानून 1 जुलाई, 2024 को लागू हुए और पहले के आपराधिक कानूनों-भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ले ली...

**पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत:**-भारत सरकार ने 29 फरवरी, 2024 को पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी, ताकि छत पर सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिए आवासीय घरों में बिजली पैदा करने के लिए सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को इस योजना की शुरुआत की। इस योजना पर 75,021 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 तक लागू किया जाना है...

**प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) का विस्तार:**-केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों के लिए घरों के निर्माण में सहायता करने का फैसला लिया है।

**1 करोड़ युवाओं का कौशल विकास:**-वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024 में 500 शीर्ष भारतीय कंपनियों के लिए एक नई इंटर्नशिप योजना की घोषणा की गई, जिसके तहत पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा 21-24 वर्ष की आयु के ऐसे व्यक्तियों को लक्षित करता है, जो न तो नौकरीपेशा हैं और न ही पूर्णकालिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सरकार इस कार्यक्रम को सब्सिडी देगी।

**अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति में संशोधन:**-कैबिनेट ने 21 फरवरी, 2024 को अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी दी। सुधारों का उद्देश्य अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई नीति प्रावधानों को उदार बनाना है, जिसमें उदार प्रवेश मार्ग निर्धारित करना और विभिन्न प्रौद्योगिकियों और उपकरणों में एफडीआई के लिए स्पष्टता प्रदान करना शामिल है।



**पेंशन नीति में सुधार:**-केंद्र सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा साहसपूर्वक लाए गए भारत की सिविल सेवा पेंशन प्रणाली के 21 साल पुराने सुधार को उलट दिया।

**विज्ञान धारा योजना:**-केंद्र ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत एक एकीकृत केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दी। आरयू-476 योजना तीन प्रमुख अंब्रेला योजनाओं को एक में समेकित करती है, जिसमें 15वें वित्त आयोग के साथ संरेखित 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 10,579.84 करोड़ रुपए का महत्वाकांक्षी बजट है

**नई बायो Ex नीति का अनावरण:**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बायो ई3 (इकनॉमी, एनवायरमेंट और एंप्लॉयमेंट के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**कृषि अवसंरचना को बढ़ावा:**-कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इस पहल का उद्देश्य कृषि अवसंरचना को मजबूत करना, व्यवहार्य सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों का समर्थन करना, एकीकृत प्रसंस्करण परियोजनाओं को शामिल करना, पीएम-कुसुम घटक-ए के साथ संरेखित करना और एनएबी संरक्षण ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एफपीओ के लिए ऋण गारंटी का विस्तार करना है।

**मेगा वधावन बंदरगाह परियोजना:**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी, जो भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक बनने वाला है. 76,220 करोड़ रुपए की लागत वाले इस बंदरगाह का उद्देश्य भारत के समुद्री अवसंरचना को बढ़ावा देना है, जिसमें कंटेनर टर्मिनल, बहुउद्देशीय बर्थ और बेहतरीन कनेक्टिविटी शामिल है, जिससे व्यापार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना:**-भारत की दूसरी अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बी, आईएनएस अरिघाट को 29 अगस्त, 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

**लद्दाख के लिए नए जिले:**-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले-जांस्कर, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग बनाने की बात कही ताकि 'हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत किया जा सके'। लद्दाख में वर्तमान में दो जिले-लेह और कारगिल हैं, जिनमें स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषदें हैं।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर का विस्तार:**-मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के तहत आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर को मंजूरी दी। इस निर्णय से लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की संभावना है. वे AB-PMJAY के तहत परिवार के आधार पर सालाना 5 लाख रुपए के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए पात्र होंगे, जो अब तक केवल गरीब और कमजोर परिवारों के लिए उपलब्ध था...

**भारत के 'शुक्र मिशन' को मंजूरी:**-कैबिनेट ने 18 सितंबर, 2024 को शुक्र ऑर्बिटर मिशन (VOM) के विकास को मंजूरी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चंद्रमा और मंगल से परे शुक्र की खोज और अध्ययन करना है। पृथ्वी के सबसे निकट का ग्रह शुक्र, जिसके बारे में माना जाता है कि वह पृथ्वी जैसी ही परिस्थितियों में बना है, यह समझने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है कि ग्रहों का वातावरण किस तरह से बहुत अलग तरीके से विकसित हो सकता है।

**वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ONOS)** कैबिनेट ने 20 नवंबर, 2024 को वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन को मंजूरी दी, जो विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक देशभर में पहुंच प्रदान करने की योजना है। इसे एक सरल, उपयोगकर्ता के अनुकूल और पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों और केंद्र सरकार के अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में प्रशासित किया जा रहा है। एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में तीन कैलेंडर वर्षों, 2025, 2026 और 2027 के लिए वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन के लिए कुल लगभग 6,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

**वन नेशन, वन इलेक्शन (ONOE)** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 दिसंबर 2024 को बहुचर्चित 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विधेयक को मंजूरी दी, जो लोकसभा, राज्यविधान सभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संसद के हाल ही के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को ONOE से संबंधित दो विधेयक पेश किए गए।

**बीमा सखी योजना:**-भारतीय जीवन बीमा निगम यानी कि एलआईसी की बीमा सखी योजना का लाभ 18 से 70 वर्ष तक की महिलाएं जो दसवीं कक्षा पास कर चुकी हैं ले सकती हैं। स्कीम के अंतर्गत महिलाओं को बीमा एजेंट बनाया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक स्तर पर सशक्त करना है। इसके अलावा इस योजना के जरिए बीमा जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा। बीमा सखी योजना के अंतर्गत महिलाओं को अगले 3 वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और मानदेय भी दिया जाएगा।

**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान:**-कैबिनेट ने आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनाकर आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 79,156 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। इसमें लगभग 63,000 गांव शामिल होंगे, जिससे 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# 'ईश्वर का अपना देश' कहा जाता है केरल राज्य को

केरल जिसे 'ईश्वर का अपना देश' कहा जाता है, अपनी नैसर्गिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और अनुशासनप्रिय जीवनशैली के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। जब मुझे केंद्र सरकार की नौकरी के तहत पहली पोस्टिंग केरल के कासरगौड जिले के छोटे से कस्बे कांहनगढ़ में मिली, तब मैंने इस अनोखी भूमि की खूबसूरती और खासियतों को करीब से देखा।



लेखक : डॉ. राजेश चौहान
शिक्षाविद्

यह अनुभव न केवल मेरे करियर की शुरुआत का प्रतीक था, बल्कि एक नई संस्कृति, जीवनशैली और सोच को आत्मसात करने का अवसर भी था। दिल्ली से कांहनगढ़ तक की लंबी यात्रा के बाद जब मैं स्टेशन पर उतरा, तो वहां का वातावरण और व्यवस्था देखकर मेरी थकान पलभर में दूर हो गई। कांहनगढ़ रेलवे स्टेशन का अनुशासित और स्वच्छ माहौल एक सुखद आश्चर्य था।

स्टेशन की सफाई, लोगों का व्यवस्थित आचरण और शांति मुझे तुरंत भा गई। मुझे यह देखकर लगा कि स्वच्छता यहां की जीवनशैली का हिस्सा है, न कि केवल दिखावे के लिए अपनाई गई आदत। स्टेशन से बाहर निकलते ही यह अनुशासन और स्पष्ट हो गया। ऑटो रिक्शा चालक अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और मैंने जब किराया पूछा तो मोलभाव करने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। जब मैंने दूसरे चालक से कम कीमत पर यात्रा करने की कोशिश की, तो उसने मुझे विनम्रता से पहले चालक के पास लौटने का सुझाव दिया। यह ईमानदारी और व्यवस्थित आचरण मेरे लिए बिलकुल नया था। मैंने उत्तर भारत के कई बड़े शहरों में इस तरह की अनुशासनप्रियता की कमी देखी है, इसलिए केरल का यह अनुभव मेरे लिए प्रेरणादायक था। केरल में रहते हुए मैंने पाया कि यहां के लोग न केवल स्वच्छता और अनुशासन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा मानते हैं, बल्कि वे अपने समाज की बेहतरी के लिए सामूहिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना, सड़क किनारे थूकना या धूम्रपान करना यहां के समाज में अस्वीकार्य है।



मैंने देखा कि बस में यात्रा करते समय यात्री अपनी बारी का इंतजार करते हैं और बस के दरवाजे को खोलने और बंद करने की जिम्मेदारी दरवाजे के पास बैठे व्यक्ति की होती है। यहां तक कि शराब की दुकानों पर भी लोग कतार में खड़े होकर अनुशासन बनाए रखते हैं। एक घटना ने केरलवासियों की ईमानदारी को मेरे सामने उजागर किया। एक बार मैंने जल्दबाजी में ऑटो चालक को 20 रुपए दे दिए, जबकि किराया केवल 10 रुपए था। मुझे लगा कि यह सामान्य बात है और मैं इसे भूल भी गया, लेकिन कुछ देर बाद वह ऑटो चालक मेरे पास आया और अतिरिक्त10 रुपए लौटा दिए।

यह घटना मेरे लिए अविश्वसनीय थी और इसने मुझे सिखाया कि ईमानदारी यहां की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। वहां का एक और अनुभव मैं आपके साथ साझा करना चाहूंगा। यह घटना मेरी एक और यात्रा से जुड़ी है, जिसने मेरे दिल को गहराई से छू लिया और मुझे मानवता का एक और खूबसूरत पहलू दिखाया। मैं अपने माता-पिता के साथ दिल्ली से कांहनगढ़ की यात्रा कर रहा था। यह सफर ट्रेन से हो रहा था और हमारे डिब्बे में विभिन्न राज्यों के अजनबी लोग सहयात्री थे। मेरी बगल की सीट पर कांहनगढ़ का एक परिवार बैठा हुआ था। यात्रा के दौरान उनसे बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे आत्मीयता में बदल गया। काश, भारत के हर कोने में कांहनगढ़ जैसी ईमानदारी, अनुशासन और स्वच्छता देखने को मिले। यदि ऐसा हो सके, तो हमारा देश दुनियां के बेहतरीन देशों में से एक बन सकता है। केरल ने मुझे सिखाया कि केवल संसाधन ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समर्पण भी समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह अनुभव हमेशा मेरे दिल में जीवित रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** की राजनीतिक पार्टियों के लिए दलित वोट बैंक शुरू से ही सत्ता बटोरने का साधन रहा है। असल में दलितों की दयनीय हालत को बदलने के बजाय राजनीतिक दल ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते, जिससे यह साबित कर सकें कि वे ही दलितों के असली मसीहा हैं। यही वजह है कि संसद में अंबडेकर को लेकर जोरदार हंगामा बरप रहा है। लोकसभा में भाजपा गठबंधन के हाथों लगातार तीसरी बार पराजय झेल चुके विपक्षी दल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग से हार की क्षतिपूर्ति करना चाहते हैं। संविधान पर संसद में चल रही बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान कहा था कि आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन बन गया है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह के पूरे भाषण के एक अंश को लेकर विपक्ष ने शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद की कार्यवाही ठप कर दी।

**राजेश कुमार, धर्मशाला**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय फिल्म अभिनेता, लेखक और निर्माता

**विश्वनाथ** नाना पाटेकर भारतीय फिल्म अभिनेता के साथ-साथ लेखक और फिल्म निर्माता भी हैं। नाना पाटेकर कई संस्थाओं से जुड़कर समाज सेवा भी कर रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ खलनायक की श्रेणी में फिल्मफेयर अवार्ड जीतने वाले वे एकमात्र अभिनेता है। उनके अभिनय के सभी कायल हैं और यही कारण है कि उन्हें आज तक कई बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें पद्म श्री सम्मान भी मिल चुका है। वे इंडस्ट्री में अपने डॉयलाग को बोलने की स्टाइल को लेकर काफी मशहूर हैं। नाना पाटेकर का जन्म मराठी परिवार में हुआ था। उनका असली नाम विश्वनाथ पाटेकर है। इनके पिता दिनकर पाटेकर कपड़े के व्यापारी और मां संजनाबाई पाटेकर एक गृहिणी थीं। नाना पाटेकर ने अपनी स्नातक की पढ़ाई मुंबई में की। नाना पाटेकर ने नीलकंठी पाटेकर से विवाह किया, लेकिन वैवाहिक जीवन में समस्याओं के चलते उनका बाद में तलाक हो गया। उनका एक बेटा मल्हार पाटेकर है। नाना पाटेकर ने अपने साथी मकरंद अनासपुरे के साथ मिलकर 'नाम फाउंडेशन' की स्थापना की, जो किसानों की मदद करती है। नाना पाटेकर ने शुरू में कई सालों तक थियेटर में काम किया। फिल्मों में उनकी शुरुआत 1974 में मुज्जफर अली द्वारा निर्देशित फिल्म 'गमन' से हुई। इसके बाद उन्होंने 'मोहरे' (1987) और 'सलाम बॉम्बे' (1988) फिल्मों में काम किया। 1989 में आई 'परिंदा' फिल्म में विलन का किरदार निभाकर वे फिल्मकारों की नजरों में आ गए। ■



विश्वनाथ नाना पाटेकर
**जन्म :** 1 जनवरी, 1951

# संपूर्ण मानव नववर्ष 2025 पर संकल्प व लक्ष्य निर्धारित करें

नव वर्ष 2025 में नए संकल्प व लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। नए साल में संकल्प लेने होंगे कि आने वाला जीवन सुखमय रहे। भविष्य सुरक्षित रहे। नया साल सबके लिए सुखमय हो और समृद्धि लेकर आए। सपनों को साकार करें। गलतियों को सुधारें।

नई ऊर्जा के साथ राहों को सरल बनाएं। जो बीत गया उसे भूल जाएं अब नए काम को अंजाम देना होगा। नव वर्ष 2025 का आगाज हो चुका है। साल 2024 बीत चुका है। 2024 में प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाकर मानव से दानव बनते जा रहे इंसान को औकात बता दी है कि अभी भी संभलने का समय है। अगर अब भी गलतियां नहीं सुधारी तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। कुदरत का कैसा फरमान, पिंजरे में कैद हुआ इंसान? आज कुदरत के कानून के आगे मानव बेबस हो गया है। प्राणदायी प्रकृति ने इंसान को आईना दिखा दिया है। प्रकृति की वेदना को संवेदनहीन व धनलिप्सा में डूबा मानव दरकिनार कर रहा है। मगर प्रकृति ने अंधे हो चुके मानव की आंखें खोल दी है। मानव से दानव बन चुके कलयुगी मानव को संयम व सबक सिखा दिया है। जीवन ठहर गया है। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता, प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा व पानी दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मानव ने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति को लहूलुहान किया है। आज प्रकृति ने अपना बदला ले लिया है। तबाही की इबारत लिख दी है। मानव का अहम मिटाकर रख दिया है। गलतफहमियों में जी रहे मानव आज प्रकृति के आगे नतमस्तक हो चुकें है। अतीत में की गए कुकर्मों का पश्चाताप कर रहे है। प्रकृति ने मानव को समय पर आगाह किया मगर इंटरनेट की दुनिया के जाल में फंसा मानव खुद को प्रकृति से बड़ा माने लगा था उसे यह आभास नहीं था कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है। प्रकृति ने बहुत कुछ सहा है चारों तरफ गंदगी है वातावरण अशुद्ध हो गया है। वातावरण की शुद्धि के लिए प्रकृति मजबूर हो गई और मगरुर हो चुके इंसान का गुरुर तोड़कर रख दिया है। अनजाने में हुई भूल को माफ किया जा सकता है मगर जानबूझकर की गई गलतियों की सजा प्रकृति ने मानव को दे दी है। मानव को जीवन और मौत की परिभाषा सिखा दी है। यह प्रलय की आहट है।



कुदरत ने भटक चुके मानव को पाप और पुण्य का अंतर समझा दिया है। प्रकृति का एक संदेश है भटक चुके व अहंकारी इंसान के लिए जो कुदरत से खिलवाड़ करता था। लॉकडाउन प्रकृति के लिए वरदान गया था और मानव के लिए अभिशाप बन गया था। मानव ने प्रकृति के दामन को मैला करने की गुस्ताखी करके अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मारी है। प्रकृति को अपने खिलाफ होने का निमंत्रण दिया है किए की सजा को भुगतना ही पड़ेगा।

करोड़ों के हिसाब से प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के पहिए थम गए थे, प्रकृति क्या नहीं कर सकती व स्वतंत्र है। मानव ने उसे बेड़ियों में बांधने की नापाक कोशिशें की है मगर प्रकृति ने रौद्र रूप दिखाया तो मानव एक जगह घर में स्थिर हो गया था। यह अटल सत्य है। संकल्प ले यह साल सबके लिए मंगलमय हो और सबको खुशियां मिले कोई गम न मिले। सत्कर्म करने होगें समाज को सुखमय बनाना होगा। नैतिक मूल्यों तथा संस्कारों व माननीय मृल्यों को बचाना होगा। वातावरण व पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। स्वच्छता को बरकरार रखना होगा। जिम्मेदारियों को निभाना होगा। बुराइयों के खिलाफ लड़ना होगा। एक मशाल चलानी होगी। अंधेरा मिटाना होगा। दानवों व दरिंदों व गिरगिटों का खात्मा करना होगा। तभी नए साल2025 की सार्थकता होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## गजल

# साज



राकेश मनहास

***खामोशी** का तेरी जवाब मिल सा गया है।*
*सोच करके कुछ दिमाग हिल सा गया है।*
*सुनकर किस्से वफा के मेरे गीतों में।*
*मुरझाया हुआ गुलाब खिल सा गया है।*
*उलझे रहे ए जिंदगी तेरे सवालों में सदा।*
*मगर अब इक सुराग सा मिल गया है।*
*पीछा किए सितारों का रोशनी की चाह में।*
*मगर अब आफताब मिल सा गया है।*
*सुरों का नूर अब जरूर आंगन मेरे बरसेगा।*
*मोहब्बत का एक राग सा मिल गया है।*
*तमाम उम्र गुजारी अल्फाजों के जाल में।*
*बनकर वो इक किताब सा मिल गया है।*
*दिल की धड़कन भी तराना गुनगुना रही है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# किसान आंदोलन के लिए भारत बंद किसी समस्या का समाधान नहीं

भारत बंद रखने से किसानों की समस्याओं का समाधान निकलने के बजाए जनता को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती है। किसान आंदोलन के चलते लोगों का जीवन अस्त व्यस्त होकर रह जाता है। देश की जनता किसानों का आदर, सम्मान करती है। किसान आंदोलन के कारण 221 ट्रेनों के रूट प्रभावित हुए हैं। हिमाचल पथ परिवहन निगम की दिल्ली जाने वाली बसों के यात्रियों को कई समस्याओं से दो चार होना पड़ा है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

किसानों को केंद्र सरकार के साथ बातचीत करके अपनी मांगें मनवाने पर अधिक फोकस करना चाहिए। सच बात यह कि ऐसे विरोध प्रदर्शनों से देश की अर्थ व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ने सहित आम जनमानस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। विरोध-प्रदर्शनकारी भी शायद ऐसी सोच लेकर ही किए जाते हैं। किसानों को राज्य सरकारों के माध्यम से अपनी मांगें मनवाने की पहल करनी चाहिए।

ऐसा नहीं हर बार दिल्ली के दिल पर बार करके जनता के लिए हमेशा मुसीबतें पैदा की जाएं। अगर वास्तव में ऐसा ही किया जाता रहा, तो ऐसे आंदोलनों को देश की जनता कतई सही करार नहीं देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने किसान हित में तीन कृषि कानूनों का निर्माण किया था। कानून बनाना केंद्र सरकारों का काम है। राज्य सरकारों का अपना अधिकार की ऐसे कानूनों को कितनी



एहमियत देनी चाहिए। पूर्व सरकार फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित कांट्रेक्ट पालिसी लेकर भी आई थी। सरकार की मंशा गरीब किसानों को शोषण से बचाने की थी। गरीब किसान जरूरत पढ़ने पर मंडियों के आड़तियों से एडवास पैसे पकड़ लेते हैं। फसल उत्पादन उपरांत मंडी के आड़ती ऐसे फंसे गरीब किसानों की फसलों का दाम अपनी मनमर्जी से लगाते हैं। नतीजतन देश का किसान कभी कर्जे के बोझ से बाहर नहीं निकल पाता है। तीन कृषि कानूनों अनुसार किसान अपनी मनमर्जी से फसल कहीं भी बेचने का अधिकार रखता था।

कार्पोरेट कंपनियों द्वारा फसलों का बीमा किए जाना भी उक्त कानूनों में संलिप्त था। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को मुआवजा राशि पूरी ही मिलनी थी। मगर देश में केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीति आड़ में ऐसा माहौल बनाया गया कि उसे उक्त तीन कृषि कानून वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़ा। किसान आंदोलन की आड़ में देश का किसान कोरोना वायरस काल के दौरान भी सड़कों पर डटा रहा। किसान नेता केंद्र सरकार की किसी बात को मानने के लिए तैयार नहीं थे। किसान आंदोलन की आड़ में देश के तिरंगे का अपमान किया गया। ऐसे में शंभु हरियाणा बार्डर पर आंदोलित किसानों की पृष्ठभूमि क्या हो सकती है। किसानों के संगठन अनगिनत इसलिए वह हमेशा अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरते जो कि गलत है। केंद्र सरकार किसानों की मांगें आपस में बैठकर भी सुन सकती तो फिर विरोध-प्रदर्शन आखिर किसके कहने पर किए जाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

HAPPY 2025 NEW YEAR!

HAPPY New Year 2025


नीरज सोनी


विशाल सोनी

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा खंड नगरोटा बगवां की तरफ से

# नववर्ष 2025

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


अनिल भाटिया
अध्यक्ष, जिला कांगड़ा


सुरिन्द्र राणा
प्रधान, खण्ड नगरोटा बगवां


कुलदीप आनंद
वरिष्ठ उपाध्यक्ष खण्ड नगरोटा बगवां


भूपिन्द्र जम्बाल
महासचिव, खण्ड नगरोटा बगवां


सतीश कुमार
कोषाध्यक्ष खण्ड नगरोटा बगवां


आनंद अवस्थी
महालेखा कार खण्ड नगरोटा बगवां


कमलजीत गुलरिया
मुख्य संरक्षक

# नववर्ष 2025

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


सुखविंदर सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री हि.प्र.


चंद्र कुमार
माननीय कृषि हि.प्र.

HAPPY NEW YEAR 2025


कर्ण सिंह पठानिया (मालटू)
जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी

Royal PRODUCT

2025 HAPPY NEW YEAR

रॉयल है तो लैदर है

# नववर्ष 2025

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


Vijay Bokolia
M.D.

## Royal Shoes Co.®

100% Leather Manufacturer

Mohtli Ramp, G.T. Road, Damtal (H.P.)
Contact: 9816135899, 01893-245702
Email: vijaybokolia1986@gmail.com

# Neugal
## Public Sen. School

Bindraban Palampur, Distt. Kangra (H.P.)
E-mail: principal_npss@rediffmail.com
CBSE Affiliated New Delhi, Affiliation No. 630128


Assem Awasthi
Contact: 8988171485

HAPPY NEW YEAR 2025

Nursery to +2 (All Stream)



HAPPY NEW YEAR 2025

# GGDSD
## EDUCATION SOCIETY
### Baijnath, Distt. Kangra (HP)

May Millions Of Lamps Illuminate Your Life With Joy, Prosperity, Health & Wealth Forever. Wishing You & Your Family A Very Happy New Year

- 6.6.D.S.D COLLEGE RAJPUR, PALAMPUR
- PT. AMAR NATH SP PUBLIC SCHOOL, BAIJNATH
- PT. AMAR NATH SP PUBLIC SCHOOL, NAGRI
- NAND KUMAR SD SR. SEC. SCHOOL GHUGGAR (PALAMPUR)
- NAND KUMAR SD SR. SEC. SCHOOL SIDHPUR (MOHRALLA)
- BACHPAN PLAY SCHOOL NAGROTA BAGWAN
- S.D. PUBLIC SCHOOL, NAGROTA BAGWAN

DR. VIVEK SHARMA
EXECUTIVE DIRECTOR
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

SH. U.R. CHEEMA
H.A.S (RETD)
WORKING PRESIDENT
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

DR DESH BANDHU
PRESIDENT
G.G.D.S.D EDUCATION SOCIETY, BAIJNATH

# नववर्ष 2025

की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


Satish Karwal
CHAIRMAN
Budhamal Jewellers
Palampur


Manik Karwal
MANAGING DIRECTOR
Budhamal Jewellers
Palampur



HAPPY NEW YEAR 2025

Budha Mal Empire, Aima, Near Yamini Hotel, Palampur, Distt. Kangra (H.P.) 98167 33344

Satyam College Of Nursing
Lanjot
विद्यां ददाति विनयं

# SATYAM COLLEGE OF NURSING

Approved by H.P. Govt.,
Affiliated to Atal Medical University Nerchowk Mandi, HPNRC Shimla , Recognition by Indian Nursing Council (INC) New Delhi (13030)

## ADMISSION OPEN

*State & Management Quota Seats Available

**B.SC. NURSING**
Eligibility
12th Medical (With 45%)
Duration: 4 Yrs.

**GNM**
(General Nursing & Midwifery)
Duration: 3 Yrs.,
Eligibility: 12th Any Stream

Limited Seats Left

First Come First Serve

2025

HAPPY NEW YEAR 2025



## SATYAM INSTITUTION OF VETERINARY PHARMACISTS

Institution is Affiliated to: SARWAN KUMAR AGRICULTURE UNIVERSITY PALAMPUR
Eligibilty 10+2 with 55% Marks, Post Basic Nursing, Qualification GNM

Vill. Lanjot, P.O. Basnoor, Tehsil Shahpur,Distt. Kangra (H.P.) 176208, Contact: 98162-87750, 94597-17205, 98712-38829

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने हर दिन सेहत अभियान का किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महत्वाकांक्षी हर दिन सेहत अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। यह व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. राहुल राव, वरिष्ठ मेडिकल अधीक्षक सह एसोसिएट प्रोफेसर, अस्पताल प्रशासन विभाग, डॉ. अभिषेक ठाकुर, अस्पताल प्रशासन विभाग से और डॉ. अमित सचदेवा, सामुदायिक चिकित्सा विभाग से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम अस्पताल प्रशासन विभाग द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता और सुलभता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। हर दिन सेहत अभियान एक विशेष स्वास्थ्य विषय के लिए समर्पित करता है।

### सरकार संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्धः विक्रमादित्य

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हर क्षेत्र का समावेशी विकास सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पीएमजीएसवाई-3 योजना के अंतर्गत 2000 किलोमीटर सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। 679 किलोमीटर सड़कें एफडीआर तथा 468 किलोमीटर सड़कें सीटीबी के तहत बनाई जाएंगी और अन्य सड़कें पारंपरिक तकनीक से बनाई जाएंगी।

### नगर परिषद सुन्नी बारे जारी की अधिसूचना

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद सुन्नी बनाया गया है, जिसके लिए राज्यपाल द्वारा मुहर लगने के बाद शहरी विकास विभाग की ओर से 30 को अंतिम अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार हिमाचल के राज्यपाल ने निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ क्षेत्रों को नगर पंचायत सुन्नी में शामिल किया गया है। साथ ही नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद के तौर पर अपग्रेड किया गया है। शहरी विकास विभाग की ओर से 9 दिसंबर को सुन्नी के साथ लगती दो पंचायतों के क्षेत्रों को शामिल कर नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसे 10 दिसंबर को राजपत्र में प्रकाशित कर जनता की आपत्तियों के लिए रखा था। हालांकि संबंधित पंचायतों के लोगों ने इस पर आपत्तियां भी जताई। अब अंतिम अधिसूचना इस बारे जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार पंचायत घरयाणा के घरयाणा खसरा नंबर 1351, पल्याड दोयम (365), ड़वारसु (439), शील सरकारी (120), जंगल कंवलपुर (75), पल्याड अव्वल (111) को नगर परिषद सुन्नी में शामिल किया गया है।

### नेगी ने भूमि का ब्यौरा मांगने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंत्रीमंडलीय उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को हस्तांतरित की गई भूमि की समीक्षा की गई। बैठक में अवगत करवाया कि राजस्व विभाग द्वारा 30 नवंबर तक विभिन्न विभागों को 31,031 बीघा भूमि हस्तांतरित की गई है। उद्योग विभाग को 20,562 बीघा, बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं बिजली को 2,309 बीघा, पशुपालन विभाग को 2,942 बीघा भूमि हस्तांतरित की गई है। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को सभी विभागों और जिलों से हस्तांतरित की गई भूमि में से प्रयोग न की गई भूमि का ब्यौरा मांगने के निर्देश दिए।

### कृषि उत्पादों की कीमतों में कटौती की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (हिमफेड) को आवश्यक कृषि आदानों पर अपने मार्जिन को 15-20 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर कीमतों में महत्वपूर्ण कमी की घोषणा की है। यह पहल हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की कृषक समुदाय का कल्याण और किफायती, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों तक पहुंच सुनिश्चित करना की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### चोखाना गांव में ग्रामीणों ने बनवाया श्मशानघाट



**जगदीश सेठी, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाली डंगार पंचायत के गांव चोखाना के ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से ही श्मशानघाट बना डाला। ग्राम चोखाना के लोगों का श्मशानघाट एक जंगल में था और खुले आसमान के नीचे ही शवों को जलाया जाता था। जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लोगों ने आपसी सहमति से और ग्राम सुधार समिति के सहयोग से धनराशि एकत्रित की, जिससे श्मशानघाट का निर्माण 1 लाख 34 हजार 801 रुपए में कर दिया गया।

### घुमारवीं भाजपा मंडल ने कार्यकारिणी का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं भाजपा मंडल ने कार्यकारिणी का ऐलान किया है। मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि कार्यकारिणी में दो महामंत्री, पांच उपाध्यक्ष व छह सचिव नियुक्त किए हैं। इसके अलावा मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यलय सचिव व दो प्रवक्ता बनाए गए हैं। भाजपा मंडल कार्यकारणी में पंकज चंदेल व सरवन जम्वाल को महामंत्री, कैप्टन सुरजीत, सुरेश पटियाल, रक्षा ठाकुर, राकेश कुमार पिंकू व विजय कुमार को उपाध्यक्ष, सुषमा रनौत, अनीता शर्मा, अंजीव चंदेल, प्रेम चंद धीमान व सुरेश कुमार को सचिव, महेंद्र पाल रतवान को मीडिया प्रभारी, सुरेंद्र शर्मा को सह मीडिया प्रभारी, नरेश कुमार को कार्यालय सचिव, चैन सिंह व चंद्रशील को प्रवक्ता, प्रवीण पजियाला को कोषाध्यक्ष तथा रविकांत मिंटू को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में कुशल ठाकुर, परमजीत सिंह, बालचंद सारदा, सागर राम, सुधीर चंदेल, कर्म चंद चंदेल, कर्म सिंह चंदेल, नंद लाल, जगदीश चंद, रणजीत सिंह, पवन कुमार, रमेश चंद, अरविंद वर्मा, विशन दास, संदीप कुमार व जुमित राय को सदस्य चुना गया है। कैप्टन राम सिंह, नरेंद्र ठाकुर, एडवोकेट जेआर शर्मा, नवीन शर्मा, राजेश शर्मा, रमेश वर्मा, ऊषा ठाकुर, कमलेश ठाकुर, केशव नंद, विनोद शर्मा, परषोतम शर्मा, राम गोपाल, हेम राज संख्यान, अश्विन रतवान, कैप्टन जीत राम, प्रेम सागर भारद्वाज, किशोरी लाल, सुरेश ठाकुर, धनी राम सौंखला, अरविंद महाजन, कमलजीत पटियाल व कमलजीत शर्मा को स्थाई आमंत्रित सदस्य चुना गया है। इसके अतिरिक्त इंद्री देवी, प्रकाश चंद, दिनेश ठाकुर, सुरेश चंदेल, सौरभ ठाकुर, रूप लाल, विकास राव, देशराज शर्मा, मिल्खी राम, सरदार प्रेम सिंह, संदीप शर्मा, रवि राणा, सुरेंद्र कुमार, अंकुश चंदेल, लेख राम कौल, जैसी राम, हेम राज वर्धन, देश राज, उधो राम शास्त्री, जितेंद्र धीमान, नरेश, शिव कुमार, अश्विन रतवान, सतीश गौतम, शमशेर सिंह, अशोक पठानिया, सुरम सिंह, रणवीर सिंह, ब्रह्मा दास, कमला देवी, तुलसी राम राव, पदमा शर्मा, आशा ठाकुर, राजेंद्र, रणवीर पटियाल, विजय कुमार, केशव संख्यान व पवन शर्मा को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।

### एक जीप से 11 पेटी संतरा शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** थाना झंडूता पुलिस ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर एक जीप से 11 पेटी संतरा शराब की बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार थाना झंडूता पुलिस ने शक के आधार पर जीप की तलाशी ली तो उससे यह शराब की पेटियां बरामद कीं। पुलिस ने जब जीप चालक विक्की निवासी भ्यूली डाकघर पुरानी मंडी से संबंधित शराब का परमिट मांगा तो वह कोई कागज पेश नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने थाना झंडूता में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना झंडूता पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### एनसीसी के कैडेट्स ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में लिया भाग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एनसीसी इकाई के 6 कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल, कॉर्पोरल नैना चौहान, लांस कॉर्पोरल प्रत्यक्ष, कैडेट शगुन ठाकुर, कैडेट प्रशांत, कैडेट अतुल रावल ने 18 से 29 दिसंबर 2024 तक पठानकोट में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। प्रतियोगिता में 16 टीमों के बीच हुए मुकाबले में सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल, लांस कॉर्पोरल प्रत्यक्ष, कैडेट प्रशांत और कैडेट अतुल रावल ने पहला स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और एनसीसी इकाई का गौरव बढ़ाया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ से सभी समितियों के सम्वयक डॉ.सुरेश शर्मा, प्रो प्रीतम लाल, प्रो. सीता राम तथा अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने सहयोग किया।

# रिज पर नववर्ष का जश्न...

## 05 सेक्टरों में बंटा शहर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी में न्यू ईयर को लेकर रिज मैदान पर जनसैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में पर्यटक शिमला पहुंचे और न्यू ईयर का जश्न मनाया। न्यू ईयर की पूर्व संध्या व दिन के समय जहां लोग बधाइयां व जश्न मनाते नजर आए। वहीं, देर रात को पुलिस ने कई शरारती तत्वों को भी खदेड़ा। कइयों को पुलिस ने इस दौरान वार्निंग भी दी। लोग ने देर शाम तक जश्न मनाया, लेकिन कुछ लोग नशे की हालत में पुलिस जवानों के साथ ही उलझ पड़े। पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों ने कई जगह पर नाटी डालकर न्यू ईयर का जश्न मनाया। पुलिस ने लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। न्यू ईयर का जिम्मा बड़े पुलिस अधिकारियों सहित 300 से अधिक जवानों को सौंपा गया। रिज पर इतनी भीड़ रही कि लोगों के बीच भी जमकर धक्का-मुक्की चली। हजारों के हिसाब से लोग रिज व मालरोड पर पहुंचे। लोगों के चलने की भी जगह नहीं थी। शहर को सुरक्षा की दृष्टि से 5 सेक्टरों में बांटा गया था। प्रत्येक सेक्टर में एक अधिकारी तैनात रहा।

**300 से अधिक पुलिस जवानों ने संभाला न्यू ईयर का जिम्मा**

## टाहू में अग्निकांड से 20 कमरों का मकान राख

**कोटखाई।** कोटखाई उपमंडल की थरोला पंचायत के टाहू में मंगलवार को अग्निकांड की भीषण घटना में 20 कमरों का मकान जलकर राख हो गया है। अग्निकांड की घटना में 5 परिवार प्रभावित हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निकांड से प्रभावित परिवारों में चेतन पुत्र जय कृष्ण, जय प्रकाश पुत्र हिरा दास, देविंद्र पुत्र सालू राम, सुरेंद्र पुत्र सालू राम व नरेंद्र पुत्र दौलत राम के रिहायशी मकान में अचानक आग लग गई। चार मंजिला मकान लकड़ी व पत्थर का बना हुआ था। लकड़ी के बने मकान में 20 कमरे व एक गोशाला भी जलकर राख हो गई। वहीं, मकान में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया है। अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के सदस्यों के सिर्फ पहने हुए कपड़े ही बच पाए हैं। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है व प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को 10-10 हजार रुपए, दो-दो कंबल व एक -एक तिरपाल दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से 50 लाख के करीब नुकसान का आकलन किया गया है।

## डिस्वाणी में देवता गुडारु महाराज का शांतड़ी महायज्ञ संघेड़ा से शुरू



**दशमी रावत, रोहडू**

डिस्वाणी गांव के आराध्य देवता गुडारु महाराज के तीन दिवसीय ऐतिहासिक शांतड़ी महायज्ञ का संघेड़ा से शुभारंभ हुआ।

शांतड़ी महायज्ञ के पहले दिन 31 दिसंबर को मेहमान देवताओं व परशुराम का आगमन हुआ। दूसरे दिन शिखा पूजन की रस्म होगी। वहीं, तीसरे दिन उछड़-पाछड़ के साथ सभी देवताओं व परशुराम की विदाई होगी। रोहडू के आराध्य देवता शिकड़ू महाराज, छूपाड़ी व थली के गुडारु देवता महाराज और चिऊनी व नंदला के परशुराम डिस्वाणी में बतौर मेहमान पहुंचे। डिस्वाणी गांव में पहुंचने पर सभी देवताओं व परशुराम का आपस में भव्य मिलन हुआ।

इस अवसर पर शांतड़ी महायज्ञ में पहुंचे सैकडों देवलुओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर हाथों में तलवारें व डंडे लहराते हुए नृत्य किया। पहले दिन डिस्वाणी में द्वारखुल के प्रांगण में धूड़ पीटने की रस्म अदा की गई। शांतड़ी महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को मंदिर की शिखा पूजन होगी। (अनंत ज्ञान)

## बिजली बोर्ड कर्मियों का प्रदर्शन

### चंडीगढ़ के समर्थन में की एक घंटे की हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

चंडीगढ़ के समर्थन में शिमला में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारियों और इंजीनियरों ने एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। ज्वॉइंट फ्रंट ने नेशनल को-आर्डिनेशन कमेटी ऑफ बिजली कर्मचारी एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर एक घंटा काम का बहिष्कार किया और कहा कि चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजी हाथों में जाने से पड़ोसी राज्यों पर भी इसका असर पड़ेगा और हिमाचल प्रदेश का औद्योगिक क्षेत्र कॉरपोरेट के निशाने पर रहेगा। प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मचारी हिमाचल प्रदेश स्टेट बिजली बोर्ड के कर्मचारी और इंजीनियर ज्वॉइंट फ्रंट ने चंडीगढ़ के बिजली कर्मचारियों के संघर्ष को समर्थन देते हुए चेतावनी दी कि यह कदम पड़ोसी राज्यों और हिमाचल प्रदेश पर भी गहरा असर डालेगा। ज्वॉइंट फ्रंट के सह-संयोजक हीरालाल वर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ बिजली विभाग को निजी कंपनी को सौंपने का असर हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल में भी बिजली बोर्ड को तीन हिस्सों में बांटने की योजना बना रही है, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं पर सीधा असर होगा।



चंडीगढ़ के समर्थन में शिमला में बिजली बोर्ड के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

## नगर निगम ने वापस लिया शौचालय में यूरिन शुल्क वसूलने का फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नगर निगम ने शौचालय में यूरिन शुल्क वसूलने का फैसला वापस ले लिया है। हिमाचल प्रदेश में टॉयलेट टैक्स के बाद अब नगर निगम द्वारा पब्लिक टॉयलेट में शुल्क लगाने का ऐलान किया था।

बीते दिन नगर निगम की मासिक की में इस पर चर्चा हुई और महापौर ने शुल्क लेने की बात कही, लेकिन विरोध होने के बाद अब नगर निगम किसी भी तरह का शुल्क सार्वजनिक शौचालय में न लेने की बात कर रहा है। नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि नगर निगम किसी भी तरह का सार्वजनिक शौचालय में शुल्क नहीं वसूलेगा। शहर में सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव सुलभ इंटरनेशनल द्वारा किया जाता है और नगर निगम इसके एवज में उन्हें हर माह 2 लाख 44 हजार देता है। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा हाई कोर्ट में शुल्क को लेकर याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई हो रही है, लेकिन नगर निगम अपनी ओर से यह पक्ष कोर्ट में रखने जा रहा है कि सार्वजनिक शौचालय में किसी से कोई भी शुल्क न लिया जाए। महिलाओं से भी किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जा रहा, ऐसे में पुरुषों को भी कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा सार्वजनिक शौचालय से जो भी आय होती है, वह नगर निगम को नहीं मिलती है यह केवल सुलभ इंटरनेशनल ही रखता है और नगर निगम हर साल शहर में शौचायलयों के रखरखाव को लेकर एक साल तक का टेंडर करता है।

# बिलासपुर पुलिस जल्द ही एक स्निफर डॉग की मदद से पकड़ेगी मादक पदार्थ

## मादक पदार्थों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सीआईडी निदेशालय को भेजी डिमांड

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस अब जल्द ही एक स्निफर डॉग लेने जा रही है। कीतरपुर-नेरचौक फोरलेन एरिया में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही वाहनों की आवाजाही और संदिग्धों पर पहचान रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। जिसके चलते बिलासपुर पुलिस ने सीआईडी निदेशालय को एक डिमांड पत्र भी भेजा है।

उम्मीद है कि जल्द ही बिलासपुर पुलिस को एक स्निफर डॉग मिल जाएगा और इसकी सुविधा लेना भी पुलिस प्रशासन जल्द शुरू कर देगी। खबर की पुष्टि बिलासपुर एसपी संदीप धवल ने की। बिलासपुर पुलिस के पास अभी तक एक भी डॉग नहीं है। स्निफर डॉग को पुलिस प्रशासन लेने जा रहा है, वह मादक पदार्थों को चंद मिनटों के भीतर पकड़ने में प्रशिक्षित होते है। वह सुंघ कर ही मादक पदार्थों की पहचान कर लेते हैं।

**कीरतपुर नेरचौक फोरलेन पर वाहनों की जांच करने में पुलिस को मिलेगी मदद**



**एसपी बोले-डॉग्स की मदद से पुलिस को मिलेगी अधिक सफलता**

फोरलेन शुरू होने से यहां पर आए दिन काफी मात्रा के साथ नशेड़ियों को पकड़ा जा रहा है। वहीं, पुलिस प्रशासन का यह भी कहना है कि यहां पर प्रत्येक गाड़ी को चेक करना भी आए दिन काफी मुश्किल भरा हो रहा है। क्योंकि जिले के मंडी भराड़ी क्षेत्र इन दिनों काफी हॉट स्पॉट बना हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में अन्य राज्यों के वाहन यहां से निकल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने डॉग्स की मदद से सुलझाए कई मामले

**पुलिस** से मिली जानकारी के अनुसार देश में पहला डॉग स्क्वायड हिमाचल के पास था। पुलिस को डॉग स्क्वायड ब्रिटिश शासन से विरासत में मिला था। इसके बाद पुलिस मैनुअल में स्निफर तथा ट्रैकर डॉग्स के लिए नियम निर्धारित किए गए थे। इसके तहत डॉग्स हैंडलर (पुलिसकर्मी) को इनकी देखभाल करने के कड़े प्रावधान किए थे। डॉग्स हैंडलर को पुलिस विभाग 30 से 50 हजार प्रतिमाह वेतन भी दे रहा है। वहीं, पुलिस प्रशासन द्वारा इनकी विशेष ट्रेनिंग मोहाली पंजाब में करवाई जाती है। जिसके बाद इनको हिमाचल में लाया जाता है। हिमाचल प्रदेश की बात करें तो पुलिस प्रशासन ने इस डॉग्स की मदद से कई ऐसे अनसुलझे मामले भी सुलझाए हैं जिनमें पुलिस के हाथ पांव पूरी तरह से फुल गए थे। वहीं, अब देखना यह होगा कि बिलासपुर पुलिस द्वारा भेजी गई डिमांड कब पूरी होगी और पुलिस प्रशासन बिलासपुर को कब स्निफर डॉग मिलेगा।

### हिमाचल पुलिस के पास हैं एक दर्जन से अधिक डॉग्स

**आपको** बता दें कि हिमाचल प्रदेश पुलिस के पास अभी तक कुल एक दर्जन से अधिक डॉग्स हैं। जिनकी डॉग्स स्क्वायड व मादक पदार्थों को पकड़ने में मदद ली जाती है। ऐसे में अगर बिलासपुर पुलिस प्रशासन के पास भी अगर यह डॉग आ जाता है तो उनके लिए नशेड़ियों को पकड़ने में काफी कारगार सिद्ध होगा।



"एक स्निफर डॉग की डिमांड भेजी गई है। यह स्निफर डॉग मादक पदार्थों को पकड़ने में काफी कारगार सिद्ध होंगे। कीरतपुर नेरचौक फोरलेन के बिलासपुर एरिया में वाहनों की आवाजारी अधिक बड़ी है। प्रत्येक वाहनों की चैकिंग करने के लिए यह डॉग लाभदायक होगा।
-संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।"

## प्रदेश में योजनाबद्ध विकास को मिलेगा बढ़ावा : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रदेश सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की वर्ष 2024 की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस वर्ष विभाग ने कई कदम उठाए हैं, जिनसे विकास को बढ़ावा मिलेगा। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने राज्य के योजनाविशेष क्षेत्रों और शहरी स्थानीय निकायों के लिए ई-डीसीआर क्षमता के साथ वेब पोर्टल विकसित किया है।

वहीं राज्य सरकार ने शिमला, कुल्लू घाटी, मेहतपुर और चौपाल जैसे चार योजना क्षेत्रों और श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम और हाटकोटी जैसे दो विशेष क्षेत्रों की विकास योजनाओं को मंजूरी दी है। तेजी से शहरीकरण हो रहे क्षेत्रों जैसे रोहड़ू, बंजार, कुफरी, ऊना, हाटकोटी, पालमपुर, धर्मशाला, चंबा और बैजनाथ-पपरोला में एचपीटीसीपी अधिनियम, 1977 का विस्तार किया गया है।

जल निकासी प्रणाली की जांच अनिवार्य की गई है। संरचनात्मक डिजाइन रिपोर्ट और भूवैज्ञानिक जांच रिपोर्ट को अनिवार्य किया गया है। नालों और खड्डों के पास 5-7 मीटर के दायरे में निर्माण पर रोक लगाई गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सेटबैक को घटाकर भूमि हानि को 30: से कम किया गया है, वहीं अन्य कार्यों की भी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि साथ ही, केंद्रीय व्यावसायिक क्षेत्रों, राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य राजमार्गों के पास एफएआर को 1.75 से बढ़ाकर 7 तक किया गया है। पर्यटन इकाइयों और विशेष व्यावसायिक भवनों के लिए एफएआर को 1.75 से बढ़ाकर 5.0 (3.51.5) किया गया है।

इस पहल से पर्यटन और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उठाए गए ये कदम तकनीकी नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, योजनाबद्ध विकास और औद्योगिक तथा वाणिज्यिक प्रगति के लिए एक बड़ी पहल साबित हो रहे हैं। इन पहलों से प्रदेश का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित होगा।

## टैक्स चोरी करने पर विभाग ने तीन लाख किए वसूल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** आबकारी एवं कराधान विभाग बिलासपुर द्वारा दिसंबर माह में बाहरी राज्यों से टैक्स चोरी कर सामान लाने पर अलग-अलग मामलों में करीब तीन लाख रुपए पेनल्टी के रूप में वसूल किए हैं। इसके अलावा जिला बिलासपुर के गरामोडा में स्थित आधिकारिक टेक्स बैरियर पर दिसंबर माह में करीब 24 लाख रुपए टैक्स के रूप में जमा हुए हैं। आबकारी विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त अनुराग गर्ग के नेतृत्व में अन्य विभाग के अधिकारी नियमित रूप से इस कार्य में जुटे हुए हैं।

सहायक आयुक्त अनुराग गर्ग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि टैक्स चोरी व जीएसटी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग गुड्स एंड सर्विस टैक्स के तहत लगातार कार्रवाई करता है। फिर चाहे वह प्रवासी व्यवसायी हो या फिर स्थानीय स्तर पर काम करने वाले व्यवसायी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि जीएसटी पंजीकरण के लिए सरकार की तरफ से 40 लाख रुपए के वार्षिक टर्नओवर की सीमा तय है। 40 लाख से कम टर्न ओवर पर आवेदन करना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने सभी व्यापारियों से आग्रह किया है कि 200 रुपए से अधिक का सामान बेचने पर ग्राहक को बिल जरूर अदा करें।(अनंत ज्ञान)

**ठगी मामला** एसपी बिलासपुर ने थाना प्रभारियों को जारी किए आदेश

# फाइनेंस कंपनियों की पुलिस करेगी जांच

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

तलाई में ठगी का मामला सामने आने के बाद पुलिस अब धरातल पर फाइनेंस कंपनियों की जांच करेगी। इसके लिए एसपी बिलासपुर ने थाना प्रभारियों को आदेश जारी कर दिए हैं।

एक फाइनेंस कंपनी द्वारा करोड़ों रुपए की ठगी करने के बाद एसपी बिलासपुर ने आदेश जारी किए हैं कि धरातल पर जिला में चल रही फाइनेंस कंपनियों की जांच की जाएगी कि बिलासपुर में कितनी फाइनेंस कंपनियां चल रही है और कितनी पंजीकृत हैं और कितनी बिना पंजीकरण के चल रही हैं। इससे लोग ठगी का शिकार होने से बच सकेंगे। आदेश जारी करने के बाद पुलिस थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में जांच करेंगे तथा इसकी रिपोर्ट आलाधिकारियों को सौंपेंगे। बता दें कि पुलिस थाना तलाई के तहत विभिन्न क्षेत्रों और जिला बिलासपुर में ट्रेडिंग के नाम ठगी मामले को लेकर एफआइआर तलाई थाना में दर्ज करवाई गई थी।


यह एफआईआर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के आदेशों के बाद करवाई गई थी। 14 लोगों के साथ ठगी होने की बात कही गई थी। शिकायतकर्ता संजय कुमार पुत्र रूप लाल गांव व डाकघर सुन्हाणी तहसील झंडूता जिला बिलासपुर सहित अन्य 14 आवेदनकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ज्ञान चंद निवासी अमरपुर तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर व इसके अन्य साथियों ने मिलकर उन्हें एक ट्रेडिंग कंपनी नाम की कंपनी में निवेश करने के लिए उकसाया तथा अपनी कंपनी की आकर्षक योजनाएं दिखाईं और शिकायतकर्ताओं को जाल में फंसाया कर निवेश करवा लिया।

जुलाई माह में ही ऐसी कंपनी के खिलाफ केस दर्ज हो चुके हैं। इसमें कंपनी के मालिक और अधिकारी बरठीं स्थित कार्यालय को बंद करके फरार हो चुके थे।


"बिलासपुर में फाइनेंस कंपनियों की जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। तलाई थाना में हुई ठगी के बाद यह बहुत जरूरी है। जिला में जांच की जाएगी कि कुल कितनी फाइनेंस कंपनियां हैं और इनमें कुल कितनी पंजीकृत हैं।
-संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।"

## नववर्ष पर नयना देवी में एक लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना


**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी।** श्री नयना देवी जी के मंदिर में दो दिवसीय मेला आज से आरंभ हो गया। इस नववर्ष मेले में लगभग 1 लाख यात्रियों के आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।




वहीं कड़कती ठंड में श्रद्धालु मां के दर्शनों के लिए आज पहुंच रहे हैं तथा नयना देवी में पहुंचकर घने कोहरे का सुंदर नजारा देख सेल्फियां लेते हुए श्रद्धालू देखे गए। आनंदपुर साहिब से कोलां वाला टोबा तक लगभग 10 लंगर सेवा दलों द्वारा लगाए गए हैं जिनमें अलग-अलग तरह से व्यंजन बनाने एवम परोसने की होड़ लगी हुई थी। आज संध्या तक काफी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शनों को पहुंचेंगे जबकि कोलां वाला टोबा में यात्रियों का जमावड़ा शुरू हो गया था तथा घ्वांडल चौक में भी जगह-जगह पर पुलिस ने नाका लगाया हुआ था ताकि यातायात व्यवस्था में कोई बाधा ना हो तथा सुचारू रूप से उनका पुलिस संचालन कर रही थी। मेला अधिकारी धर्मपाल ठाकुर ने बताया कि प्रबंधों पर नजर रहेगी ताकि श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)


HAPPY NEW YEAR 2025
HAPPY NEW YEAR 2025
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार


अनिल शर्मा
जिला ब्यूरो प्रभारी मंडी
9418980288
8263880288
नूतन प्रकाश ठाकुर
वरिष्ठ संवाददाता
बालीचौकी
9817345707
संजय सलवानी
संवाददाता
जड़ोल
9816044503
अभिषेक शर्मा
संवाददाता जोगिंद्रनगर
7018982097



नववर्ष 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
प्रकाश राणा
विधायक, जोगिंद्रनगर


नववर्ष 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
लडभड़ोल क्षेत्र के समाजसेवी
के के सकलानी
की और से देश व प्रदेशवासियों को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं


HAPPY NEW YEAR 2025
राकेश जम्वाल
विधायक सुंदरनगर
अजय वर्मा
उपप्रधान पंचायत कांगू
SHEETLA INSTITUTE
सरकारी मान्यता प्राप्त सरकारी कंप्यूटर कोर्स
O level, DCA, PGDCA, BA, BBA, BSC, BCOM
MA, MBA, BCA MCA BSC IT, TALLY WITH GST
ADDRESS:- OPPOSITE SDM OFFICE SUNDERNAGAR, NEAR SHEETLA MATA TEMPLE DEHAR


HAPPY NEW YEAR 2025


HAPPY NEW YEAR 2025
पवन कुमार ठाकुर
टापे राम
पंचायत सचिव
नववर्ष 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं


नववर्ष 2025
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश जम्वाल
विधायक सुंदरनगर
Happy New Year 2025
Panna lal
A class
Govt. Contractor (Electricity)


नववर्ष 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
कैप्टन पंडित
लेखराज शर्मा
ज्योतिषाचार्य, शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर


नववर्ष 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
जीवन ठाकुर
सचिव पूर्व
प्रदेश कांग्रेस


शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर की
ज्योतिष आचार्य विभा शर्मा
की ओर से नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
HAPPY NEW YEAR 2025


नववर्ष 2025
की राष्ट्र व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
राकेश जम्वाल
विधायक सुंदरनगर
राज कुमार
सुंदरनगर बीडीसी अध्यक्ष
एवं भाजपा डैहर मंडल अध्यक्ष


नववर्ष 2025
की राष्ट्र व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
राकेश जम्वाल
विधायक सुंदरनगर
चमन लाल
सरकारी ठेकेदार


नववर्ष 2025
की राष्ट्र व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के मान सम्मान को समर्पित
डॉ. बीआर अंबेडकर
भारत रत्न, संविधान निर्माता
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी
इंदिरा गांधी
पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी
सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश
HAPPY NEW YEAR 2025
चमन राही
महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता
अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हि.प्र.
मो. 9816368111


पेड़ पौधों की करो रखवाली
तभी आएगी सुंदर हरियाली
रमेश कुमार
वन परिक्षेत्र अधिकारी थाची रेंज
रमेश कुमार वर्धन
वन खंड अधिकारी, बालीचौकी
नरेंद्र कुमार
वन रक्षक, गाड़ागुशैण बीट
हरीश कुमार
वन रक्षक, बालीचौकी बीट
जगदेव ठाकुर
वन रक्षक, परखोल बीट
राजेश कुमार
वन रक्षक, पंजाई बीट
प्यारे लाल
वन रक्षक, देवधार बीट
नरोत्तम कुमार
वन रक्षक, वसाण बीट
HAPPY NEW YEAR 2025
चिरंजी लाल
वन रक्षक, टिक्करी बीट
नरेश कुमार
वन रक्षक, देवधाच बीट
पंकज कुमार
वन रक्षक, बगड़ा बीट


HAPPY NEW YEAR 2025
राकेश जम्वाल
विधायक सुंदरनगर
जीत राम ठाकुर
उपाध्यक्ष भाजपा
जिला किसान मोर्चा
नववर्ष 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
Highway Driving School & Technical Institute
Contact for : LMV, HTV, Lerner Licence
& Renewal Driving Licence
01907-266248
Mo:- 94181-23148
98172-10416
Oppsite Boy School Sundernagar Distt. Mandi (H.P.)-175018

## न्यूज ब्रीफ

### जूडो नेशनल ट्रायल में चौहरघाटी की दो बेटियों का चयन



**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर के चौहारघाटी राजकीय उच्च पाठशाला बल्ह की अलीशा शांडिल ने चौथी बार स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन करवा दिया है। वहीं यशवी शांडिल दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई है। ये दोनों बेटियां अति दुर्गम क्षेत्र चौहार घाटी के ग्राम पंचायत टिक्कर के गांव बाघन से संबंध रखती है। बेटियों के कोच जोगिंद्र सिंह शांडिल ने हुए कहा कि दोनों बेटियां राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने के लिए 16 जनवरी को महाराष्ट्र (पुणे) के लिए रवाना होगी जहां ये अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएगी।

### जोगिंद्रनगर एथलेटिक्स सेंटर की आस्था आईटीबीपी में चयनित



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर एथलेटिक्स कोचिंग सेंटर के लिए साल 2024 के अंतिम दिन एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। कोच गोपाल ठाकुर की शिष्या आस्था भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में सेवाएं देंगी। 2014 में कल्पा से जोगिंद्रनगर एथलेटिक्स सेंटर पहुंची आस्था गरीब परिवार से ताल्लुक रखती हैं। आस्था ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) परीक्षा उत्तीर्ण कर आईटीबीपी में स्थान पाया और अब अंबाला के निकट भानू में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी।

### नगर निगम की लाइब्रेरियों का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर आयुक्त एचएस राणा द्वारा शहर में निगम द्वारा चलाई जा रही सभी पुस्तकालयों बैहना, सोलीखड, टाउन हॉल, सैन मुहला के अलावा घंटाघर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन पुस्तकालयों की साफ सफाई के साथ-साथ पढ़ने वाले बच्चों की संख्या को भी चेक किया गया। आयुक्त द्वारा इन पुस्तकालयों में पढ़ने वाले बच्चों को जानकारी से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इसके अलावा इन संस्थानों के रखरखाव एवं इनमें होने वाले छोटे-मोटे फेरबदल को सही करने के लिए मौके पर टीम को आवश्यक निर्देश भी दिए।

### वयोवृद्ध पत्रकार किशोरी लाल पंचतत्व में विलीन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के वयोवृद्ध पत्रकार किशोरी लाल सूद के आकस्मिक निधन पर जिला प्रशासन, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, प्रेस क्लब मंडी सहित विभिन्न वर्गों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। किशोरी लाल सूद का 30 दिसंबर देर सायं मंडी में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। 31 दिसंबर को मंडी के हनुमान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि उनके पुत्रों वरिष्ठ पत्रकार मनीष सूद तथा मंडी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अंकुश सूद ने दी। इस अवसर पर एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, नगर निगम मंडी के पार्षद, प्रेस क्लब मंडी के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला से आए पत्रकार बंधु, परिवार जनों सहित विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे। किशोरी लाल सूद के निधन पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार, मध्य जोन मंडी की उपनिदेशक कुमारी मंजुला, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया है।

### राफ्टिंग में खिलाड़ियों ने झटके 2 कांस्य पदक



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** 9 किलोमीटर राष्ट्रीय राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन ऋषिकेश उत्तराखंड राज्य में गंगा नदी में किया गया।भारतीय कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन के माध्यम से आयोजित इस राष्ट्रीय राफ्टिंग प्रतियोगिता में पूरे देश के 19 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य पदक जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# 33.74 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला परिषद मंडी के माध्यम से चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के लिए 33 करोड़ 74 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है, जिससे लाइन डिपार्टमेंट के माध्यम से कार्यान्वित किए जा रहे विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

यह जानकारी जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने जिला परिषद सभागार भ्यूली में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जनहित के विभिन्न विकास कार्यों को आपसी समन्वय से तय सीमा के भीतर पूर्ण करने को कहा। बैठक में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, परिवहन जैसे विविध नए व पुराने मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने लंबित मुद्दों पर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई एवं समाधान करने के निर्देश दिए।



जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक में उपस्थित पार्षद।

बैठक में जिला परिषद सचिव एवं जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। वहीं, जिला परिषद के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर जनहित कार्यों में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल सहित समस्त जिला परिषद सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## राजीव गांधी महाविद्यालय और श्री साई यूनिवर्सिटी के बीच समझौता

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



राजीव गांधी स्मारक महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर और श्री साई यूनिवर्सिटी, पालमपुर के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस 'मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग' (एमओयू) के तहत दोनों संस्थान शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देंगे। इस समझौते के अनुसार, दोनों संस्थानों के विद्यार्थी इंटर्नशिप और फील्ड शिक्षा का लाभ उठाएंगे। साथ ही, शिक्षकों के आदान-प्रदान और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से अध्यापन और विस्तारित गतिविधियों को गति दी जाएगी।

इस पहल से न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि छात्रों और शिक्षकों को व्यावसायिक अनुभव और अनुसंधान के व्यापक अवसर भी मिलेंगे। (अनंत ज्ञान)

## स्वर्ग प्रवास पर गए देव श्रीबड़ा छमाहूं, नव संवत को होंगे प्रकट

**शीला कौल, बंजार**



सृष्टि के निर्माता एवं पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं स्वर्ग प्रवास पर चले गए हैं। वे तीन माह तक स्वर्ग में रहेंगे और इंद्र देव की सभा में प्रमुख देवी-देवताओं के साथ सृष्टि की भलाई के लिए मंथन करेंगे। देव श्रीबड़ा छमाहूं सृष्टि उत्पन्न के प्रथम दिन नव संवत को धरती लोक पर लौटेंगे और लोगों को दर्शन देंगे।

इस दौरान देवता का रथ कोटला कोठी में विराजमान रहेगा और हर दिन पूजा आराधना होती रहेगी। अन्य देवी-देवता जहां एक महीने पहले स्वर्ग प्रवास पर जाते हैं वहीं देव श्रीबड़ा छमाहूं दियाली के दूसरे दिन स्वर्ग प्रवास पर जाते हैं और नव संवत को धरती पर लौटते हैं। सनद रहे कि देव श्रीबड़ा छमाहूं नए रथ में सवार हुए हैं और देवता की परिक्रमा भी अभी शेष बची हुई है। बताया जा रहा है कि देवता नव वर्ष में यह परिक्रमा पूरी करेंगे।(अनंत ज्ञान)

## गणतंत्र दिवस को लेकर निरमंड में बैठक 4 को

**अनंत ज्ञान, आनी।** 26 जनवरी को निरमंड में मनाए जाने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक 4 जनवरी को होगी। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि 4 जनवरी को बैठक निरमंड के पंचायत समिति सभागार में होगी।

बैठक में सभी विभागों के विभागधिकारी, डिग्री कॉलेज निरमंड के प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरमण्ड के प्रधानाचार्य, नगर पंचायत निरमंड के पदाधिकारी, ट्रक यूनियन निरमंड के पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

## कुल्लू के मालरोड में कल से मचेगा धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



पदाधिकारी मनमोहन सिंह की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए।

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित मालरोड में एक बार फिर से कुल्लू कार्निवाल का धमाल मचेगा। सनद रहे कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित था जिसके चलते कुल्लू में आयोजित हो रहे कुल्लू कार्निवाल को भी कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब एक बार फिर से नगर परिषद कुल्लू की ओर से 2 जनवरी से कुल्लू कार्निवाल मनाने का निर्णय लिया गया है।

लिहाजा, अब ढालपुर में 2 जनवरी से लेकर छह जनवरी तक फिर से कुल्लू कार्निवाल का




आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा मालरोड में लगी दुकानें 10 जनवरी तक सजी रहेंगी। मंगलवार को नगर परिषद कुल्लू की बैठक में यह फैसला लिया गया। जिला कुल्लू के मुख्यालय अखाड़ा बाजार में नगर परिषद कुल्लू की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने की।

गोपाल कृष्ण महंत सहित अन्य पार्षदों ने स्व. मनमोहन सिंह के निधन पर भी 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कुल्लू के मालरोड में कार्निवाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## नए साल का जश्न

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली में नववर्ष की धूम मची हुई है। कहीं डीजे तो कहीं कुल्लवी नाटी में पर्यटकों के कदम थिरक रहे हैं। 50 हजार से अधिक पर्यटक नया साल मनाने मनाली पहुंचे हैं वहीं, मणिकर्ण व तीर्थन घाटी में भी 20 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे हैं। मनाली में नग्गर, पतलीकूहल, कटराई, 15 मील, बराण, क्लाथ, आलू ग्राउंड, रांगड़ी सिमसा, कन्याल गधेरणी, डूंगरी, जगतसुख, प्रीणी, शनाग, बुरुआ, सोलंगनाला, पलचान, कोठी, बाहंग व वशिष्ठ में 50000 से अधिक पर्यटक ठहरे हैं। (अनंत ज्ञान)

### डीजे पर थिरके पर्यटकों के कदम

**हिमाचल** पर्यटन निगम ने अपने क्लब हाउस में पर्यटकों के लिए खास इंतजाम किया था। क्लब हाउस में पर्यटकों के मनोरंजन को देखते हुए न्यू ईयर क्वीन, बैलून व लेमन डांस जैसी आकर्षक प्रतियोगिता आयोजित की। निजी स्तरीय होटलों में भी देर रात तक पर्यटकों के कदम डीजे में थिरकते रहे। कुछ एक होटलों में आयोजित कुल्लवी नाटी भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही।



**बर्फ का दीदार**

**खिली** धूप में पर्यटकों ने सोलंग नाला में बर्फ के बीच खूब अठखेलियां की। पर्यटकों ने सोलंगनाला मैदान में स्कीइंग व पैराग्लाइडिंग पर्यटकों की पहली पसंद रही जबकि पर्यटकों ने घुड़सवारी, स्नो स्कूटर, स्नो स्लेज, माउंटेन बाइक का भी आनंद लिया।

> पर्यटन निगम के सभी होटल 95 से 100 प्रतिशत तक पैक है। पर्यटक नव वर्ष का जश्न मना रहे हैं। पर्यटकों के नव वर्ष की संध्या को यादगार बनाने के लिए क्लब हाउस में विशेष व्यवस्था की गई है।
>
> **-बीएस ऑक्टा डीजीएम पर्यटन निगम मनाली**


## बर्फबारी के बाद एनएच 305 के अलावा 9 ग्रामीण रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित

**अनंत ज्ञान, आनी**

बफबारी के बाद सैंज-आनी-ओट एनएच 305 अभी भी वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित है। माशनु नाला से जलोड़ी दर्रे और जलोड़ी दर्रे से सोझा तक सड़क पर बर्फ जमा होने के चलते सड़क और फिसलन बनी हुई है। जिसके कारण खनाग से जलोड़ी और सोझा से जलोड़ी की ओर केवल फोरबाई फोर वाहन ही चल पा रहे हैं, जो सवारियों को इधर उधर ला ले जा रहे हैं। वहीं बर्फबारी के बाद आनी उपमंडल के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बस सेवाएं अभी ठप्प है। एचआरटीसी के आनी बस अड्डे के सहायक प्रभारी संदीप ने बताया कि आनी के ग्रामीण क्षेत्रो की ओर जाने वाले 9 रूट अभी भी प्रभावित हैं।

उन्होंने बताया क्षेत्र में से जलोड़ी होकर जाने वाली बस खनाग तक, आनी रोहाचड़ा रूट पर खनाग तक, आनी टकरासी रूट पर कोठी तक, आनी-डुघा शगान रूट पर धार तक, आनी बांशा रूट पर उत्थखनेर तक, आनी से करशाला रूट पर कुठेढ तक, आनी टिप्पर रूट पर अपर पटारना तक, आनी बालू-बलेहड़ रूट पर जाने वाली बस सेवाएं ब्यासा मोड़ तक जा पा रही हैं।















आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
एस के ठाकुर
संवाददाता, बड़सर
मो. 9816854002
7018379002
संदीप ठाकुर
ए एस एम मार्केटिंग हमीरपुर
मो. 8262961358, 7018780667
sandeepthakurds@gmail.com
HAPPY New Year 2025


प्रदेशवासियों को
नववर्ष एवम् लोहड़ी
की हार्दिक शुभकामनायें
राजीव राणा प्रदेश चेयरमैन
(असंगठित कामगार एवम् कर्मचारी कांग्रेस विभाग) केकेसी हि०प्र०


नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.
प्रतिभा सिंह
अध्यक्ष, हि.प्र. कांग्रेस कमेटी
मुकेश अग्निहोत्री
उपमुख्यमंत्री हि.प्र.
अल्का लाम्बा
अध्यक्ष, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस
रघुबीर सिंह बाली
चेयरमैन, हि.प्र. पर्यटन विकास निगम
चेयरमैन हि.प्र. पर्यटन विकास बोर्ड
कैबिनेट मंत्री
सौजन्य
अजय सिंह भन्दरालिया
पूर्व प्रवक्ता (मीडिया पैनेलिस्ट) हि.प्र. कांग्रेस कमेटी
संयोजक हमीरपुर विकास मंच


HAPPY 2025 NEW YEAR!
नववर्ष 2025
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामचंद्र पठानिया
अध्यक्ष कांगड़ा कॉ-आपरेटिव प्राईमरी एग्रीकल्चर एवं रूरल डिव्लपमेंट बैंक लिमिटेड



HAPPY New Year 2025
KEHLOOR
Stone Crusher
Vill. Malagan, Teh. Jhandutta
Distt. Bilaspur (H.P.)


नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एसजेवीएन SJVN
Empowering the Nation through Power Generation
ITUWTSA NEW DELHI 2024
Our Shared Vision
50000 MW by 2040
25000 MW by 2030
Pioneering sustainable energy, with clean and reliable energy for homes, industries and economies
Join us in creating a sustainable and inclusive future. Together, let's embrace nature's power, drive innovation, and build a brighter, greener tomorrow.
Regd.Office: Shakti Sadan, Corporate Office Complex, Shanan,Shimla-171006, Himachal Pradesh (India)
Liaison Office: Office Block, Tower-1,6th Floor, NBCC Complex, East Kidwai Nagar, New Delhi-110023
एसजेवीएन लिमिटेड
SJVN LIMITED
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of Himachal Pradesh)
'A NAVRATNA CPSE'
www.sjvn.nic.in
DHAULASIDH HYDRO ELECTRIC PROJECT HAMIRPUR


2025 HAPPY NEW YEAR
ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.
श्री राजेश धर्माणी
माननीय नगर नियोजन आवास तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री
ग्राम पंचायत बणी
की ओर से नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश वनयाल
कांग्रेस नेता
शैलजा वनयाल
प्रधान ग्राम पंचायत बणी


नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
LAXMI MEMORIAL PUBLIC SCHOOL, BHOTI
NURSERY TO 10+2 CLASS
" Limited Seats"
K.S. CHAUHAN
MANAGING DIRECTOR
" to import quality education that will groom students to responsible global citizen, while retaining their Indian ethos"
Admission Open
2025-26
"One Prime Aim is to Provide Value Based Education to Your Kids"
"Thirteenth Golden Successful Years of ITS Service"
Tele Phone : 01972-265980, Mob.: 94180-96481, 98170-07856
Website: www.lmpsbhoti.co.in, E-mail : chauhan.ks94@gmail.com


प्रदेश वासियों को नव वर्ष 2025 एवं लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.
20 25
सुभाष ढटवलिया
कांग्रेस नेता बड़सर विधानसभा
HAPPY New Year 2025


HAPPY NEW YEAR 2025
बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं
हरफनमौला विधायक इंद्रदत्त लखनपाल
की ओर से हिमाचल प्रदेश एवं बड़सर की भोली भाली जनता को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
नया साल सबके लिए मंगलमय हो
HAPPY New Year 2025
इंद्र दत्त लखनपाल
विधायक
विधानसभा क्षेत्र बड़सर
भारतवर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है

# पुलिस ने ओवरस्पीड के 50 से अधिक वाहनों के काटे चालान

अनंत ज्ञान, सोलन



नए वर्ष को लेकर प्रदेश में पर्यटकों का आना-जाना बढ़ गया है। नेशनल हाईवे पर पर्यटक वाहनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पर्यटकों की हुड़दंगबाजी और सड़क हादसे रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस ओवर स्पीड के 50 से अधिक चालान काट चुकी है। जगह-जगह पर ओवरस्पीड जांच के लिए स्पीडो मीटर से नजर रखी जा रही है।

प्रति घंटा 70 से अधिक स्पीड वाले वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस ने शहर के बाईपास में स्पीडोमीटर लगाकर करीब 60 वाहन चालकों के चालान किए। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने पर 15, आइडल पार्किंग के 48, बिना हेलमेट के 43, बिना लाइसेंस के 5, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 4, बिना सीट बेल्ट के 16 व ओवरलोडिंग के 3 चालान किए गए। इसके अलावा अलग-अलग नियमों की उल्लंघना करने वाले 32 चालकों के चालान किए गए। पुलिस का मानना है कि तेज गति से वाहन चलाना सड़क हादसों का एक बड़ा कारण है। 31 तक सोलन के तहत नेशनल हाईवे-5 को 5 सेक्टर में बांट कर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दी गई है। क्रिसमस के दौरान भी हाईवे से 50 हजार से ज्यादा पर्यटक आए थे और अब इनकी संख्या और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। इसे देखते हुए यहां पर गश्त भी बढ़ा दी गई है। डीएसपी सोलन अनिल धौलटा ने कहा कि नेशनल हाईवे पर ज्यादा तेज गति से वाहन चलाने के कारण अक्सर सड़क हादसे होते हैं। ऐसे में पर्यटक वाहनों की स्पीड को देखने के लिए जगह-जगह पर पुलिस नाके लगा रही है, जिस वाहन की स्पीड 70 से ज्यादा पाई जा रही है, उसका चालान किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी इस प्रकार का अभियान जारी रहेगा।

# हिमालय एक्सप्रेस व हॉलीडे स्पेशल ट्रेन बनी पर्यटकों की पसंद

## कालका-शिमला रेलमार्ग पर एक सप्ताह में 20 हजार यात्रियों ने ट्रेन से किया सफर, 108 साल पुराना है ट्रैक

आर मोहन चौहान, सोलन

न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर प्रदेश में इस बार बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल पहुंच रहे हैं। दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में बारिश और बर्फबारी से हिमाचल में पर्यटकों का आकर्षण बढ़ा है।

प्रदेश के प्रवेश द्वार परवाणू होते हुए सोलन से राजधानी शिमला बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटक इस बार बड़ी संख्या में विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल मार्ग से प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं पर्यटक सोलन के बड़ोग रेलवे स्टेशन में भी रुकना पसंद कर रहे हैं। पर्यटकों को हॉलीडे स्पेशल, हिमालयन क्वीन और शिवालिक एक्सप्रेस से सफर काफी पसंद आ रहा है। यही कारण है कि क्रिसमस और न्यू ईयर तक कालका-शिमला रेलमार्ग से करीब 20 हजार पर्यटकों ने सफर किया। (अनंत ज्ञान)





### विदेशी मेहमानों की पहली पसंद

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इन दिनों विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दिल्ली से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला जा रहे हैं। कालका से शिमला तक ट्रेनें खचाखच भरी हुई हैं। हालांकि शिमला से कालका जाने वाले यात्रियों की संख्या कम है। नए साल का जश्न मनाने के लिए हजारों पर्यटक शिमला पहुंचते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए हर वर्ष हॉलीडे स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष अधिक संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक 108 साल पुराना ट्रैक है। इसे विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है।

### पर्यटकों की मांग पर समय में हुआ आंशिक परिवर्तन

पर्यटकों की मांग पर रेलवे ने कालका-शिमला रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों के समय-सारिणी में आंशिक बदलाव किया है। कालका से सुबह चलने वाली शिवालिक एक्सप्रेस सुबह 5 बजकर 45 मिनट पर चलेगी। इसी तरह कालका-शिमला एक्सप्रेस सुबह 6 बजकर 20 मिनट और दूसरी एक्सप्रेस 7 बजे निकलेगी। हॉलिडे स्पेशल सुबह 8 बजकर 5 मिनट और हिमालयन क्वीन सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर शिमला रवाना होगी। हिमाचल सहित राजधानी शिमला में हर साल क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में देशी और विदेशी सैलानी आते हैं। कालका और शिमला के बीच इन दिनों हॉलीडे स्पेशल ट्रेन सहित 7 गाड़ियां चल रही हैं। इनमें हिमालयन क्वीन, शिवालिक डीलक्स, कालका शिमला एक्सप्रेस, हिम दर्शन, कालका शिमला अप मिक्स-डाउन मिक्स, कालका-शिमला मेन ट्रेन हैं। सैलानियों के लिए अब हॉलीडे स्पेशल चलाई गई हैं।

### पर्यटकों की मांग पर चलाई दो स्पेशल ट्रेनें

हिमाचल में आ रहे देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद कालका-शिमला रेल ट्रैक पर चलने वाली हिमालयन एक्सप्रेस और हॉलीडे स्पेशल ट्रेन का आराम दायक सफर है। रेलवे ने इस बार पर्यटकों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे अंबाला डिविजन इस ट्रैक पर 20 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2025 दो स्पेशल हॉलीडे ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर ट्रेन नंबर. 52443 कालका से शिमला को सुबह 8 बजकर पांच मिनट पर प्रस्थान करेगी, जो 1 बजकर 35 मिनट पर शिमला पहुंचेगी, जबकि ट्रेन नंबर-52444 शिमला से कालका के लिए शाम 4 बजकर 50 मिनट निकल कर रात पौने 10 बजे कालका पहुंचेगी। इन दिनों कालका-शिमला रेल ट्रैक पर अप एंड डाउन की ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी फुल चल रही है। इस बार शिमला सहित अन्य हिल स्टेशनों में बर्फबारी हुई है। यही कारण है कि पर्यटकों का रुझान शिमला और मनाली की तरफ बढ़ा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शराब पीकर हंगामा करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट थाने में शराब पीकर हंगामा करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित स्वर्ण सिंह पुत्र स्व. नरपत राम निवासी कोठला (हनुमान बड़ोग) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विकास पुत्र राजू राम और नरेश कुमार पुत्र स्वतंत्र कुमार ने शराब पीकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की उन्होंने उसकी जेब से 10,000 रुपए भी छीन लिए, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एएसपीओ दाड़ला संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महाकाल 11 सोलधा ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बगल्याणे प्रीमियर लीग सीजन-3 की ओर से दाड़लामोड़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला महाकाल-11 सोलधा और स्पार्टन-11 के बीच खेला गया, जिसमें महाकाल 11 सोलधा ने स्पार्टन 11 को हराकर जीत हासिल की। इस जीत के साथ महाकाल-11 सोलधा ने बगल्याणे प्रीमियर लीग सीजन-3 का खिताब अपने नाम किया। बगल्याणे सीजन-3 का समापन समारोह में समाजसेवी मेहर चंद ठाकुर और कमलेश ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की। मेहर चंद ठाकुर और कमलेश ठाकुर ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की प्रतिभा और उनकी मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया, बल्कि यह भी दिखाया कि खेल के माध्यम से समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा दिया जा सकता है। आयोजक अंकू ने कहा कि हमें इस प्रतियोगिता को आयोजित करने में बहुत गर्व है। हमने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बहुत मेहनत की है और हमें खुशी है कि यह प्रतियोगिता सफल रही।

### विधानसभा उपाध्यक्ष कल से सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार आगामी 2 जनवरी को रेणुकाजी में महिला कांग्रेस को अयोध्या प्रवास के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना तथा दोपहर बाद कांडो में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि 3 जनवरी को उपाध्यक्ष चाइना में एक जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर बाद पंचायत दीद बगड़ में चमियाणा गांव के लिए नवनिर्मित संपर्क मार्ग का लोकार्पण करने के उपरांत चमियाणा में जनसभा को संबोधित करेंगे। 4 को राजगढ़ में कानूनगो भवन का लोकार्पण करने के उपरांत नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की आधारशिला रखने के उपरांत राधा-कृष्ण मंदिर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत 5 को कटवाड़ी भराड़ग में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। 6 जनवरी को विधानसभा उपाध्यक्ष ददाहू में नवनिर्मित उपकोष कार्यालय भवन का लोकार्पण करने के उपरांत हिमाचल पावर कारपोरेशन लिमिटेड कार्यालय परिसर में पहले चरण के एमपीएफ कार्ड वितरित करेंगे।

### सतत वाणिज्य के बदलते स्वरूप पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में कॉमर्स सोसायटी और ईकोहोलिक्स सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान डॉ. भूषण आजाद द्वारा ग्लोबल कॉमर्स ट्रेंड्स विषय पर वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से दिया गया। डॉ. भूषण आजाद कुमारसेन महाविद्यालय में सहायक आचार्य वाणिज्य के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस व्याख्यान में विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर सतत वाणिज्य के बदलते स्वरूप पर विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर और सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने बताया कि इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक वाणिज्य के बदलते रुझानों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

### बद्दी में 8 को होगा 71 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के मैसर्ज पैनेसिया बायोटेक फार्मा लिमिटेड में 71 पदों पर भर्ती के लिए 8 जनवरी को मॉडल कैरियर सेंटर (उप रोजगार कार्यालय) बद्दी नजदीक गुरुद्वारा संडोली में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बीफार्मा, एमफार्मा, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, आईटीआई फ्रेशर, ग्रेजुएट आर्ट्स व आयु 20 से 31 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदन विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

# केंद्र की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य करें अधिकारी : सांसद

अनंत ज्ञान, सोलन



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सांसद सुरेश कश्यप।

केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए अधिकारी गंभीरता से कार्य करना सुनिश्चित करें। शिमला संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की।

सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र द्वारा जिले में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा निर्माण कार्य में प्रयोग किए जा रहे सामान की गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों को विकास योजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों का इसका लाभ समय पर मिल सके। बैठक में अवगत करवाया गया कि 1649 विद्यालयों में मिड-डे-मील योजना कार्यान्वित की जा रही है। मिड-डे-मील योजना के तहत प्री प्राइमरी के 551 स्कूल, पहली से पांचवीं तक के 757 स्कूल तथा छठीं से आठवीं तक 341 स्कूलों में 56,515 बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने गैर सरकारी सदस्यों से आग्रह किया कि समय-समय पर स्कूलों में जाकर मिड-डे-मील में बने भोजन का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें, ताकि भोजन की गुणवत्ता बनी रहे। बैठक में अवगत करवाया गया कि सोलन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 225 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 194 कार्यों पर लगभग 411 करोड़ रुपए की राशि व्यय कर कार्यों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। बैठक में अवगत करवाया गया कि सोलन में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के तहत अभी तक लगभग 198 करोड़ रुपए एकत्रित किए गए हैं।

# गिरि पावर हाउस में गरजे बिजली बोर्ड के कर्मचारी

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

गिरि नगर पांवटा साहिब-नहान यूनिट के द्वारा भोजन अवकाश के दौरान गेट मीटिंग का आयोजन वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष भगवान दास और राज्य उपाध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने एक घंटा कार्य का बहिष्कार किया।



गिरि पावर हाउस में गेट मीटिंग के दौरान विरोध-प्रदर्शन करते कर्मचारी।

अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के बिजली विभाग को वर्ष-2021 में केंद्र सरकार द्वारा एमिनेंट कंपनी को मात्र 871 करोड़ रुपए में बेच दिया गया था। चंडीगढ़ के बिजली कर्मचारियों के नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी एंपलाइज एंड इंजिनियर्स के बैनर तले किए गए लगातार संघर्ष व न्यायिक लड़ाई के चलते चंडीगढ़ प्रशासन बिजली महकमे को अभी तक कंपनी के सुपुर्द नहीं कर पाया। वहीं, राजस्थान व उत्तरप्रदेश में बिजली कंपनियों को निजी हाथों में देने के लिए पूरी तैयारियां चली हैं कुछ जगह तो निजी हाथों में देने बारे टेंडर तक लगा दिए गए हैं। चंडीगढ़ में न्यायालय से मामला कंपनी के पक्ष में होने के बाद अब वहां का बिजली कर्मी अब आर-पार की लड़ाई लड़ रहा है क्योंकि इन कर्मचारियों की सेवाएं भी निजी कंपनी के अधीन कर दी गई हैं। 25 दिसंबर 2024 को चंडीगढ़ के रामलीला मैदान में बिजली कर्मचारियों की बहुत बड़ी पंचायत हुई थी, जिसमें हरियाणा, पंजाब के अतिरिक्त हिमाचल से भी लगभग 300 कर्मचारियों व पेंशनर्स ने भाग लिया था। इस बिजली पंचायत में चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश, राजस्थान के बिजली महकमों/निगमों के निजीकरण के खिलाफ 31 को पूरे देश में एनसीओईईई के आह्वान पर एक घंटा काम के बहिष्कार का फैसला लिया गया है। पांवटा साहिब यूनिट के प्रधान निर्मल, वरिष्ठ उपाध्याय इम्तियाज हाशमी आउटसोर्स के महामंत्री राजेश कुमार, महामंत्री संजय कुमार और वरिष्ठ साथी हेमराज राणा, अनिल कुमार आदि ने इस गेट मीटिंग में भाग लिया।

## ग्राम सभा की बैठकों की तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान, नाहन** जिला पंचायत अधिकारी अभिषेक मित्तल ने सिरमौर जिले की सभी पंचायतों में वर्ष-2025 में होने वाली ग्राम सभा की बैठकों की तिथियां निर्धारित कर बैठकें आयोजित करने संबंधी आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि जिले की सभी पंचायतों में 5 जनवरी, 6 अप्रैल, 6 जुलाई व 2 अक्तूबर को सभी पंचायत प्रधानों व सचिवों द्वारा ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जाएगी।

# पजीना में तेंदुए ने बैल को बनाया शिकार

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

अर्की की पंचायत सेवड़ा चंडी के गांव पजीना में तेंदुए ने एक बैल पर हमला कर दिया, जिससे बैल की मौत हो गई। यह घटना गांव पजीना की कौशल्या देवी पत्नी सनागर दास की गो शाला में हुई। तेंदुए ने रात के समय हमला कर बैल को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। कौशल्या देवी ने बताया कि तेंदुए ने बैल के शरीर पर कई जगहों पर घाव कर दिए थे, जिससे उसका बहुत ज्यादा खून बह गया था।

### तेंदुए के हमले की स्थिति में शांति बनाए रखें

**वन** परिक्षेत्राधिकारी अर्की किशोरी भारद्वाज ने बताया कि हमने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। हम ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। भारद्वाज ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंधेरे में बाहर निकलने से बचें। उन्होंने अपील की कि वे तेंदुए के हमले की स्थिति में शांति बनाए रखें और वन विभाग को तुरंत सूचित करें।

पिछले तीन चार दिन से तेंदुआ जंगल में घूम रहा है। रात होते ही तेंदुआ खेतों में आ जाता है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। उन्होंने बताया कि तेंदुए की इस घटना से गांव में दहशत फैल गई है। लोग अपने पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वन विभाग को इस घटना की सूचना दे दी गई है और उनसे तेंदुए को पकड़ने की मांग की गई है। उधर, पंचायत सेवड़ा चंडी के प्रधान नोख राम ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा और पशुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# सराहां को नए वर्ष में मिलेगा पीडब्ल्यूडी डिवीजन का कार्यालय

अनंत ज्ञान, सराहां

सराहां में पीडब्ल्यूडी डिवीजन का कार्यालय बनाने के लिए विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है।

विभागीय जानकारी के मुताबिक नववर्ष-2025 में इसका कार्य पूरा हो जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल है। सराहां पीडब्ल्यूडी डिवीजन के भवन बनाने की मांग महीनों से चल रही थी, जो कि अब पूरी हो गई है, जिस पर अब विराम लग जाएगा। यह डिवीजन कार्यालय दो मंजिला बनाया जाएगा। पहली मंजिल में सहायक अभियंता कार्यालय, कनिष्ठ अभियंता, सुपरिंटेंडेंट, वरिष्ठ अधीक्षक, लिपिक, रिकॉर्ड रूम स्टोर रूम कार्यालय समेत आठ कमरे बनाए जाएंगे। दूसरी मंजिल में अधिशाषी अभियंता कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, ड्राइंग ब्रांच, लेखाकार, डाटा ऑपरेटर कार्यालय, सर्वेयर कार्यालय समेत आठ कमरे बनाए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता दिलीप सिंह कौंडल ने बताया कि सराहां में जो डिवीजन कार्यालय बन रहा है, उसके ऊपर 3 करोड़ 86 लाख व्यय हो रहे हैं। डिवीजन कार्यालय का कार्य चला दिया गया है।

# हरीश किए सम्मानित



अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट के पूर्व छात्र डॉ. हरीश कुमार शर्मा ने कृषि वैज्ञानिक के रूप में अपना करियर बनाया है और उनके इस उपलब्धि के लिए विद्या मंदिर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोलन जिला हिमाचल शिक्षा समिति अध्यक्ष मस्तराम शर्मा ने की। डॉ. हरीश कुमार शर्मा दाड़लाघाट पंचायत के छोटे से गांव स्यार-काटली के एक साधारण परिवार से हैं। डॉक्टर हरीश शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय में बिताए अपने विद्यार्थी जीवन के 14 वर्षों का अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने पूरे जी जान से जुट जाएं और असफलता से निराश न हों।

# पर्यटन नगरी चायल में रेन शेल्टर न होने से लोगों को हो रही परेशानी

प्रेम कुमार, कंडाघाट

पर्यटन नगरी चायल के मेन बाजार में कोई भी रेन शेल्टर नहीं है। इससे आम जनता और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि करीब चार साल पहले ठीक स्थिति का रेन शेल्टर उखाड़ दिया गया और उसके स्थान पर कोई नया रेन शेल्टर नहीं बनाया।

चायल प्रसिद्ध पर्यटन नगरी होने के साथ जिला सोलन और शिमला की करीब दस पंचायतों का व्यवसायिक केंद्र है। इलाके की आवाजाही, स्वास्थ्य बिजली और अन्य कई विभागों की सेवाएं यहां स्थित कार्यालयों के माध्यम से मिलती है। यह शिमला, जुन्गा, गिरि पुल, डुबलू, कंडाघाट, सोलन सहित कई स्थानों को आने जाने वाली दर्जनों बसों का ठहराव है। इन कारणों से चायल में क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। गर्मी, सर्दी, बरसात और बर्फबारी में सिर ढकने के लिए यहां एक भी रेन शेल्टर नहीं है। लोग आराम करने, बसों के इंतजार करते समय खराब मौसम में परेशान होते हैं। चायल के बस अड्डा पर रेन शेल्टर बना हुआ था। वह ठीक हालत में था और इस कमी को पूरा करता था। करीब चार साल पहले लोक निर्माण विभाग ने इसे उखाड़ दिया। उसके बाद यहां नया रेन शेल्टर नहीं बनाया गया। स्थानीय पंचायत के उपप्रधान पंकज ठाकुर, पूर्व प्रधान महेश कनौजिया, पूर्व बीडीसी सदस्य अजय कुमार सहित दर्जनों लोगों ने मांग की है कि रेन शेल्टर का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। प्रदेश की सरकार राजनीतिक तौर से यहां सुविधाएं देने के दावे तो करती है पर जमीनी सच्चाई यह है कि रेन शेल्टर की सामान्य जैसी सुविधा के लिए भी चायल तरस रहा है। ऐसे में सरकारों के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# एचपीटीडीसी के एमडी ने यमुना होटल की सुविधाओं व कार्यप्रणाली को परखा



अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने निगम होटल यमुना का निरीक्षण किया। एमडी ने होटल की सुविधाओं और कार्यप्रणाली को परखा।

उन्होंने होटल में रात्रि ठहराव भी किया। राजीव कुमार ने कहा कि पांवटा साहिब क्षेत्र में पर्यटकों की आमद को देखते हुए यहां होटल में पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जाए और जो भी कमी है उसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने होटल का निरीक्षण किया तथा उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि को देखते हुए पांवटा साहिब में निगम के यमुना होटल में सुधार की आवश्यकता है। इस होटल को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए वह जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे। इस दौरान उन्होंने होटल के सभी कमरों, रसोईघर, स्टोर शौचालय व कर्मचारियों के कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस उपरांत उन्होंने खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर उपमहाप्रबंधक अनिल कपूर व होटल के प्रभारी सुंदेर सिंह तोमर तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत पात्र बच्चों को जारी किए जाएंगे प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने की।



जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा ने बैठक के दौरान मंच संचालन करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत बच्चों को त्वरित लाभ प्रदान करने के लिए योजना में संशोधन किया गया है। इसका विकेंद्रीकरण कर अधिकार शक्तियां जिला स्तर पर गठित समिति को प्रदान की गई हैं, ताकि बच्चों अथवा व्यक्तियों को जल्द लाभ प्रदान किए जा सके। इस योजना के अंतर्गत अब परित्यक्त और आत्मसमर्पण करने वाले बच्चों को भी शामिल किया गया है। ऐसे बच्चे जिन्हें उनके जैविक या दत्तक माता-पिता या अभिभावकों ने त्याग दिया है उन परित्यक्त बच्चों को लिया गया है, जबकि वह बच्चे जिन्हें माता-पिता या अभिभावकों ने शारीरिक, भावनात्मक या सामाजिक कारणों से त्याग दिया है और जो उनके नियंत्रण से परे हैं समर्पित बच्चों की श्रेणी में रखा गया है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत पात्र बच्चों के प्रमाण पत्र जिला बाल कल्याण समितियों द्वारा जारी किए जाएंगे तथा अंतिम मंजूरी के बाद इन बच्चों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

## आयोजन — डीसी सिरमौर की अध्यक्षता में जिला खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न

# 4825 लाइसेंस व पंजीकरण किए, 236 फूड सैंपल जांच के लिए भेजे

अनंत ज्ञान, नाहन

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में जिला खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन डीसी के सभागार में किया गया।

उन्होंने सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा को सभी कारोबार कर्ताओं, जिनमें दुकानदार, होटल, मिड-डे-मील, डिपुओं, आंगनबाड़ी केंद्र, कैंटीन, शराब की दुकानों के



जिला खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

लाइसेंस अथवा पंजीकरण करने, नाहन शहर में बाहरी राज्यों से आने वाले दूध, ब्रेड व मिठाइयों के मासिक कानूनी सैंपल लेने के अलावा मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन के माध्यम से जिले के हर क्षेत्र से सैंपल लेने व जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने हलवाइयों से पुराना तेल उपयोग न करने की अपील की। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. अतुल कायस्थ ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत 4825 लाइसेंस व पंजीकरण किए गए, जिससे लगभग 12 लाख रुपए की फीस प्राप्त हुई है। मिलावटी सामान बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए अप्रैल से दिसंबर, 2024 तक 28, खाद्य कारोबारियों से 3 लाख 40 हजार रुपए जुर्माने के रूप में प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त इसी अवधि में 236 फूड सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है।

HAPPY 2025 NEW YEAR!

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

HAPPY New Year 2025

मोहन चौहान
ब्यूरो सोलन, अनंत ज्ञान
मो. 7018716514

HAPPY New Year 2025

नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2025
ओम आर्य
समाजसेवी एवं युवा नेता भाजपा कसौली

Wishing You A Very Happy and Prosperous New Year 2025
HAPPY NEW YEAR 2025
प्रदीप ममगई
आर्किटेक्ट व कंसलटेंट
एमडी, मोजेक आर्किटेक्ट
राजीव सदन, नजदीक बीएल स्कूल, राजगढ़ रोड सोलन।

देश और प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
HAPPY 2025 NEW YEAR!
सुरेश कश्यप
सांसद शिमला संसदीय सीट

# नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

HAPPY NEW YEAR 2025




NPSC BSAI AFS ISO International Organization for Standardization bsa

Pinegrove School is a fully-residential, co-educational, senior secondary school nestled in the most picturesque scenery of the Kasauli Hills in Distt Solan HP. The school is affiliated to the CBSE and is highly-reputed for its high standards in value education, excellent work-ethics, personality development and discipline, whilst maintaining the highest standards of academic and sporting excellence.

### Salient Achievements of 2024

-Class XII CBSE Board Exams 2024 the overall school class average was 89.4%
-Radhika was the State of HP Topper with 98.4% in Humanities 2024.
-CBSE U-19 Girls' Soccer National Tournament 2024 -Winners
-CBSE U-19 Girls' Soccer North Zone-II Tournament 2024 -Winners
-Major Jagpal Basketball Tournament for Boys' 2024 - Winners
- U-17 Girls' Invitational Basketball Tournament 2024 - Winners
-Mohinder Memorial Bilingual Turncoat Debate 2024 - Winners
-District Level Prerana Programme 2024 - Winners
-1st State Swimming Championship 2024 - Winners
.....(Bagged 69 Gold, 49 Silver, 29 Bronze)
-8th HP State Inter School Shooting 2024
.....(Bagged 2 Gold, 2 Silver, 10 Bronze)
-State Level Painting Competition 2024
.....(1st in Wildlife Week, Slogan Writing)
-YMUN 2024 - Best Delegation
-IPSC U-17 Girls' Soccer Tournament 2024 - Runners-up
-IPSC U-17 Boys' Soccer Tournament 2024 - Runners-up
-Bhupinder Memorial Soccer Tournament 2024 - Runners-up
-BCS Inter School Soccer Tournament 2024 - Runners-up
-1st District Swimming Championship 2024 - Runners-up
.....(Bagged 20 Gold, 30 Silver, 26 Bronze)
- IPSC U-17 Girls' Cricket Tournament 2024 - Runners-up
-CBSE Cluster U-14 Boys' Basketball Tournament 2024 - Runners-up
- U-17 State Basketball Championship for Girls' 2024 - Runners-up
-Wynberg Allen Business Fest 2024 - Runners-up in Auction Round & Outstanding Performance
-Lady Anusuya Singhania Memorial All India Debates 2024 -Runners-up
-17th CGS International Online Art Competition - Best School
-IPSC IT Fest 2024 -Exceptional Performance in Python Programming & Creditable Performance in PowerPoint Presentation
-Shoolini University Spring Fest 2024
.....(1st & 2nd in Just-A-Minute Competition, 1st in Canvas Painting)
-Doon School Technology Conclave - 2nd in Prompt Engineering
-IPSC Dance Fest 2024 - Birju Maharaj Award for Excellence in Kathak
-SelaQui MUN 2024 - Outstanding Delegate & Best Delegates
-Strawberry Fields High School MUN 2024 - Most Promising Delegate

Scan for An Overview

Distt. Solan, Himachal Pradesh, India
Tele: +91 98050 04115 |+91 01792 264105
Email: headmaster@pinegroveschool.com | Website: www.pinegrove.in

2025 HAPPY NEW YEAR 2025 HAPPY NEW YEAR

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजेश शर्मा
जिला प्रभारी ऊना
मो. 9816396500

राजेश ठाकुर
पत्रकार बंगाणा
मो. 9817158247

# नववर्ष 2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

2025 HAPPY NEW YEAR

HAPPY NEW YEAR 2025

डॉ एसके नंदा (वरिष्ठ सर्जन ऊना)
प्रिंस राजपूत (अध्यक्ष सनातन धर्म सभा ऊना)
डॉ. केआर आर्य (एमडी आर्य हॉस्पिटल मैहतपुर ऊना)
देवेंद्र शर्मा (रुद्रा कम्युनिकेशन जस्सल मार्केट ऊना) 9805949401
अनिल ठाकुर (व्यवसायी एवं किसान ऊना)
करण सिंह ठाकुर (अभिषेक स्टील ऊना)8894599712
अमरीक सिंह पूर्व प्रधान अरनियाला अप्पर ऊना
अरुण सिंह ठाकुर (महादेव ट्रैक्टर्स अजनौली ऊना) 9882800022

Sri Krishna Children Hospital
Since 2015

# नववर्ष 2025

समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Dr. Ashish Sharma
DCH MD Pediatrics (Gold Medalist)
Ex-Senior Resident IGMC Shimla
CHILD AND NEWBORN SPECIALIST

डॉ. आशीष शर्मा

# Sri Krishna CHILDREN HOSPITAL

Una- Nangal Road, Near D.A.V. Cent. School, Distt. Una (H.P.)
Mob. 9418013580, 9817011558, E-mail: shalyaashish@gmail.com

# अजय हेल्थकेयर

की ओर से सभी प्रदेश वासियों को
## नव वर्ष व लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं

# दवाईयां

लाइफ सेविंग दवाईयां | मधुमेह/कैंसर की दवाईयां
शल्य चिकित्सा उपकरण | सभी तरह के चिकित्सा उपकरण

2025 HAPPY NEW YEAR

यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाईयाँ मिलती हैं

Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com
7087432364, 8699005364

HAPPY NEW YEAR 2025



जैन एंड संस हमीरपुर रोड ऊना हिमाचल प्रदेश

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत की वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज फाइनल्स क्वालीफायर जीता



**न्यूयॉर्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में महिला क्वालीफायर जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। स्वर्ण पदक और 60,000 डॉलर पुरस्कार जीतने वाली कोनेरू हम्पी के शानदार प्रदर्शन के बाद वैशाली ने अपने खेल से प्रशंसकों का दिल जीता। उन्होंने महिला वर्ग में 11 में से 9.5 अंक लेकर बाजी मारी। रूस की कैटरीना लागनो उनके करीब पहुंची जिनके 8.5 अंक रहे जबकि बाकी छह क्वालीफायर के आठ अंक रहे। हम्पी टाइब्रेकर के कारण 9वें स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। ओपन वर्ग में दस खिलाड़ी पहले स्थान के लिए बराबरी पर थे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। कार्लसन ने 13 में से छह मुकाबले ड्रॉ खेले और क्वालीफायर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। रूस के इयान नेपोम्नियाची ने 9.5 अंक के साथ क्वालीफायर जीता।

### ऑकलैंड क्लासिक से हटी राडुकानू

**ऑकलैंड।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू ने कमर की चोट के कारण आकलैंड टेनिस क्लासिक से नाम वापस ले लिया है। 22 वर्ष की ब्रिटिश खिलाड़ी राडुकानू को टूर्नामेंट में छठी वरीयता दी गई थी। उन्हें अमेरिका की रॉबिन मोंटगोमेरी के खिलाफ पहला मैच खेलना था।



# आईसीसी महिला गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा 5वें स्थान पर पहुंचीं

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गईं।

शीर्ष पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजन कैप से 12 अंक पीछे हैं।

27 साल की दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे, जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल हैं। भारत ने वडोदरा में यह एकदिवसीय सीरीज 3-0 से जीतकर क्लीनस्वीप किया था।

बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा रोड्रिग्स 537 अंक के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब हैं। सीरीज में 29 और 52 रन की पारियां खेलकर वह चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष भी सात स्थान के फायदे से 41वें पायदान पर हैं। उनके 448 रेटिंग अंक हैं।



वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक की बदौलत 21 स्थान की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर हैं।

### स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर खिसकीं



सीरीज में दो अर्धशतक बनाने वाली भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (720 अंक) हालांकि एक स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (773) और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू (733) उनसे आगे हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर हैं। वडोदरा में अपने करियर की सातवां एकदिवसीय शतक जड़ने वाली हेली मैथ्यूज छह स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# म्हात्रे लिस्ट-ए में 150 रन बनाने वाले सबसे युवा बने

**एजेंसी, अहमदाबाद**



मुंबई के आयुष म्हात्रे ने मंगलवार को यहां नगालैंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में 150 से अधिक रन बनाने वाले सबसे कम उम्र का खिलाड़ी होने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने हमवतन यशस्वी जयसवाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

म्हात्रे ने 17 साल और 168 दिन की उम्र में भारतीय सलामी बल्लेबाज जायसवाल द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जायसवाल 17 साल और 291 दिन के थे, जब उन्होंने 2019 में झारखंड के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की थी।

इस सत्र की शुरुआत में घरेलू दिग्गज मुंबई के लिए पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने 11 छक्कों और 15 चौकों की मदद से केवल 117 गेंदों पर 181 रन बनाए। उनकी इस पारी से मुंबई ने 50 ओवर में सात विकेट पर 403 रन बनाए।

मुंबई के विराट उपनगर के रहने वाले म्हात्रे ने इस सत्र की शुरुआत में टीम में शामिल होने के बाद से सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया है। वह ईरानी कप विजेता मुंबई टीम का हिस्सा थे जिसने अक्तूबर में 27 साल के अंतराल के बाद शेष भारत को हराकर ट्रॉफी जीती थी। रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण पर म्हात्रे ने 71 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन मुंबई ने यह सत्र का पहला मैच बड़ौदा के खिलाफ गंवा दिया।

म्हात्रे ने इसके बाद महाराष्ट्र के खिलाफ 232 गेंदों में 22 चौकों और चार छक्कों की मदद से 176 रनों की शानदार पारी खेली जिससे मुंबई यह मैच नौ विकेट से जीता था। वह इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा के खिलाफ प्रभाव नहीं छोड़ सके थे, लेकिन सेना के खिलाफ 149 गेंद में 116 रन की पारी के साथ प्रथम श्रेणी में अपना दूसरा शतक ठोका।

उन्होंने इसके बाद अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। म्हात्रे ने जापान (54) और यूएई (नाबाद 67) के खिलाफ अर्धशतकीय पारियां खेली लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में सस्ते में आउट हो गए।

# खो-खो विश्व कप: भारतीय पुरुष टीम नेपाल के खिलाफ करेगी आगाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष टीम 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो-खो विश्व कप के शुरुआती दिन अपने अभियान का आगाज ग्रुप ए में नेपाल के खिलाफ यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में करेगी जबकि महिला टीम इसके अगले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः 20 और 19 टीमें भाग ले रही है।

खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार को बताया कि टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो

### महिला टीम द. कोरिया के खिलाफ पहला मैच खेलेगी



टीमें नॉकआउट चरण (क्वार्टर फाइनल) के लिए क्वालीफाई करेंगी। पुरुष वर्ग में भारत और नेपाल के अलावा ग्रुप-ए में पेरू, ब्राजील और भूटान की टीमें हैं। महिलाओं के वर्ग में ग्रुप-ए में भारत और दक्षिण कोरिया के साथ ईरान और मलेशिया की टीमें हैं। भारतीय पुरुष टीम इसके बाद 14 जनवरी को ब्राजील, 15 जनवरी को पेरू, 16 जनवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। महिला टीम 15 जनवरी को ईरान और 16 जनवरी को मलेशिया की चुनौती का सामना करेगी। टूर्नामेंट में दोनों वर्गों का क्वार्टर फाइनल 17 जनवरी, सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए पुरुष टीमों का ग्रुप

**ग्रुप-ए।** भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान
**ग्रुप-बी।** दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान
**ग्रुप-सी।** बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड
**ग्रुप-डी।** इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और कीनिया

### विश्व कप के लिए महिला टीमों का ग्रुप

**ग्रुप-ए।** भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया
**ग्रुप-बी।** इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कीनिया, युगांडा और नीदरलैंड
**ग्रुप-सी।** नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बांग्लादेश
**ग्रुप-डी।** दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पोलैंड, पेरू और इंडोनेशिया

### जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान ने यहां ड्रॉ रहे टेस्ट में अपना अपना सर्वोच्च टेस्ट स्कोर बनाया। मेजबान जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में 586 रन पर आउट हुई। इससे पहले उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर 9 विकेट पर 563 रन था जो उसने 2001 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। जवाब में अफगानिस्तान ने 699 रन बनाए। रहमत शाह (234) और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (246) ने तीसरे विकेट के लिए 364 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान का पिछला सर्वोच्च स्कोर चार विकेट पर 545 रन था जो उसने 2021 में जिम्बाब्वे के खिलाफ ही बनाया था।

### मुंबई होर्डिंग हादसा : मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने घाटकोपर में होर्डिंग ढहने के मामले में मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान कारोबारी अरशद खान (42) के रूप में हुई है। मामले के संबंध में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाए जाने के बाद से वह पिछले सात महीने से फरार था। घाटकोपर इलाके में 13 मई को तेज हवाओं और बारिश के बीच एक पेट्रोल पंप पर विशालकाय अवैध होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक घायल हुए थे। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि होर्डिंग लगाने वाली ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अरशद खान से जुड़े कुछ लोगों के बैंक खातों में 82 लाख रुपए हस्तांतरित किए थे।

### इंफाल में हथियार व गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि यह बरामदगी सागाइशाबी रोआ इलाके से की गई। अधिकारियों ने बताया कि यहां से पिस्तौल, बंदूकें, राइफल, कार्बाइन और हथगोले बरामद किए हैं और इस संबंध में जांच की जा रही है।

### बीड सरपंच हत्याकांड : वाल्मिक ने किया आत्मसमर्पण

**पुणे।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी एवं बीड जिले में एक सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में वांछित वाल्मिक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के पास जाने से पहले कराड ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उसने आत्मसमर्पण करने की घोषणा करते हुए दावा किया कि राजनीतिक प्रतिशोध के कारण हत्या के मामले में उसका नाम जोड़ा जा रहा है।

# सेंसेक्स 109 अंक गिरकर 78,139 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**



**साल** के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 31 दिसंबर को सेंसेक्स 109 अंक की गिरावट के साथ 78,139 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी बिना किसी बदलाव के 23,644 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.44 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.96 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.22 फीसदी की गिरावट है। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.63 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई के डाटा के अनुसार, 30 दिसंबर को विदेशी निवेशकों ने 1,893.16 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,173.86 करोड़ के शेयर खरीदे। 30 दिसंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.97 फीसदी गिरावट के साथ 42,573 पर बंद हुआ।

# रूस ने मिसाइल, ड्रोन से कीव के कई शहरों पर किए हमले



**एजेंसी, कीव**

**रूस** ने मंगलवार को यूक्रेन की राजधानी कीव व अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए कई मिसाइल और ड्रोन दागे।

यूक्रेन की वायुसेना ने तड़के तीन बजे बैलिस्टिक मिसाइल के खतरे की सूचना दी, जिसके कुछ ही मिनटों बाद कीव में कम से कम दो धमाके सुने गए। सुबह आठ बजे एक और मिसाइल अलर्ट जारी किया गया, जिसके बाद शहर में कम से कम एक विस्फोट हुआ। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि मिसाइल का मलबा राजधानी के डार्नित्स्की जिले में गिरा, लेकिन किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

पूर्वोत्तर में सूमी क्षेत्र के अधिकारियों ने शोस्तका शहर के पास हमलों की सूचना दी। सूमी के मेयर मायकोला नोहा ने कहा कि 12 आवासीय इमारतों के साथ-साथ दो शैक्षणिक परिसरों को भी नुकसान पहुंचा है।



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में संगम नोज घाट पर आरती की। शहर में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले, मंगलवार को ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण कर का अनावरण किया।

## गुजरात फर्जी बीमा दावा मामले में पांच लोगों को सजा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद की एक विशेष सीबीआई अदालत ने फर्जी बीमा दावों से संबंधित 22 साल पुराने मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के एक उपक्रम के पूर्व कर्मचारी सहित पांच लोगों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उन पर 23.5 लाख रुपए का सामूहिक जुर्माना लगाया है।

अदालत ने पांचों आरोपियों- दिनेश पटेल, संजय चित्रे, मनन पटेल, शिशुपाल राजपूत और पूर्व पुलिसकर्मी अमर सिंह बियालभाई को दोषी करार दिया और उन्हें जेल की सजा सुनाई। एक अन्य आरोपी एसए परमार के खिलाफ आरोप खत्म कर दिए गए, क्योंकि जब सुनवाई लंबित थी तो उसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी।

## भारत 200 गीगावॉट क्षमता के साथ ऊर्जा क्षेत्र में शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** बंजर भूमि सौर पैनलों से ढकने और समुद्र तट पर विशाल पवन चक्कियां लगाने के साथ ही देश ने 200 गीगावाट से अधिक स्थापित क्षमता हासिल कर ली है। 2025 में निवेश दोगुना होकर 32 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के अनुमानों के साथ भारत ने स्वच्छ ऊर्जा महाशक्तियों की सूची में अग्रणी स्थान हासिल किया है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, 2030 तक भारत की वार्षिक नवीकरणीय क्षमता वृद्धि, चीन सहित किसी भी अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। इसके मुताबिक भारत की क्षमता वृद्धि 2023 में 15 गीगावॉट से 2030 में 62 गीगावॉट तक चार गुना से अधिक हो सकती है।

## देश-विदेश

# राजौरी में आतंकवादियों के दो आकाओं की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरार होने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में बैठकर अपनी गतिविधियों को अंजाम देने वाले, आतंकवादियों के दो आकाओं की राजौरी स्थित संपत्ति को कुर्क कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुर्क की गई छह कनाल और 18 मरला जमीन थानामंडी तहसील के भट्टियां गांव के इश्तियाक अहमद और उसी गांव के जाहिद अली खान की है।

**PUBLIC NOTICE**

Various unused / unutilized Motor / Fire / MiscellaneousCover notesfrom following book ID's of the Company have been lost / missing

145730, 145731, 145732, 152031, 152035, 152036, 152037, 167714, 167716, 167717, 167721, 167722, 167725, 168534, 168542, 168544, 168545, 168546,
168547, 168549, 176689, 176690, 176692, 176693, 176694, 176696, 176699, 176700, 176702, 176703, 176704, 176705, 176706, 176709, 176712, 176713,
176714, 176718, 176720, 176721, 176722, 176723, 176725, 176727, 176729, 176732, 176733, 176734, 176735, 180997, 181014, 181015, 181016, 181018,
181019, 181022, 181023, 181024, 193416, 193417, 193418, 193419, 193421, 193423, 193424, 193425, 195399, 195400, 195405, 195406, 195407, 195408,
210330, 210331, 210332, 210333, 210334, 210335, 210336, 210337, 210338, 210340, 210341, 210342, 210343, 210344, 210346, 210347, 210348, 218027,
218028, 218031, 218032, 218033, 218034, 218035, 218038, 218039, 218040, 218041, 218042, 218045, 218046, 218047, 218048, 218049, 218050, 218053,
218055, 218056, 218057, 218059, 218061, 218062, 218064, 218065, 240770, 240771, 240774, 240775, 240777, 240778, 240779, 240780, 240781, 240782,
240783, 240787, 240788, 240789, 240790, 240791, 240794, 240795, 240796, 240797, 240798, 240800, 240801, 240802, 240804, 240805, 240806, 240808,
240809, 240811, 240812, 240813, 240815, 240816, 240817, 240818, 264039, 264041, 264043, 264044, 264045, 264050, 264051, 264055, 264056, 264057,
264058, 264062, 264066, 264067, 264069, 264070, 264072, 264074, 264075, 264077, 264078, 264079, 264081, 264082, 264084, 264085, 264087, 264090,
264091, 264092, 264094, 264096, 264097, 264098, 264099, 264100, 264101, 264103, 264104, 264105, 264107, 264108, 264109, 264110, 264111, 264113,
264114, 264115, 264116, 264118, 264119, 264122, 264123, 264124, 264125, 264126, 264127, 264128, 295437, 295438, 295440, 295441, 295442, 295446,
295447, 295450, 295451, 295452, 295453, 295454, 295456, 298605, 298606, 298607, 298608, 298609, 298610, 298611, 298612, 298613, 298614, 298617,
298618, 298619, 298620, 298621, 298622, 298624, 309471, 309472, 309473, 309475, 309476, 309477, 309479, 309480, 309482, 309483, 309485, 309486,
309487, 309488, 309489, 309490, 309492, 309493, 309494, 309495, 309496, 309499, 309500, 309501, 309502, 309503, 309504, 309506, 309508, 309509,
332978, 332980, 332982, 332983, 332984, 332985, 332987, 332989, 332993, 332994, 332995, 332996, 332998, 332999, 333000, 333001, 333002, 333003,
333004, 333007, 333009, 333010, 333011, 333012, 333014, 333024, 333026, 333027, 333028, 333029, 333030, 333031, 333032, 333034, 333035, 333036,
333037, 333038, 333040, 333041, 333042, 356615, 356616, 356617, 356618, 356619, 356620, 356623, 356624, 356626, 356628, 356629, 356630, 356631,
356632, 356634, 356635, 356636, 356637, 356638, 356639, 356640, 356643, 356644, 356647, 356649, 356650, 356651, 356652, 356654, 374426, 374427,
374429, 374430, 374433, 374436, 374438, 374439, 374440, 374443, 374444, 374445, 374449, 374452, 374453, 374454, 374458, 374459, 374460, 374461,
390246, 390247, 390248, 390250, 390251, 390252, 390253, 390256, 390257, 390258, 390259, 390261, 390262, 390263, 390264, 390266, 390267, 390268,
390272, 390273, 390275, 390276, 390277, 390278, 390280, 390282, 391941, 391942, 391943, 391944, 391945, 391947, 391969, 391970, 401023, 401026,
401027, 401029, 401030, 401032, 401034, 401036, 401037, 401039, 401041, 401042, 401044, 401045, 401046, 401047, 401049, 401050, 401052, 401053,
401061, 429183, 429184, 429187, 429191, 429192, 429194, 429196, 429198, 429199, 429207, 429211, 429218, 429221, 429229, 429232, 429233, 429234,
429238, 429240, 429242, 429250, 429253, 429254, 429255, 429256, 429257, 429259, 449921, 449924, 449925, 449927, 449928, 449931, 449933, 449935,
449936, 449938, 449939, 449940, 449943, 449946, 449947, 449948, 449952, 449954, 449959, 459968, 459975, 459980, 459981, 459984, 460017, 460018,
460020, 460021, 460028, 460044, 460045, 460050, 476861, 476863, 476864, 476871, 476873, 476874, 476875, 476878, 476879, 476880, 476882, 476886,
476888, 476890, 476891, 476894, 476895, 476897, 476899, 482590, 482593, 482594, 482599, 482601, 482602, 482604, 482607, 482619, 482620, 482621,
482623, 482624, 483678, 494591, 494592, 494597, 494600, 494601, 494603, 494605, 494607, 494610, 506409, 506410, 506411, 506412, 506417, 506494,
506495, 506496, 506497, 506498, 506500, 506501, 506504, 506507, 506512, 506514, 506515, 506516, 506517, 513311, 513314, 513317, 513318, 513319,
513324, 513328, 513340, 513341, 513342, 513343, 513344, 513347, 513348, 513349, 513350, 513351, 513352, 513354, 513359, 528420, 528421, 528422,
528423, 529038, 529040, 529041, 529044, 529050, 529053, 529054, 529055, 529058, 529060, 529064, 529065, 529067, 529072, 529073, 544541, 544542,
544545, 544546, 544549, 544552, 544554, 544555, 544561, 544564, 544565, 544568, 544596, 544597, 544598, 544599, 544601, 544602, 544603, 544607,
544608, 544610, 544611, 544612, 544614, 558830, 558834, 558844, 558845, 558847, 558851, 558854, 558857, 558858, 558868, 558869, 558872, 558874,
558875, 558876, 558879, 570776, 570778, 570783, 570785, 570792, 570795, 570796, 570798, 570802, 570808, 570812, 570815, 570818, 570820, 570822,
570824, 570826, 570827, 588179, 588183, 588184, 588189, 588192, 588194, 588197, 588200, 588205, 588207, 588213, 588216, 588219, 588220, 588221,
588222, 588225, 588226, 588228, 588229, 588230, 604034, 604035, 604036, 604037, 604038, 604039, 604040, 604042, 604043, 604044, 604045, 604055,
604064, 604065, 604068, 604071, 604072, 604073, 604079, 604084, 604086, 604090, 604091, 604092, 623502, 623504, 623514, 623515, 623518, 623521,
623529, 623530, 623538, 623541, 623543, 633134, 633135, 633136, 633142, 633147, 633150, 633151, 633154, 633157, 633158, 633163, 633165, 633168,
633170, 633172, 649933, 649934, 649937, 649938, 649939, 649947, 649951, 649956, 649962, 649967, 649968, 649972, 649973, 649975, 649981, 649987,
649990, 649992, 649993, 650003, 650004, 650008, 650009, 650010, 650011, 659706, 659712, 659714, 659716, 668309, 668310, 668311, 669036, 669038,
669039, 669040, 669043, 669044, 669309, 669314, 669323, 669329, 669331, 669332, 669338, 669341, 669342, 676662, 676670, 676671, 676672, 676675,
676680, 683549, 683551, 683555, 683556, 683560, 683565, 683567, 683569, 683570, 683579, 683581, 683584, 683586, 683592, 683594, 683595, 686247,
686250, 686251, 686253, 686255, 686260, 686261, 697414, 697417, 697419, 697420, 697435, 704676, 704678, 704679, 704681, 704682, 704685, 704689,
704691, 704692, 704693, 704695, 717243, 717244, 717245, 717249, 717253, 717254, 717255, 717257, 717258, 717259, 717260, 717265, 717266, 717267,
717268, 717270, 717273, 717274, 717288, 717292, 717295, 717296, 717299, 717300, 717303, 717310, 717311, 734063, 734065, 734071, 734072, 734073,
734076, 734077, 734078, 734079, 734080, 734082, 734083, 734084, 734085, 734086, 734088, 734093, 734094, 734095, 734096, 734099, 734105, 734106,
734111, 734112, 734115, 734117, 734118, 734127, 734130, 734132, 734133, 734135, 734142, 734145, 734147, 734149, 734150, 734151, 759067, 759506,
759507, 759508, 759510, 759511, 759514, 759515, 759516, 759517, 759518, 759519, 759525, 759526, 759527, 759528, 759531, 759532, 759535, 759537,
759540, 759541, 759546, 759547, 759555, 759557, 759562, 762812, 771027, 771031, 771032, 771033, 771034, 771035, 771038, 771040, 771044, 771045,
771046, 771047, 771048, 771051, 771052, 771054, 771055, 771056, 771059, 771063, 771064, 771069, 771070, 771071, 771072, 771074, 771075, 771076,
771077, 771079, 771081, 771082, 771085, 785330, 785331, 785332, 785333, 785334, 785335, 785339, 785341, 785342, 785344, 785346, 785349, 785350,
785354, 785358, 785359, 785362, 785363, 785364, 785367, 785368, 785371, 785372, 785373, 796878, 796880, 796881, 796884, 796885, 796889, 796892,
796893, 796895, 796900, 796901, 796902, 796903, 796911, 796912, 796913, 796914, 796916, 796917, 796918, 796921, 796922, 796924, 796928, 796934,
806419, 806420, 806421, 806422, 806424, 806425, 806427, 806428, 817243, 817244, 817245, 817249, 817250, 817251, 817252, 817253, 817257, 817258,
817259, 817260, 817262, 817263, 817265, 817266, 817268, 817271, 817275, 817276, 817277, 817278, 817279, 817282, 817286, 818697, 818698, 818702,
822951, 822956, 822958, 832414, 832415, 832417, 832418, 832419, 832422, 832425, 832426, 832427, 832428, 832429, 832430, 832431, 832432, 832433,
832435, 832442, 832446, 832447, 832452, 832453, 832454, 832458, 832459, 832460, 844883, 844884, 844885, 844886, 844887, 844888, 844889, 844890,
844891, 844894, 844895, 844896, 844898, 844899, 844901, 844902, 844903, 844908, 844909, 844910, 844912, 844913, 844916, 844917, 844918, 849121,
849127, 849128, 849129, 849130, 849132, 849133, 849138, 849140, 849141, 849142, 849143, 849144, 849150, 849151, 849155, 849156, 849160, 849161,
858151, 858153, 858154, 858155, 858157, 858158, 858159, 858164, 858166, 858167, 858168, 858169, 858170, 858179, 858181, 858184, 858189, 858190,
858191, 858215, 858218, 858219, 870721, 870723, 870724, 870726, 870733, 870735, 870737, 870738, 870739, 870740, 870743, 870746, 870748, 870749,
870754, 870755, 870756, 870757, 870760, 870762, 870763, 870764, 870765, 870766, 876213, 876214, 876215, 876216, 876217, 876218, 876221, 876222,
876225, 876226, 876227, 876230, 876232, 876233, 876234, 876236, 876239, 876240, 876241, 876242, 876243, 876244, 876248, 876254, 876255, 876256,
876258, 876259, 901488, 901489, 901494, 901495, 901496, 901500, 901501, 901506, 901507, 901512, 901514, 901520, 901521, 901522, 901523, 901528,
901531, 901533, 901534, 901535, 901537, 901538, 901540, 901546, 901547, 901550, 901551, 901552, 901553, 901557, 901559, 901563, 901564, 901567,
901577, 901578, 901579, 901584, 901591, 901592, 901596, 901597, 901598, 901601, 901603, 901609, 901615, 901617, 901619, 901627, 901628, 914910,
931577, 931579, 931580, 931583, 931584, 931586, 931589, 931593, 931601, 931606, 931607, 931608, 931609, 931610, 931617, 931619, 931621, 931625,
931626, 931627, 931628, 931629, 931630, 931631, 931632, 931633, 931634, 944450, 944451, 944460, 944463, 944467, 944473, 944480, 944484, 944487,
944497, 944500, 944506, 944512, 944527, 944531, 944532, 944536, 944541, 944544, 969938, 971459, 971460, 971578, 972574, 972578, 972586, 972587,
972590, 972599, 972601, 972604, 972606, 972612, 972621, 972626, 972627, 972650, 972657, 972665, 972675, 972687, 972688, 972690, 972692, 972693,
972695, 972696, 972706, 972713, 972715, 972717, 1008135, 1008137, 1008139, 1008140, 1008141, 1008147, 1020375, 1025364, 1025371, 1025382,
1025400, 1025404, 1025405, 1025420, 1025431, 1025456, 1025457, 1056080, 1056090, 1056101, 1056138, 1056150, 1056152, 1056170, 1056175,
1056179, 1056186, 1056187, 1083455, 1083457, 1083459, 1083460, 1083471, 1083474, 1083475, 1083476, 1083480, 1083484, 1083493, 1083494,
1083495, 1083504, 1084391, 1107748, 1107749, 1107751, 1107753, 1107754, 1107755, 1132890, 1161319, 1194925

Police Report has been lodged vide LR No. ICMS/2024/038334 Dated 25-12-2024 The Company shall not be liable for any loss or liability arising due to the misuse of the above cover notes.Finder may return to:

**The Oriental Insurance Company Limited, SCO-52, Sector 42-C, CHD(160036) Ph.. 0712-4508060**